शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 59 | गुवाहाटी | गुरुवार, 26 सितंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सोनापुर के कचुतली में फिर से चला अतिक्रमण हटाओ अभियान पेज 3
सिडनी में व्यापार संवर्धन कार्यालय खोलेगा भारत : पीयूष गोयल पेज 4
कांग्रेस के डीएनए में है आरक्षण का विरोध : मोदी पेज 5
पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं : योगी पेज 11

Door graphy
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*जो हमारे दिल में रहता है, वो दूर होके भी पास है। लेकिन जो हमारे दिल में नहीं रहता, वो पास होके भी दूर है।*
- आचार्य चाणक्य

## असम समझौते के कार्यान्वयन के लिए आधार वर्ष बना 1951 : सीएम




**गुवाहाटी।** असम समझौते के अनुच्छेद 6 के कार्यान्वयन को बुधवार को उत्साहजनक बढ़ावा मिला, क्योंकि असम सरकार ने लंबे समय से लंबित इस मुद्दे के समाधान के लिए अखिल असम छात्र संघ (आसू) के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने घोषणा की कि हमारी सरकार और आसू ने असम समझौते के अनुसार असमिया व्यक्तियों की पहचान के लिए आधार रेखा के रूप में वर्ष 1951 को अपनाने का निर्णय लिया है, विशेष रूप से इस वर्ष या उससे पहले जन्मे लोगों के लिए। आज के दिन को अनुच्छेद 6 के संबंध में सेवानिवृत्त न्यायाधीश बिप्लब शर्मा की सिफारिशों को सार्वजनिक किए जाने के रूप में चिह्नित करते हुए, मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि असम समझौता कार्यान्वयन विभाग गुरुवार तक सिफारिशों को सार्वजनिक पहुंच के लिए अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर देगा। सिफारिशों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है - 40 विषय जो विशेष रूप से राज्य के अधिकार क्षेत्र में हैं, 12 विषय जो राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से प्रबंधित हैं, तथा 15 विषय जो पूर्णतः केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। शर्मा ने कहा कि आज आसू ने इन मतभेदों को स्वीकार किया है। यह इन सिफारिशों को लागू करने की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने की दिशा में पहला कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे आश्वासन दिया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार से अपने अधिकार क्षेत्र के तहत 15 विषयों के कार्यान्वयन में तेजी लाने -शेष पृष्ठ दो पर

## रानी में मिशनरी स्कूल के बाहर छात्रों द्वारा गोमांस परोसे जाने के बाद विरोध प्रदर्शन



**रानी।** निचले असम के कामरूप जिले के रानी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अंधेरीजुली में स्थित कार्मेल स्कूल परिसर के बाहर तनाव फैल गया, आरोप है कि मणिपुर के दो छात्रों ने टिफिन ब्रेक के दौरान हिंदू सहपाठियों को गोमांस परोसा था। इस विवाद ने तीव्र धार्मिक भावनाओं को भड़का दिया, जिसके कारण कथित तौर पर घटना के आठ दिन बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। सैकड़ों प्रदर्शनकारी स्कूल के मुख्य द्वार के बाहर एकत्र हुए, उन्होंने प्रवेश को अवरुद्ध कर दिया और चल रही अर्धवार्षिक परीक्षाओं को बाधित किया। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों से मिलकर बने प्रदर्शनकारियों ने गोमांस परोसने के आरोपी दो छात्रों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की, जो मुख्य रूप से हिंदू इलाके में -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### मुंबई और पुणे में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

**मुंबई (हि.स.)।** मुंबई और पुणे में बुधवार शाम से हो रही भारी बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मुंबई में भारी बारिश की वजह से अंधेरी सब-वे, मिलन सब-वे और मालाड सब-वे में जलभराव हो गया है। इसी तरह पूर्व उपनगर में मुलुंड और भांडुप में पानी जमा हो गया है। इससे -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली का आबोहवा खराब श्रेणी में, 235 एक्यूआई किया गया दर्ज

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राजधानी में एक बार फिर प्रदूषण की समस्या बढ़ने लगी है। बुधवार को दिल्ली का दैनिक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 दर्ज किया गया, जो कि खराब श्रेणी में आंका जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा उपलब्ध कराए गए शाम 4 बजे के एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का दैनिक औसत वायु गुणवत्ता -शेष पृष्ठ दो पर

## औरंगाबाद में डूबने से आठ बच्चों की मौत एक की तालाश जारी

**पटना (हि.स.)।** बिहार में औरंगाबाद जिले के बरुणा और मदनपुर प्रखंड में बुधवार शाम जिउतिया पर्व स्नान के दौरान नदी की उपधारा और तालाब में डूबने से आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की तालाश जारी है। पुलिस के मुताबिक बारुण प्रखंड के इटहट गांव में जिउतिया स्नान के दौरान 16 वर्ष से कम उम्र के चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में गौतम सिंह की बेटी अंकु कुमारी (11), निशा कुमारी (10), -शेष पृष्ठ दो पर

## चार दिवसीय असम दौरे पर 16वें वित्त आयोग की टीम

सत्यमेव जयते
Finance Commission

**गुवाहाटी।** 16वें वित्त आयोग की टीम 25 सितंबर को मौद्रिक मुद्दों पर चर्चा के लिए चार दिवसीय दौरे पर असम पहुंची। अपनी यात्रा के दौरान, टीम मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, अन्य मंत्रियों और शीर्ष सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करेगी। एक अधिकारी के अनुसार, आयोग के कई सदस्य और उनके परिवार दिन में गुवाहाटी पहुंचे और कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट का भी दौरा किया। आयोग 26 सितंबर को बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित करेगा, -शेष पृष्ठ दो पर

## असम ने भाजपा के सदस्यता अभियान में 10 प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान दिया : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी (हि.स.)।** गुवाहाटी के मालीगांव बोरीपारा स्थित कर्मश्री हितेश्वर सैकिया ऑडिटोरियम में आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल होते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के साथ भारतीय जनता पार्टी ने गौरव का स्थान हासिल किया है। आज मालीगांव में महा सदस्यता अभियान के मद्देनजर कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के जालुकबारी विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, पार्षदों एवं बूथ अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री ने बैठक की। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी आज के दिन को पूरे प्रदेश में *महा सदस्यता अभियान* के रूप -शेष पृष्ठ दो पर

## कोलकाता कांड में सीबीआई के चौंकाने वाले खुलासे
## थाने में बदला गया क्राइम सीन, बनाए गए झूठे रिकॉर्ड




**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार को सियालदह कोर्ट में दावा किया कि घटना से जुड़े कुछ तथ्यों को स्थानीय टाला थाने में बदला गया है। उन्हें नष्ट करने की कोशिश की गई है। इतना ही नहीं थाने में कुछ गलत तथ्य गढ़े गए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत में दावा किया कि यह जानकारी आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल से हिरासत में पूछताछ के दौरान उनके हाथ लगी। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) और हार्ड डिस्क के साथ टाला थाने के सीसीटीवी फुटेज को भी फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एक-दो दिन में जानकारी आ जाएगी। दूसरी ओर इस दिन संदीप घोष और अभिजीत मंडल को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने दोनों को 30 सितंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस दिन सीबीआई ने संदीप घोष के नार्को एनालिसिस टेस्ट व अभिजीत मंडल के पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए अर्जी दी। लेकिन केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के एक -शेष पृष्ठ दो पर

## भारतीय क्षेत्र को पाकिस्तानी बताने पर एचसी के जज पर भड़के सीजेआई



**नई दिल्ली।** कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वेदव्यासचार श्रीशानंद की गलत टिप्पणी के खिलाफ चल रही कार्यवाही आज बंद कर दी गई है। दरअसल, न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने हाल ही में मकान मालिक-किराएदार के एक केस में विवादास्पद टिप्पणी की थी। उन्होंने बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को *पाकिस्तान* कहा और एक महिला वकील को लेकर महिला विरोधी टिप्पणी की, जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई करते हुए आगाह किया कि जजों को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए जो महिलाओं के प्रति द्वेषपूर्ण और किसी भी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रहपूर्ण हों। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने मौखिक रूप से कहा कि आप भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते। यह देश की क्षेत्रीय अखंडता के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज द्वारा बेंगलुरु के एक खास इलाके को पाकिस्तान कहने पर की गई टिप्पणी पर चिंता व्यक्त की। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश -शेष पृष्ठ दो पर

## अगर अल्पसंख्यक अपने संस्थान चला सकते हैं, तो हिंदू क्यों नहीं : वीएचपी



**नई दिल्ली।** तिरुपति मंदिर में प्रसाद विवाद के बाद, अब मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण को लेकर सवाल उठने लगा है। विश्व हिंदू परिषद ने मंगलवार को देशभर में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने का संकल्प लिया और कहा कि वह इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जल्द ही एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वीएचपी के महासचिव सुरेंद्र जैन ने कहा कि अगर राज्य सरकारें मंदिरों को हिंदू समाज को नहीं सौंपती हैं, तो संगठन अदालत का दरवाजा भी खटखटाएगा। उन्होंने कहा मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के लिए पहले हर राज्य में प्रदर्शन और आंदोलन किए -शेष पृष्ठ दो पर

## पैंटोसीड समेत 50 से ज्यादा दवाएं टेस्ट में फेल, सरकार ने लगाया बैन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने 53 दवाओं को क्वालिटी टेस्ट में फेल कर दिया है। इनमें बीपी, डायबिटीज और विटामिन की कुछ दवाएं भी शामिल हैं। सीडीएससीओ ने जो दवाएं बैन की है उनमें दर्द दूर करने वाली दवा डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल और कुछ विटामिन की दवाएं भी हैं। ये दवाएं देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी बनाती है। क्वालिटी टेस्ट में ये मेडिसन फेल हो गई है और उनको सेहत के लिए खतरनाक बताया गया है। सीडीएसओ ने 53 दवाओं को टेस्ट में फेल किया है हालांकि लिस्ट 48 दवाओं की जारी की गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि 5 दवा को बनाने वाली कंपनी का कहना है कि ये उनकी दवा नहीं है। केवल उनकी कंपनी के नाम से नकली दवा बाजार में बेची जा रही है। जो दवाएं बैन की गई हैं उनमें सनफार्मा द्वारा निर्मित पैन्टोसिड टैबलेट भी है। यह दवा एसिड रिफ्लक्स के उपचार के लिए उपयोग की -शेष पृष्ठ दो पर

## बदलापुर एनकाउंटर पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने उठाए सवाल



**मुंबई (हि.स.)।** बदलापुर दुष्कर्म मामले के आरोपित अक्षय शिंदे के एनकाउंटर थ्योरी पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को कई सवाल खड़ा किये और कहा कि घटना में गड़बड़ी लग रही है, इसलिए मामले की और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले से संबंधित सभी रिपोर्ट तीन अक्तूबर तक पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्तूबर को होगी। बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपित अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करके मांग की है कि हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करके हाई कोर्ट की निगरानी में जांच की जानी -शेष पृष्ठ दो पर

## देशसेवा को निजी और राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर रखें : उपराष्ट्रपति

**सीकर (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच और दर्शन को समझना चाहिए। राष्ट्रहित और देश सेवा को निजी व राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर रखें। जो हमारे देश को नुकसान पहुंचाता है, वह हमारा हितैषी नहीं है। उपराष्ट्रपति बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां ज्ञान उद्यान का लोकार्पण और *एक पेड़ मां के नाम* अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने आपातकाल की बात करते हुए कहा कि मैं नवयुवकों से कहूंगा कि आप आपातकाल का कालाखंड कभी मत भूलिए। इसको देखते हुए ही 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। आप संविधान की गरिमा और अहमियत समझिए। आपातकाल के दौरान हमारे साथ क्या हुआ। कितना बड़ा खिलवाड़ हुआ और देश कहां से कहां पहुंच गया। कितना अंधकार में चला गया और कैसे लोग जेल में चले गए। एक व्यक्ति विशेष ने केवल अपनी इच्छापूर्ति के लिए और अपने पद को बचाने के लिए लाखों लोगों के अधिकारों को एक तरीके से कूड़ेदान में पटक दिया था। उन्होंने कहा कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाता है। सोचना पड़ेगा कि भारत जैसे प्रजातंत्र में हजारों साल की संस्कृति, विरासत का धनी भारत कैसे एक व्यक्ति के सामने नतमस्तक हो गया कि कोई भी रक्षा के लिए नहीं आया। *नेवर फियर फेलियर।* यदि चंद्रयान-2 असफल होता तो चंद्रयान 3 की आवश्यकता नहीं होती। चंद्रयान 2 बहुत हद तक सफल हुआ। उसे भी कुछ लोगों ने फेलियर बता दिया। कोई भी फेलियर आंशिक सफलता है। वह सफलता की -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश में दुर्गा पूजा को लेकर इस्कॉन ने कहा-
## धमकी भरे लेटर मिल रहे हैं...



**ढाका।** दुर्गा पूजा का त्योहार आने वाला है, इसी बीच पड़ोसी देश बांग्लादेश से जो जानकारी मिल रही है वह काफी चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि वहां पूजा को लेकर उत्सव समितियों को लगातार धमकी भरे पत्र मिल रहे हैं। इसी बीच इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधाराम दास ने कहा कि स्थिति बांग्लादेश में बहुत गंभीर है। हमें वहां से कई फोन कॉल्स मिले हैं, जिनमें लोगों ने बताया है कि मुस्लिम संगठन जमीन पर रैलियां निकाल रहे हैं और सरकार से दुर्गा पूजा के उत्सव को रोकने की मांग कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमने देखा कि 2021 में कई लोग मारे गए थे और महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था, लेकिन 2024 की स्थिति और भी गंभीर है। उन्होंने आगे -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# व्यक्ति के विकास से ही सामाजिक विकास संभव : सीएम

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** दीनदयाल हियरिंग फाउंडेशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, असम ने बुधवार को गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित असम वाटर सेंटर में एक नि:शुल्क श्रवण सहायता वितरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने भाग लिया। कामरूप (मेट्रो), कामरूप, मोरीगांव और नलबाड़ी जिलों के श्रवण बाधित आर्थिक रूप से कमजोर लगभग 200 बच्चों मुफ्त श्रवण यंत्र वितरित किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दीनदयाल श्रवण फाउंडेशन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, असम के सहयोग से यह महान मानवीय पहल की है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल हियरिंग फाउंडेशन की स्थापना महान मानवतावादी पंडित दीनदयाल उफाध्याय के नाम पर की गई थी और इस महान संत की 109वीं जयंती के अवसर पर 200 लोगों को मुफ्त श्रवण यंत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने एकात्म मानववाद की अवधारणा के साथ अंत्योदय की अवधारणा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का आह्वान करने वाले भारत माता के योग्य सपूत पंडित दीनदयाल उपाध्याय को गहरी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति के विकास से ही सामाजिक विकास संभव होता है और इसलिए अंत्योदय की अवधारणा, जिसका अर्थ है समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाना, उनके एकात्म मानववाद का मूल दर्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीनदयाल श्रवण फाउंडेशन द्वारा किए गए प्रयासों से समाज में बहरेपन के खिलाफ जागरूकता पैदा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पवित्र दिन पर 200 बधिर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की पहल के लिए वह सभी को धन्यवाद देते हैं। आज के इस कार्यक्रम में गुवाहाटी लोकसभा सांसद बिजुली कलिता मेधी, आयुक्त सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण डॉ. पी. अशोक बाबू, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, असम डॉ. लक्ष्मणन एस, महाप्रबंधक, उत्तर पूर्वी कोयला क्षेत्र, के. मेरे, संस्थापक अध्यक्ष, दीनदयाल श्रवण फाउंडेशन, रेगुला रमनजानेयुलु, सलाहकार टीवी सरबरायडु और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 2010 के बाद एचआईवी संक्रमण में 44 प्रतिशत की कमी आई : अनुप्रिया पटेल

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को कहा कि 2010 से नए वार्षिक एचआईवी संक्रमण में 44 प्रतिशत की कमी आई है, जो वैश्विक कमतर दर 39 प्रतिशत से बेहतर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुके एचआईवी एड्स को समाप्त करने के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुप्रिया पटेल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में *पुनर्जीवित बहुपक्षवाद: टीबी को एक साथ समाप्त करने की प्रतिबद्धता* विषय पर उच्च स्तरीय साइड इवेंट को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।

**No. SLRC-G-III/91/Advertisement/2023/64**

**NOTICE**

This is for infonnation of all the candidates who had appeared in the Assam Direct Recruitment Examination held on 15 September, 2024, for the posts of Class III (HSSLC Level) that an Online Portal will be made live from 2**8 September, 2024 at 11.30 A.M to 10 October 2024,** the link of which will be available in the website of Assam State School Education Board (erstwhile SEBA) i.e www.site.sebaonline.org and website of Govt. of Assam (www.assam.gov.in). This Portal will facilitate the interested candidates to raise their objection against the Answer Key of any question on payment of Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only) per question. Objection must be supplemented with proper justification and any objection without justification will be treated as null and void. If the justification for challenging a particular Answer key is found valid by the expert Committee constituted to examine the challenges, then the amount of Rs. 500/- will be refunded to the source from where the amount was paid. All the Objections shall be placed before a Committee of Academic Experts and the decision of this Committee shall be final and no further communication shall be entertained. The login credentials will be –

User name - His/Her Application ID

Password - His/Her own Password

Further this is to inform that the softcopies of ail 6 sets of Question paper are already available on the website of Assam State School Education Board (erstwhile SEBA) i.e www.site.sebaonline.org. The answer keys of these 6 sets will also be made available in the same website on **28 September, 2024 at 10.00 A.M.**

Secretary,
State Level Recruitment Commission for
Class-III Posts, Assam Administrative Staff College,
Jawahar Nagar, Khanapara, Guwahati - 22

*-- Janasanyog / D/6408/24/26-Sep-24*

# संघ एक संगठन नहीं अपितु नव उत्थान का अभियान है : होसबाले

**जैसलमेर ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जैसलमेर प्रवास के दौरान बुधवार को शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में आयोजित स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के प्रबोधन में कहा कि संघ केवल एक संगठन मात्र नहीं है, बल्कि भारत के नवउत्थान एवं सर्वप्रकार के पुनरुदय का एक महाभियान है। राष्ट्र जीवन का महत्वपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश केटी थॉमस ने पिछले दिनों संघ को परिभाषित करते हुए कहा कि संघ ही भारत में लोकतंत्र की सुरक्षा की गारंटी है। सेना और पुलिस के समक्ष संघ देश का सुरक्षा कवच है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रहे थॉमस के शब्दों से संघ की भूमिका को आसानी से समझा जा सकता है। संघ के सरकार्यवाह ने धाराप्रवाह संबोधन में आगे कहा कि 1925 में नागपुर के छोटे से स्थान से शुरु हुआ संघ कार्य देश के सभी राज्यों, जिलों में पहुंच चुका है। इसको देश के प्रत्येक मंडल व बस्ती तक पहुंचाने का लक्ष्य है। जो दूर नहीं है। शुरुआत में संघ को उपहास स्वरुप लिया जाता था लेकिन स्वयंसेवकों के त्याग और समर्पण से निर्मित यह संगठन विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन के रुप में पहचान बनाने में सफल रहा है। हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा पर उन्होंने कहा कि यह केवल एक धर्म नहीं अपितु जीवन पद्धति है। यही संगठित विचार लेकर स्वामी विवेकानंद ने धर्म का प्रचार किया। ऐसे महापुरुषों की प्रेरणा से संघ ने देश के आमजन में विश्वास जगाया कि हिन्दू एक हो सकता है। हिंदुत्व को पहले केवल साम्प्रदायिक दृष्टि से देखा जाता था जो कि संकुचित भाव है। परंतु संघ ने समझाया कि हिन्दुत्व सम्प्रदायिक भाव नहीं एक जीवन दर्शन है। सरकार्यवाह ने कहा कि मनुष्य को कैसे जीना चाहिए या प्रकृति व जीव-जंतुओं का संरक्षण कैसे हो यह हिन्दुत्व में ही निहित है। यह हमारी सनातनी व्यवस्था है। यही वजह है कि आज हिन्दू जीवन दर्शन की कई बातों को विश्वभर में मान्यता मिल रही है।

## पृष्ठ एक का शेष

### असम समझौते के...

के लिए आसू के साथ बातचीत करने का आग्रह करेगी। उन्होंने कहा कि अगले महीने तक हम राज्य सरकार के दायरे में आने वाले विषयों के क्रियान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तैयार कर लेंगे और इसे आसू के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। दूसरी बैठक 25 अक्तूबर को निर्धारित है। शर्मा ने कहा कि यदि आसू राज्य सरकार की कार्ययोजना से सहमत हो जाता है, तो हम अप्रैल 2025 तक 40 विषयों और राज्य और केंद्र सरकारों के बीच साझा किए गए 12 विषयों को लागू करेंगे। उन्होंने विस्तार से बताया कि राज्य के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 52 विषय तीन श्रेणियों में आते हैं - भूमि, संस्कृति और भाषा अधिकार। इसके अतिरिक्त, शर्मा ने स्पष्ट किया कि बराक घाटी और छठी अनुसूची के क्षेत्रों को धारा 6 के कार्यान्वयन से छूट दी जाएगी, जब तक कि वे इसमें शामिल होने का विकल्प न चुनें। आसू ने इन घटनाक्रमों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया तथा इस बात पर जोर दिया कि बिप्लब शर्मा समिति की सिफारिशों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए समय आ गया है। चालीस साल पहले, जब असम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, तब परिस्थितियां अलग थीं। आज, असमिया लोगों को अपनी पहचान की रक्षा करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें अवैध घुसपैठ और हमारी जमीनों पर अतिक्रमण के मुद्दे भी शामिल हैं। इसलिए, हमारा मानना है कि असम समझौते के अनुच्छेद 6 का क्रियान्वयन प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, आसू के मुख्य सलाहकार सम्मुज्जल भट्टाचार्य ने कहा। भट्टाचार्य ने आसू, केंद्र सरकार और राज्य सरकार की त्रिपक्षीय बैठक के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने संकेत दिया है कि वह केंद्र से अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विषयों पर हमारे साथ चर्चा करने का आग्रह करेगी और हम उत्सुकता से उस वार्ता की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### रानी में मिशनरी स्कूल ...

सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है। समुदाय की निराशा इस बात से और बढ़ गई कि स्कूल प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। 69 अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित एक औपचारिक शिकायत पलाशबाड़ी राजस्व मंडल के सर्किल अधिकारी को सौंपी गई। शिकायत में घटनाक्रम का विवरण देते हुए स्कूल के छात्रावास में रहने वाले कक्षा 8 के दो छात्रों पर 19 सितंबर को दोपहर के भोजन के दौरान अपने हिंदू साथियों को गोमांस परोसने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, प्रिंसिपल ने इस मुद्दे को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे समुदाय में असंतोष और बढ़ गया। इंडिया टुडे एनई से बात करते हुए डीएसपी कामरूप (ग्रामीण) राजीव कुमार सैकिया ने कहा कि हां, छात्रों को बीफ परोसे जाने को लेकर विवाद हमारे संज्ञान में आया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। सोमवार को दो अभिभावकों ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराने के लिए स्कूल प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने सुधारात्मक उपाय करने के बजाय स्थिति को कमतर आंकने का प्रयास किया। इस कथित निष्क्रियता के कारण अगले दिन एक बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसमें सौ से अधिक अभिभावक और निवासी स्कूल के सामने आरोपी छात्रों के खिलाफ जवाबदेही और कार्रवाई की मांग करते हुए एकत्र हुए। अशांति के जवाब में, स्थानीय अधिकारी, जिसमें एक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस टीम भी शामिल थी, तनाव को कम करने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे। आश्वासन के बावजूद, पुलिस ने अभी तक कोई औपचारिक आरोप दर्ज नहीं किया है। स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि स्थानीय समुदाय और अधिकारी दोनों ही समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं।

### औरंगाबाद में डूबने ...

गुड्डू सिंह की बेटी चुलबुली कुमारी(12), मनोरंजन सिंह की बेटी रंजू कुमारी(10) की मौत हो गई। एक की तलाश अभी की जा रही है। अंशिका का शव तालाब से बाहर नहीं निकाला गया है। ग्रामीणों ने धीरु सिंह की 16 वर्षीय पुत्री राशि कुमारी को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। बच्चों का शव तालाब से जैसे ही बाहर निकाला गया तो उनके स्वजन रोने लगे। उत्साह का माहौल गम में बदल गया। दूसरी ओर, मदनपुर थाना क्षेत्र कुशहा गांव से पूरब नदी की उपधारा में स्नान करने के दौरान डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि वीरेंद्र यादव की 13 वर्षीय पुत्री सोनाली कुमारी, युगल किशोर यादव की 12 वर्षीय पुत्री नीलम कुमारी, उपेंद्र यादव के 10 वर्षीय पुत्र अंकज कुमार एवं सरोज यादव के 12 वर्षीय पुत्री राखी कुमारी की मौत हुई है। सभी अपनी मां के साथ स्नान करने गए थे कि डूबने से मौत हो गई। इनमें दो सगी बहनें भी शामिल थीं। जिसने पूरे गांव को शोक में डाल दिया है। जिले के डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि बच्चों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। एसडीओ की उपस्थिति में सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम हो रहा है। पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के स्वजनों को आपदा राहत से मुआवजा राशि दी जाएगी।

### चार दिवसीय असम ...

जिसकी शुरुआत सचिवालय परिसर में मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ होगी। यह समिति विभिन्न राजनीतिक दलों, ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों, विभिन्न परिषदों और उद्योगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। यह समिति गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस को भी संबोधित करेगी। असम में अपने प्रवास के तीसरे दिन वित्त आयोग काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, जगीरोड स्थित टाटा की सेमीकंडक्टर इकाई स्थल तथा अन्य स्थानों का दौरा करेगा। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य मानसून अवकाश के बाद 1 अक्तूबर को पर्यटकों के लिए पुन: खुल जाएगा। अधिकारी ने बताया कि काजीरंगा से टीम शिलांग के लिए रवाना होगी। वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा मुख्य रूप से केन्द्र और राज्यों के बीच तथा राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण पर अपनी सिफारिशें देने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने बताया कि अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व वाला 16वां वित्त आयोग 31 अक्तूबर 2025 तक अपनी सिफारिशें उपलब्ध कराएगा।

### असम ने भाजपा के ...

में मना रही है, क्योंकि आज के दिन को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आज जालुकबारी विधान सभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष, पार्षदों एवं बूथ अध्यक्षों के साथ इस *महा सदस्यता अभियान* को सफल बनाने हेतु चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने बताया है कि गत 2 सितंबर से औपचारिक रूप से आरंभ हुए इस सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश भर में बीते कल तक लगभग 44 लाख लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है और आज इस महा सदस्यता अभियान के अंत तक सदस्यों की संख्या 50 लाख को पार कर जाएगी। उन्होंने कहा है कि असम को गर्व है कि हमारे राज्य ने 2024 के सदस्यता अभियान में 10 प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा है कि असम में भाजपा सदस्यता 2024 अभियान 40 लाख के माइलस्टोन को पार कर गया, मैंने अपने साथी कार्यकर्ताओं को उनकी असाधारण कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों और अपनी पार्टी की विचारधारा को घर-घर ले जाने का सपना पूरा करने तक हम आराम नहीं करेंगे।

### थाने में बदला गया...

विशेषज्ञ विदेश गए हैं। इसलिए इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। आरजी कर अस्पताल की आंतरिक जांच कमेटी ने बुधवार को धमकी देने के मामले में 12 डॉक्टरों से पूछताछ की। इनमें संदीप घोष के करीबी सौरभ पाल व आशीष पांडे शामिल थे। जब इन लोगों से पूछताछ हो रही थी तभी जूनियर डॉक्टर बाहर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने चोर-चोर के नारे लगाए। उन्होंने अस्पताल में धमकी देकर भय का माहौल पैदा करने के आरोपित डॉक्टरों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की है। अस्पताल के 51 लोगों पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा जूनियर डॉक्टर पीड़िता के न्याय की मांग फिर आंदोलन की तैयारी में हैं। इसके लिए उन्होंने बैठक में तीन सूत्री कार्य योजना तैयार की है। दूसरी तरफ सीबीआई ने इस दिन दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सकों से पूछताछ की है। ये दोनों आरजी कर अस्पताल की वारदात के बाद से गायब थीं। पता चला है कि इनमें से एक का पीड़िता से झगड़ा भी हुआ था। सीबीआई ने दोनों जूनियर डॉक्टरों का बयान रिकॉर्ड किया है। वहीं सीबीआई ने पीड़िता के शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर डा. अपूर्ब बिश्वास से लगातार तीसरे दिन पूछताछ की। दरिंदगी की शिकार जूनियर डॉक्टर के माता-पिता ने सीबीआई को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री के शव के पोस्टमार्टम के दौरान उन्हें तथा उसके दो सहपाठियों को मौजूद नहीं रहने दिया गया था। इतना ही नहीं पोस्टमार्टम के दौरान कुछ बाहरी लोगों को कमरे में प्रवेश करते देखा गया। वे कौन थे उन्हें नहीं मालूम। पीड़िता के माता-पिता का आरोप है कि पोस्टमार्टम सही तरीके से नहीं हुआ है। उन्होंने सुना कि मजिस्ट्रेट भी दूसरी जगह पर हैं। पीड़िता के माता-पिता ने पत्र में बताया है कि पोस्टमार्टम के दौरान जब उनकी पुत्री के एक सहपाठी ने शव कुछ हिस्सों की तस्वीरें ले लीं तो वहां मौजूद बाहर के लोग भड़क गए और उन्हें बाहर कर दिया।

### भारतीय क्षेत्र को ...

डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी.आर. गवई, सूर्यकांत और ऋषिकेश रॉय की 5 न्यायाधीशों की पीठ कर रही थी। कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति वी. श्रीशनंदन द्वारा सुनवाई के दौरान की गई विवादास्पद टिप्पणियों की वायरल क्लिपिंग से संबंधित मामले के तूल पकड़ने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वत: संज्ञान लिया था। एक वीडियो में जज ने बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र को पाकिस्तानी कहा था। वहीं, दूसरे वीडियो में उन्होंने वैवाहिक विवाद में एक महिला वकील पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति श्रीशानानंद को महिला वकील से यह कहते हुए सुना गया कि वह दूसरे पक्ष के बारे में बहुत कुछ जानती है, इतना कि वह उनके अंडरगारमेंट्स का रंग भी बता सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आज वायरल वीडियो क्लिप पर हस्तक्षेप के बाद न्यायाधीश द्वारा खुली अदालत में मांगी गई माफी को स्वीकार करते हुए मामले को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया। साथ ही न्यायाधीशों द्वारा संयम बरतने की आवश्यकता पर कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी कीं।

### अगर अल्पसंख्यक अपने ...

जाएंगे और संबंधित मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों को अपना ज्ञापन सौंपेगें। जैन ने कहा कि राज्य सरकारों द्वारा मंदिरों को अपने नियंत्रण में रखना संविधान का उल्लंघन है और अदालतें बार-बार कह रही हैं कि मंदिरों को चलाना सरकारों का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश का तिरुपति मंदिर ही एकमात्र ऐसा मंदिर नहीं है, जहां से प्रसाद बनाने में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल की खबरें आई है। इससे पहले, केरल के सबरीमाला मंदिर से भी शिकायत आई थी। उन्होंने कहा कि देश भर में राज्य सरकारों के नियंत्रण वाले मंदिरों की संपत्तियों के वित्तीय अनियमितताओं की खबरें आती रहती है। जैन ने तमिलनाडु और राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि आप लोग देख सकते है कि कैसे इन राज्यों में मंदिरों के संपत्तियों का बंदरबाट किया है। तमिलनाडु सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले 10 साल में 50,000 करोड़ का अनियमितता बरती है। जबकि राजस्थान के पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार पर मंदिर की जमीन को ईदगाह को देने का आरोप लगाया। जैन ने कहा, जब अल्पसंख्यक अपने संस्थान चला सकते हैं तो हिंदू क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 हमें अपने संस्थान चलाने की अनुमति देते हैं। तिरुपति लड्डू विवाद पर विहिप ने मांग की कि मामले की न्यायिक जांच की जाए और प्रसादम के अपमान में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

### पैंटोसीड समेत 50...

जाती है। कई लोग इस दवाओं को यूज करते हैं और इसकी खपत भी बीते कुछ सालों में बढ़ी है,लेकिन यह दवा भी परीक्षण में पास नहीं हुई है। कैल्शियम और विटामिन डी की गोली-शेल्कल और पल्मोसिल इंजेक्शन, जो हाई बीपी के उपचार के लिए उपयोग की जाती है, यह भी टेस्ट में फेल रही है। एल्केम हेल्थ साइंस की एंटीबायोटिक्स क्लैवम 625 दवा परीक्षण में फेल रही। हालांकि कुछ दवा कंपनियों ने भी दावा किया है कि सीडीएसओ की ओर से दवाओं के चिह्नित बैच नकली हैं और उनके द्वारा निर्मित नहीं हैं। केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक ग्लूकोएमाइलेज, पेक्टिनेज, एमाइलेज, प्रोटीएज,अल्फा गैलेक्टोसिडेज, सेल्युलेस, लाइपेज, ब्रोमेलैन, जाइलेनस, हेमिकेल्यूलेस, लैक्टेज, बीटा-ग्लूकोनेज, माल्ट डायस्टेज, इनवर्टेज और पापेन के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की आशंका है। जो दवाएं बैन की गई हैं उनमें हेयर ट्रीटमेंट के लिए एंटीपैरासिटिक दवाएं भी शामिल हैं। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि इन दवाओं के स्थान पर दूसरी दवाओं को यूज करें। कुछ दिनों पहले भी सरकार ने 156 फिक्स डोज दवाओं को बैन किया था। उन दवाओं को भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया था। तब सरकार ने ड्रग्स एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिशों के बाद यह फैसला लिया था। फिक्स डोज दवाएं यानी एफडीसी वो दवा होती है जिसमें एक ही गोली में एक से ज्यादा दवा मिलाई जाती है उनको इनको खाने से तुरंत आराम भी मिल जाता है।

### बदलापुर एनकाउंटर पर ...

चाहिए। बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस रेवती मोहिते ढ़ेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अमित कतरनवारे ने कहा कि अक्षय शिंदे की *फर्जी मुठभेड़* में हत्या की गई है। इन दलीलों के बाद जस्टिस चव्हाण ने कहा कि एक आम आदमी पिस्तौल नहीं चला सकता। एक कमजोर आदमी पिस्तौल लोड नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने कहा कि आरोपित पर गोलीबारी टाली जा सकती थी और पुलिस से पूछा कि उसने पहले उसे काबू करने की कोशिश क्यों नहीं की। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सवाल किया कि आरोपित को पहले सिर में गोली क्यों मारी गई, पैरों या हाथों में क्यों नहीं ? जिस क्षण उसने पहला ट्रिगर दबाया, दूसरे लोग आसानी से उसे काबू कर सकते थे। पुलिस वैन में पांच पुलिस कर्मी थे। वह बहुत बड़ा या मजबूत आदमी नहीं था। इसे स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। इसे मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता। हाई कोर्ट ने वैन में उपस्थित पांचों पुलिस कर्मियों के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट भी पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने पूछा कि आरोपित को घटनास्थल से अस्पताल कितनी देर में पहुंचाया गया। आरोपित के दोनों हाथों में हथकड़ी और चेहरे पर नकाब होते हुए भी उसने पांच पुलिस वालों के रहते हुए पिस्तौल कैसे छीन ली, इसकी रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश कोर्ट ने पुलिस को दिया है। हाई कोर्ट ने पुलिस को अक्षय शिंदे का बदलापुर में अंतिम संस्कार का इंतजाम करवाने का भी आदेश दिया है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई तीन अक्तूबर तक के लिए स्थगित कर दी। अक्षय शिंदे को पुलिस ने ठाणे जिले के बदलापुर शहर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न मामले में 17 अगस्त को गिरफ्तार किया था। अक्षय शिंदे को सेशन कोर्ट ने इस मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया था और उसे नवी मुंबई के तलोजा अस्पताल में रखा गया था। शिंदे को 23 सितंबर की शाम को तलोजा जेल से बदलापुर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान मुंब्रा बाईपास के पास इनकाउंटर में गोलीबारी के दौरान वह घायल हो गया था। उसे कलवा अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने शिंदे को मृत घोषित कर दिया था।

### देशसेवा को निजी ...

सीढ़ी है। आज चारों तरफ एक होड़ लगी है। कोचिंग सेंटर में जा रहे हैं और सरकारी नौकरी के अलावा कोई ऑप्शन नहीं है। आपका अपॉर्चुनिटी बास्केट बहुत बड़ा है। आईएमएफ कहता है कि भारत इज फेवरेट डेस्टिनेशन फॉर इन्वेस्टमेंट एंड अपॉर्चुनिटी। वह सरकारी नौकरी की वजह से नहीं कह रहा है। पहले कानून के सामने हर कोई एक नहीं था। कुछ लोग कानून से ऊपर थे और कानून उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता था। ऐसी धारणा बन गई थी तो कानून क्या करेगा। अब वह धारणा ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले बिना भ्रष्टाचार के कोई काम नहीं होता था। अब बिचौलिए गायब हो गए हैं। इसमें तकनीकी ने बहुत बड़ा सहयोग दिया है। आज के दिन हम जिस भारत को देख रहे हैं, वह भारत तीव्र गति से अग्रसर है। चारों तरफ हम देखते हैं जल, थल, आकाश और अंतरिक्ष हमारी प्रगति प्रत्याशित और सोच के परे हैं। मैंने देखा है वह जमाना, जब मुझे डर लगता था। जब 1989 में मैं लोकसभा का सदस्य और केंद्र में मंत्री बना तो अर्थव्यवस्था लंदन से भी छोटी थी। अब आने वाले दो साल में जापान और जर्मनी से आगे जाकर दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहे हैं। अब यह देश रुकने वाला नहीं है लेकिन कुछ लोग बाधा उत्पन्न करना चाहते हैं। आप चुप मत रहिए और राष्ट्रवाद को ध्यान में रखते हुए हर हाल में इस बात का ध्यान कीजिए कि हम राष्ट्र के प्रति पूरी तरह समर्पित रहे। हम भारतीय हैं और भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्र धर्म हमारा सबसे बड़ा धर्म है।

### धमकी भरे लेटर ...

बताया कि बांग्लादेश की सरकार ने घोषणा की है कि हर पूजा *अजान* के शुरू होने से पहले ही बंद कर दी जानी चाहिए। जो स्थिति सामने आ रही है, वह काफी चिंताजनक है। जिस तरह के हमले बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हैं, उसे लेकर भारत सरकार की ओर से लगातार कड़ी आपत्ति जताई जा रही है। इसके बावजूद, मोहम्मद यूनूस इन्हें रोकने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठा रहे हैं। वहीं, बांग्लादेश में खुलना के डकॉप क्षेत्र में कई मंदिरों को गुमनाम धमकी भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में मंदिर प्रबंधकों से पांच लाख टका का टोल चुकाने की मांग की गई है, नहीं तो उन्हें पूजा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस पर हिंदू समुदाय के नेताओं ने अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने अपने मंदिरों में त्योहारों को पूरी तरह से रद्द करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। कामारखेला सार्वजानिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष शेखर चंद्र गोल्डर ने कहा कि हमारे सदस्य अब त्योहार मनाने में रुचि नहीं रखते, इसलिए इस साल हमें पूजा रोकनी पड़ेगी।

### मुंबई और पुणे में ...

शहर में कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने रायगढ़, पुणे और पालघर के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई और ठाणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पुणे में आज दोपहर के बाद लगातार हो रही तेज बारिश से शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। कई सड़कों ने नदी का रूप ले लिया है। इससे यातायात प्रभावित हुआ है। बारिश की वजह से सड़कों पर हुए जलभराव की वजह से कई जगह ट्रैफिक जाम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, पुणे शहर के मुख्य इलाकों में कुल 124 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। महज तीन घंटे में पुणे शहर के मुख्य इलाकों में कुल 124 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। पुणे जिले के लिए अलर्ट दिया गया है कि कल भी भारी बारिश होगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### दिल्ली का आबोहवा ...

सूचकांक (एक्यूआई) आज 235 दर्ज किया गया। राजधानी में प्रदूषण की निगरानी और जीआरएपी के प्रतिबंधों को लागू करने के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति ने बुधवार को बैठक की और स्थिति का जायजा लिया। उप-समिति ने कहा कि दिल्ली के औसत एक्यूआई में पहले से ही गिरावट का रुझान दिखना शुरू हो गया है, क्योंकि शाम 5 बजे यह सुधरकर 232 हो गया है और समय के साथ इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। भारत मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान से यह भी संकेत मिलता है कि आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे दिल्ली के समग्र एक्यूआई में सुधार होते हुए मध्यम श्रेणी में आ सकता है। उप-समिति ने सर्वसम्मति से जीआरएपी के चरण-1 के तहत कार्रवाई शुरू करने से पहले एक या अधिक दिन तक स्थिति पर नजर रखने का निर्णय लिया गया। उप-समिति आगे के निर्णयों के लिए स्थिति पर कड़ी नजर रखेगी। उल्लेखनीय है कि एक्यूआई शून्य से 50 के बीच *अच्छा,* 51 से 100 के बीच *संतोषजनक,* 101 से 200 के बीच *मध्यम,* 201 से 300 के बीच *खराब,* 301 से 400 के बीच *बहुत खराब* और 401 से 450 के बीच *गंभीर* माना जाता है।

# विभिन्न देशों के राजदूत पाकिस्तान में राजनीतिक अराजकता पर गंभीर चिंता जता रहे हैं : मरयम

**लाहौर।** पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में निवेश करने से *मित्र देशों* के हिचकिचाने की खबरों के बीच बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के राजदूत इस मुल्क में *राजनीतिक अराजकता* पर गंभीर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। मरयम ने पंजाब के फैसलाबाद शहर में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक देश के राजदूत ने (पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन अध्यक्ष) नवाज शरीफ तथा मुझसे मुलाकात की तथा पाकिस्तान में *राजनीतिक अराजकता* के बारे में पूछा। नवाज शरीफ ने उन्हें बताया कि पाकिस्तान में राजनीतिक उथल-पुथल कोई नयी बात नहीं है और वह इसे देखते हुए ही बड़े हुए हैं। चीन के राजदूत जियांग जैडोंग ने बुधवार को लाहौर में नवाज तथा मरयम से मुलाकात की।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**



# सोनापुर के कचुतली में फिर से चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम के खिलंजिया (स्थानीय) भूमिपुत्र जनजाति लोगों की भूमि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सोनपुर के कसुतली में अवैध रूप से कब्जा कर रह रहे लोगों के खिलाफ बुधवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखा। बीते कल 150 से अधिक घरों को जिला प्रशासन द्वारा तोड़ा गया। जिसके बाद आज 15 जेसीबी की मदद से 200 से अधिक घरों को जमींदोज कर दिया गया। ज्ञात हो कि कामरूप (मेट्रो) जिला प्रशासन द्वारा 15 स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इलाके में लोग अवैध तरीके से काफी समय से घर, दुकान बनाकर अपनी जीविका चला रहे थे। जनजातियों के लिए आवंटित जमीन को राज्य सरकार द्वारा खाली कराया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कसुतली में 460 के अलग-अलग दाग के 5 हजार मियादी पट्टा जमीन, 200 बीघा से अधिक सरकारी भूमि, 200 बीघा से अधिक जनजातियों के लिए आवंटित जमीन है। इन सभी जमीनों पर जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल में ही अतिक्रमण हटाओ अभियान



के दौरान 12 सितंबर को पुलिस को गोली चलानी पड़ी थी। जिसमें दो संदिग्ध नागरिकों की मौत हुई थी, जबकि 23 से अधिक पुलिसकर्मी और प्रशासनिक कर्मी घायल हुए थे। वहीं 13 संदिग्ध नागरिक भी घायल हुए थे। संदिग्ध नागरिकों के विरोध को देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान काफी संख्या में सुरक्षा बलों तैनाती की गई है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान आज दैनिक बाजार के अलावा बुधवारिया साप्ताहिक बाजार को भी नष्ट किया गया। 51 लोगों की जमीनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसी बीच जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान अभी भी जारी रहेगा।

## नाबालिग के साथ 55 वर्षीय व्यक्ति ने की दुष्कर्म की कोशिश, गिरफ्तार

**धुबड़ी (हिंस)।** धुबड़ी जिले में पांचवीं कक्षा की एक नाबालिग बच्ची के साथ 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश का आरोप उसके बड़े पिता पर लगा है। जानकारी के अनुसार नाबालिग बच्ची को बहलाकर उसके शरीर से छेड़छाड़ करते हुए आरोपित मीनारुद्दीन ने दुष्कर्म की कोशिश की। इस बीच बच्ची ने शोर मचाना आरंभ कर दिया। उसके बाद मीनारुद्दीन मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की कोशिश के चलते आरोपित को पकड़ लिया गया। बाद में उसकी जमकर पिटाई की गई। सूचना मिलते ही मौके पर एमके रोड पुलिस अधिकारी उत्पल राय पहुंचे और आरोपित को अपनी कस्टडी में धुबड़ी सदर थाना ले गए। इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डायन के संदेह में तीन साल से तीन परिवार समाज से बहिष्कृत

**कोकराझाड़ (हिंस)।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत गोसाईगांव उपमंडल के अलीनगर में डायन होने के अंधविश्वास के चलते तीन परिवारों को पिछले तीन वर्षों से स्थानीय समाज ने बहिष्कृत कर रखा है। गांव के कुछ लोगों ने इन तीन परिवारों पर डायन होने का आरोप लगाते हुए उन्हें पूरे समाज से अलग-थलग कर दिया है। पीड़ितों ने इस संबंध में सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट के पास शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गांवबूढ़ा निवासी गणेश सरेन के पिता की तीन वर्ष पहले किसी बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इस मौत के बाद ही अंधविश्वास के वशीभूत होकर गांव की तीन महिलाओं को डायन बताकर उनको प्रताड़ित किया जाने लगा। इसके बाद तीन परिवारों की तीनों महिलाओं पर डायन होने का आरोप लगाते हुए इन परिवारों को समाज से बाहर निकाल दिया गया। गणेश के परिवार के साथ ही अन्य ग्रामीणों ने तीनों परिवारों पर डायन होने का आरोप लगाकर उन्हें विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित करते हुए परेशान कर उन्हें धमकी दी जा रही है। इतना ही नहीं गांव का कोई भी व्यक्ति उपरोक्त तीनों महिलाओं के घर जाने पर उसके विरुद्ध 500 रुपये का जुर्माने का भी प्रावधान कर दिया है। पिछले तीन वर्षों से अकेले ये तीनों परिवार भय के साए में जीवन जी रहे हैं। इस संबंध में पीड़ितों ने बीती 7 अगस्त को सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट के पास शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इस बारे में कचुगांव थाना पुलिस का कहना है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, इस तरह के मामले जल्दी सामने नहीं आते हैं और ऐसी घटनाएं बेहद दूर-दराज के क्षेत्रों में होती हैं, जहां पर प्रशासन की पहुंच भी काफी सीमित होती है। गौरतलब है कि पिछले दिनों कोकराझाड़ में ही एक महिला की डायन के संदेह में हत्या हुई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए याद किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट और श्वेत-श्याम वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि शासन के हर क्षेत्र में हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और आदर्शों से प्रेरित हैं। वे भारत के महानतम आदर्शों में से एक हैं और उन्होंने कई देशभक्त और मेहनती कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया है।

## ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** नगांव जिले की जुरिया पुलिस ने संदिग्ध हेरोइन के साथ शातिर ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से कुल 38.71 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। जुरिया पुलिस ने आज बताया कि पुख्ता जानकारी के आधार पर जामुगुरी इलाके में छापेमारी करके हाफिज उद्दीन को गिरफ्तार किया।

# यूपीएस, एनपीएस के विरुद्ध पूसीरे एंप्लॉइज यूनियन की जागरूकता रैली



**कोकराझाड़ (हिंस)।** कोकराझाड़ जिले के अंतर्गत फकीराग्राम में आज पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) एंप्लॉइज यूनियन के कार्यालय में सरकार की यूपीएस और एनपीएस के खिलाफ एक जागरूकता सभा आयोजित की गई। यूपीएस और एनपीएस के विरोध में लिडू से कटिहार तक 1500 किमी की दूरी पूरी करने वाली बाइक रैली फकीराग्राम पहुंची। बाइक रैली के फकीराग्राम पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में यूनियन के केंद्रीय महासचिव मुनिंद्र सैकिया ने हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार द्वारा रेल कर्मचारियों के लिए लागू की जाने वाली पेंशन नीति यूपीएस और एनपीएस के बारे में रेल कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 1500 किमी की रैली निकाली जा रही है। हम पुरानी पेंशन नीति को बहाल रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएस या एनपीएस पुरानी पेंशन नीति का विकल्प नहीं हो सकती। सभा में पूसीरे एंप्लॉइज यूनियन के देवाशीष मुखर्जी, अलीपुरद्वार डिवीजन के सचिव सुजीत मिश्रा, फकीराग्राम शाखा के सचिव शंकर राय, अध्यक्ष सुबल राय के साथ कई रेल कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## टंगला में रेलवे की जमीन से अवैध कब्जाधारियों को हटाने में जुटा रेलवे प्रशासन

**उदालगुड़ी (हिंस)।** जिले के टंगला में आज रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के विरुद्ध चलाए गए अभियान को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी उत्पन्न हो गई। गत फरवरी में रेलवे प्रशासन ने कब्जाधारियों को जगह खाली करने के लिए नोटिस जारी किया था। रेलवे का नोटिस मिलने के बाद कब्जाधारियों ने कानून का सहारा लिया। हालांकि, इस मामले की मंगलवार को न्यायालय के समक्ष सुनवाई हुई, जिसके बाद आज सुबह से ही रेलवे विभाग ने बेदखली कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर स्थानीय पुलिस, रेलवे पुलिस की मौजूदगी में रेलवे प्रशासन अपनी जमीन को खाली कराने में जुट गया है। रेलवे प्रशासन की कार्रवाई के चलते व्यापारियों और वहां काफी समय से रह रहे लोगों में दहशत फैल गई है। कब्जाधारियों ने रेलवे विभाग से मानवता के नाते दुर्गा पूजा और काली पूजा तक का समय मांग रहे हैं।

# पूसीरे के कामाख्या और न्यू तिनसुकिया रेलवे स्टेशनों को मिला *ईट राइट स्टेशन* प्रमाण पत्र

**गुवाहाटी (हिंस)।** यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाले, पौष्टिक भोजन उपलब्ध करने की मान्यता हेतु एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) द्वारा पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के लमडिंग मंडल के अधीन कामाख्या स्टेशन और तिनसुकिया मंडल के अधीन न्यू तिनसुकिया स्टेशन को *ईट राइट स्टेशन* प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। ये दोनों स्टेशन एफएसएसएआई द्वारा स्थापित दिशानिर्देशों को पूरा करने में सक्षम हुए और यह दर्जा प्राप्त करने वाले पूसीरे के 9वें और 10वें रेलवे स्टेशन बने। दोनों स्टेशनों के लिए ये प्रमाणपत्र 12 सितंबर, 2024 से 11 सितंबर, 2026 तक की अवधि के लिए प्रदान किए गए हैं। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया है कि यात्रियों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के अपने प्रयास में पूसीरे ने भविष्य में कई और स्टेशनों को एफएसएसएआई द्वारा *ईट राइट स्टेशन* के रूप में अर्हता प्राप्त करने की योजना बनाई है, जिसके लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पहले,




पूसीरे के अधीन गुवाहाटी, हरिश्चंद्रपुर, लमडिंग, रंगिया, मरियानी, समसी, न्यू बंगाईगांव और न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशनों को एफएसएसएआई द्वारा *ईट राइट स्टेशन* प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि मानक खाद्य भंडारण और स्वच्छता विधियों का पालन करने वाले रेलवे स्टेशनों को एफएसएसएआई द्वारा *ईट राइट स्टेशन* प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। यह प्रमाणपत्र एफएसएसएआई द्वारा उन रेलवे स्टेशनों को प्रदान किया जाता है, जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मानक स्थापित करते हैं। एफएसएसएआई-सूचीबद्ध तृतीय-पक्ष ऑडिट एजेंसी के निष्कर्ष पर स्टेशन को एक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है। यह प्रमाणपत्र *ईट राइट इंडिया* अभियान का हिस्सा है, जो एफएसएसएआई द्वारा सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली में बदलाव हेतु बड़े पैमाने पर किया गया एक प्रयास है।

# कल से इकोटूरिज्म सीजन के लिए खुला रहेगा मानस राष्ट्रीय उद्यान

**विकसित भारत समाचार**

**कोकराझाड़।** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण पत्र संख्या 15-1(17)/2015-एनटीसीए दिनांक 18 अगस्त 2015 द्वारा निर्धारित मानसून बंद अवधि के पूरा होने के परिणामस्वरूप कार्यालय आदेश संख्या 516, दिनांक 15 सितंबर, 2024 को संशोधित करते हुए, यह सूचित किया जाता है कि मानस राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभ्यारण्य वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 और असम वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 1997 के प्रासंगिक प्रावधानों के अधीन, अगली सूचना तक 27 सितंबर 2024 से 2024-25 इकोटूरिज्म सीजन के लिए खुला रहेगा। साथ ही, सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण पत्र संख्या के अनुपालन में। 15-15/2022-एनटीसीए दिनांक 01.03.2022 और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव वार्डन, असम के पत्र संख्या, डब्ल्यूएल/एफजी.35/एनटीसीए/पीटी.-पांच दिनांक 04.03.2022 के अनुसार, पार्क 2024-25 इकोटूरिज्म सीजन के दौरान प्रत्येक बुधवार को आगंतुकों के लिए बंद रहेगा।

# पूर्वाशा हिंदी अकादमी, जोरहाट में आयोजित हिंदी पखवाड़ा संपन्न

**विश्वनाथ /जोरहाट (विभास)।** राज्य के जोरहाट जिले के हिंदी भाषा व साहित्यिक प्रचार-प्रसार में लगे पूर्वाशा हिंदी अकादमी ने 14 सितंबर हिंदी दिवस से आरंभ हो कर दो सप्ताह 23 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। 14 सितंबर को संस्थापिका अध्यक्ष रूनु बरुवा, निलाक्षी शर्मा और अरुणिमा दत्ता ने ऑल इंडिया रेडियो के जोरहाट स्टेशन में जाकर हिंदी भाषा पर चर्चा प्रस्तुत की। उसी दिन रेडियो पर इसका प्रसारण हुआ। 14 सितंबर को ही पटल पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित किया गया इसमें अधिकतर सदस्यों ने भाग लेकर अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया। 20 सितंबर को उपाध्यक्ष ममता गिनोड़िया जी और सचिव जयश्री शर्मा ने पूर्वाशा के सदस्यों के साथ नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, जोरहाट के पुस्तकालय में जाकर वहां स्वरचित पुस्तकें तथा सांझा संकलन भेंट किए। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. तन्मय सभापंडित व कार्यवाहक निदेशक डॉ. दीपांक बरुवा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस वर्ष वहां हिंदी की ख्यातिप्राप्त




साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई है और उसमें पूर्वाशा के लेखकों की पुस्तकों को भी स्थान मिला है, यह देखकर प्रसन्नता हुई। वहां की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दुलमोणि कलिता से भी भेंट कर हिंदी के प्रचार व प्रसार के बारे में चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम संस्थान की हिंदी अनुवादक मृगाक्षी शर्मा के सहयोग से संपन्न हुआ। 23 सितंबर को जोरहाट के निस्ट परिसर में राजभाषा हिंदी सप्ताह का कार्यक्रम पूर्वाशा अकादमी के संयुक्त तत्पावधान में आयोजित किया गया, जहां अकादमी की अध्यक्ष रूनु बरुवा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। हमारे मार्गदर्शक व निस्ट के हिंदी विभाग के मुख्य अधिकारी अजय कुमार ने इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्वाशा के कई सदस्यों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सभा का आरंभ अजय कुमार के स्वागत संबोधन से हुआ निस्ट के निदेशक डॉ. वीएम तिवारी व अध्यक्ष रूनू बरुवा ने मंच पर आसन ग्रहण किया। फुलाम गामोसा व स्मृति चिन्ह दे कर उनका सम्मान किया गया। तत्पश्चात अजय कुमार ने गृहमंत्री अमित शाह का संदेश पढ़कर सुनाया और डॉक्टर तिवारी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई गई। रूनु बरुवा जी के संबोधन के पश्चात तीन हिंदीतर विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में उच्चतम अंक लाने हेतु पूर्वाशा अकादमी द्वारा नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों के नाम है -प्रथम स्थान-ऋतुपर्णा गोस्वामी, द्वितीय स्थान -अंकिता बोरा, तृतीय स्थान-ऋषिराज गोगोई। तत्पश्चात सचिव जयश्री शर्मा द्वारा पूर्वाशा अकादमी द्वारा किए गए कार्यों पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया और रूनु बरुवा, जयश्री शर्मा, कांति करनानी और शमा जैन द्वारा स्वरचित रचनाओं का काव्य पाठ किया गया। इसके पश्चात् डॉ. तिवारी जी द्वारा शानदार व मननयोग्य संबोधन प्रस्तुत किया गया धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के पश्चात सभा की समाप्ति हुई। इस प्रकार पूर्वाशा अकादमी द्वारा सफलतापूर्वक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।

## बिजली की चपेट में आने से पति की मौत, महिला गंभीर रूप से घायल

**कामरूप (हिंस)।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के हाजो के सराबारी बिलपार में बुधवार को करेंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी पत्नी की हालत गंभीर है। हाजो के बिलपार में मुख्य सड़क के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन बांस के झुरमुट को छूकर गुजर रही थी। इस दौरान जियाबुर रहमान और उनकी पत्नी बेगम खातून तालाब में मछली मारे जाने की खबर पाकर मौके पहुंच गए। तालाब के किनारे बांस के झुरमुट से सटकर दोनों पति-पत्नी खड़े हो गए। इसी बीच दोनों बिजली की चपेट में आ गए। दोनों को तुरंत हाजो स्थित बिष्णुराम मेधी प्राथमिक चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने रिजाबुर रहमान को मृत घोषित कर दिया। बेगम खातून को गुवाहाटी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) में रेफर कर दिया।

# रंगिया : सीएम चैंपियनशिप ट्रॉफी का फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**रंगिया (विभास)।** रंगिया में प्रतिवर्ष की तरह इसबार भी सीएम चैंपियनशिप ट्रॉफी प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसवर्ष इसके सातवें वार्षिक आयोजन का शुभारंभ 25 सितंबर, बुधवार को रंगिया में किया जाएगा। मालुम हो कि टूर्नामेंट का आयोजन रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता द्वारा तथा स्थानीय हरदत्त बिरदत्त स्पोर्ट्स क्लब और सभी खेल प्रेमियों के सहयोग से सन 2018 से आयोजित किया जाता आ रहा है। बताया गया है कि खेल के अंतर्गत दो प्री क्वार्टर, चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमी फाइनल और फाइनल खेल आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति द्वारा रंगिया पौरसभा कार्यालय में मगंलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर यह बात अवगत की, उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट रंगिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित किए जाएंगे जिसमें उत्तर पूर्व की 10 प्रमुख फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। वहीं उद्घाटन मैच दोपहर में रंगिया हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान पर खेला जाएगा। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के महासचिव भवेश डेका, भाजपा उत्तर कामरूप जिला समिति के अध्यक्ष सुबल पाल सहित पत्रकार नयनज्योति कलिता, समाज सेवक रंजन उपाध्याय और ऋषि लहकर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

*No.: JDB/15th-FC/VI/6/2024-25/8063* *Date- 17/09/2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders affixing a non-refundable Court fee stamp amounting Rs. 8.25( Rupees eight & twenty five paisa) only with a validity period of 180 Days which will subsequence to be converted and drawn up in the printed of F-2 form are invited form the registered Contractor of Class-I (A, B, C), Class-II, Class-III category of Assam PWD (Roads & Building) and BTC for the following works under 15th-FC (Untied Grant)fund for the year 2023-24 under Jalah Dev. Block of BTC area. The Tenders will be received by the undersigned up to **2.30PM on 08-10-2024** and will be opened on the same date & place at 3.30PM.

| Sl. No. | Name of Scheme | Tender Value (In Lakh) | Bid Security | Cost of BID documents (D/D) @ 0.03% (Approx.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of Boundary Wall at Sanperabari Auzarguri Gudi Foraisali at Sonperabari under 15th-FC (UnTied Grant) for the year 2023-24 | 12.00 | Rs. 12,000/- @ 1% for ST/SC/OBC & Rs.24,000/- @ 2% for General | Rs. 360/- | 3 (Three) months from the date of issue of work order |

Details NIT may be seen at the office of the undersigned from 17-09-2024 to 08-10-2024 up to 1.00 PM. The contractor should be attested copy of latest Registration certificate, Labour licence, Income Tax, GST, PAN, Aadhar, Caste etc. The BTC authority reserves the right of accepting or rejecting the tender papers without assigning any reason thereof.

Sd/-
Block Development Officer
Jalah Development Block,
Jalahghat

*IPR(BTC)/C/2024-25/587*

# सिडनी में व्यापार संवर्धन कार्यालय खोलेगा भारत : पीयूष गोयल

**– वाणिज्य मंत्री बोले-मेक इन इंडिया को मिली है शानदार सफलता**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में व्यापार संवर्धन के लिए एक कार्यालय खोलने की घोषणा की है। इस कार्यालय में इनवेस्ट इंडिया, एनआईसीडीसी, ईसीजीसी, व्यापार एवं पर्यटन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सीआईआई के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। गोयल ने कहा कि मेक इन इंडिया को शानदार सफलता मिली है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के व्यापार एवं पर्यटन मंत्री महामहिम डॉन फैरेल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ये कार्यालय दोनों पक्षों के निवेशकों और कारोबारियों के बीच सेतु का काम करेंगे। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार, निवेश, पर्यटन और प्रौद्योगिकी में साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि भारत आज ह्यमेक इन इंडियाह्न के 10 साल पूरा होने का जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए संपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किया है। इसमें बुनियादी ढांचे के लिए ह्यप्लग एंड प्लेह्न, अनुमोदन के लिए एकल खिड़की प्रणाली, अनुपालन बोझ को कम करने, कानूनों को अपराधमुक्त करने, नए क्षेत्रों में एफडीआई खोलने और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के प्रावधान प्रदान किए गए हैं, जो भारत में विनिर्माण को आकर्षित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भारत के मेक इन इंडिया कार्यक्रम और ऑस्ट्रेलिया के मेक इन ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम के बीच प्रौद्योगिकियों, अवसरों का आदान-प्रदान करने और व्यवसायों को एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करने की बहुत संभावनाएं हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास, निवेश, पर्यटन, महत्वपूर्ण खनिजों और स्थिरता के लिए हरित पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोग बढ़ाना ऐसे क्षेत्र हैं, जहां साझेदारी में कई महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। वाणिज्य मंत्री गोयल ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा कि पहली बार ऑस्ट्रेलिया में सीआईआई और फिक्की दोनों के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व किया गया, जो साझेदारी के महत्व को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि मई 2022 से वरिष्ठ नेताओं की 9 व्यक्तिगत बैठकों के साथ दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व संबंध नेताओं के बीच गहरे संबंधों को दशार्ते हैं, जो व्यापार-व्यवसाय और लोगों के बीच जुड़ाव को बढ़ाते हैं। गोयल ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के माध्यम से आर्थिक-सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईसीटीए समझौते के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों को बाजार तक पहुंच मिली है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे पहले गोयल ने भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक के दौरान दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पीटर मालिनौस्कास से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि मालिनौस्कास से मिलकर बहुत खुशी हुई। गोयल ने कहा कि दोनों देशों ने हमारी पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, हमने प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने अधिक व्यापार, प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान, स्थिरता के लिए साझा लक्ष्यों और उच्च तकनीक सेव-ाओं और निवेश के प्रावधान के माध्यम से भारत की यात्रा में ऑस्ट्रेलिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंत्री ने आगे कहा कि भारत 4 डी-लोकतंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश, मांग और निर्णायक नेतृत्व के लाभ प्रदान करता है, जिस्-ाका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं, जिनके कुशल नेतृत्व में देश सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन करने के लिए तैयार है। गौरलतब है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 26 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया के आधिकारिक दौरे पर हैं।

# भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को सराहा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप 'मेक इन इंडिया' को विश्व में भी देखेंगे। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया पहल ने भारत को एक वैश्विक उद्योग के रूप में स्थापित किया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन हुआ है। आज संपूर्ण विश्व भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देख रहा है, क्योंकि यही देश है जो मनसा, वाचा, कर्मणा सभी भावों से वैश्विक उत्थान की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि स्वदेशी को बढ़ावा एवं संवर्धन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर 2014 को 'मेक इन इंडिया' अभियान की शुरूआत की थी।

# भ्रम फैला रहे कांग्रेसियों से जनता को सावधान रहने की जरूरत : मनोहर लाल



**हिसार, (हि.स.)।** केन्द्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे डॉ. कमल गुप्ता को विजयी बनाकर विकास का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि डॉ. कमल गुप्ता हर समय शहर के विकास के लिए तत्पर रहते हैं। मनोहर लाल मंगलवार रात को शहर के पटेल नगर की पंजाबी धर्मशाला, बैंक कालोनी पार्क, राजगुरु मार्किट स्थित पंजाबी धर्मशाला व सेक्टर 14 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित करके डॉ. कमल गुप्ता के लिए वोटों की अपील कर रहे थे। शहर के पंजाबी समुदाय के लोगों ने उनके कार्यक्रमों में भारी संख्या में शिरकत करके अपना समर्थन व्यक्त किया। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, महामंत्री आशीष जोशी, प्रवासी प्रभारी रवि नैयर, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी व सचिव वैभव बिदानी भी मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के लोग भ्रम फैला रहे हैं कि उनकी सरकार बन रही है, जबकि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। कांग्रेस के विधायकों के सार्वजनिक हो रहे वीडियो इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस नौकरियों में कितनी पार-दर्शिता रखने वाली है। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा का इतिहास है कि जिस पार्टी की सरकार केंद्र में होती है, हरियाणा में भी उसी पार्टी की सरकार बनती है। इस समय केंद्र में भाजपा की सरकार है और अब हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। ऐसे में किसी तरह की बातों से भ्रमित होने की जरूरत नहीं है और एकजुटता से भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि हिसार से भाजपा के उम्मी-दवार एवं मंत्री डॉ. कमल गुप्ता हर समय हर पल हिसार के विकास की सोच रखने वाले व्यक्ति हैं। ऐसे में उन्हें विजयी बनाना बहुत जरूरी है। विधानसभा चुनाव जिला मीडिया इंचार्ज राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यक्रमों का संयोजन भाजपा नेता सुभाष ढींगड़ा, प्रवीण पोपली, हरीश चौधरी, प्रेम चौधरी, डॉ. महेन्द्र जुनेजा, नवीन मल्होत्रा व अन्य समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों ने किया।

# रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने का विरोध करने पर याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट की फटकार




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच दिल्ली के शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने की इजाजत देने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के सिंगल जज के फैसले को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता को फटकार लगाई है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और आप एक महिला सेनानी की मूर्ति लगाने पर आपत्ति जता रहे हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सभी धार्मिक सीमाओं के परे राष्ट्रीय हीरो हैं, आप इसको धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। डिवीजन बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता सांप्रदायिक राजनीति कर रहे हैं और वे कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। सिंगल बेंच ने जो कहा है उसे पढ़िए। आप माफी मांगिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली स-रकार की ओर से पेश वकील संतोष त्रिपाठी ने कहा कि अब ये फैशन हो गया है कि दलीलों में कड़े बयान दें। वे सिंगल बेंच या ट्रिब्यूनल को कैसे संबोधित किया जाता है, ये नहीं जानते हैं। तब कोर्ट ने कहा कि इसमें कोर्ट को नहीं संबोधित किया जा रहा है, बल्कि इसके पीछे कोई और है। यही समस्या है और वकील भी इसमें फंस जा रहे हैं। अगर वकील इस तरह फंसेंगे तो संस्थाएं टूटने लगेंगी। तब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिका दायर करने के पीछे उनका ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था। तब कोर्ट ने कहा कि कोर्ट का इस्तेमाल इस उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है। कोर्ट के बाहर सांप्रदायिक राजनीति कीजिए। कोर्ट को इसमें मत घसीटिए। तब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सिंगल जज के बारे में जो कुछ भी याचिका में लिखा गया है, वो हटा लेंगे। तब कोर्ट ने इसके लिए अर्जी दाखिल करने का निर्देश दिया। शाही ईदगाह प्रबंधन कमेटी ने दायर याचिका में कहा था कि शाही ईदगाह की जमीन पर अतिक्रमण पर रोक लगाई जाए, क्योंकि ये एक वक्फ संपत्ति है। याचिका में 1970 के गजट नोटिफिकेशन का जिक्र किया गया था, जिसमें शाही ईदगाह पार्क को प्राचीन संपत्ति बताया गया था, जो मुगल काल में बनी थी और वहां नमाज अदा की जाती है। सिंगल बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि ईदगाह की बाउंड्री के चारों ओर का खुला इलाका और ईदगाह पार्क डीडीए की संपत्ति है।

# भाजपा ही केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी : रविन्द्र रैना

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने बुधवार को राजौरी जिले के नौशहरा विधानसभा क्षेत्र में अपना वोट डाला और विश्वास जताया कि पार्टी केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि लोग पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स-रकार द्वारा किए गए शांति और विकास के कार्यों के लिए भारी मतदान करेंगे। भाजपा नेता ने नौशहरा के एक प्राथमिक विद्यालय में स्थापित लम्बेरी मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के बाद कहा कि लोग जम्मू-कश्मीर में चुनाव के दूसरे चरण में नए मतदाता रिकॉर्ड बनाएंगे और लोकतंत्र को विजयी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी और जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएगी। भाजपा नौशहरा सीट से भी जीत दर्ज करेगी और पार्टी की जीत में योगदान देगी। रैना ने कहा कि लोग पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सुनिश्चित की गई शांति, प्रगति, समृद्धि और विकास के लिए भारी मतदान कर रहे हैं। सीमाओं पर शांति है, जहां पहले रोजाना गोलीबारी और गोलाबारी होती थी जिससे लाखों सीमावर्ती निवासियों का सामान्य जीवन बाधित होता था। सुरंगों, सड़कों और पुलों के माध्यम से दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में नई कनेक्टिविटी है। सामाजिक योजनाओं को लागू किया गया है। जीवन के सभी क्षेत्रों में बेहतर बुनियादी ढाँचा तैयार किया गया है। अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान से पहले रैना ने देवता को श्रद्धांजलि देने और आशीर्वाद लेने के लिए नौशहरा में ठाकुर द्वारा मंदिर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर और लोकतंत्र के लिए एक बड़ा दिन है। मैं जम्मू-कश्मीर की बेहतरी और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना करता हूं,। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मतदान का प्रतिशत अच्छा रहेगा और मतदान के नए रिकॉर्ड बनेंगे। यह जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की जीत है। नौशहरा विधानसभा क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे रैना को अपने पूर्व पार्टी सहयोगी और पूर्व एमएलसी सुरिंदर चौधरी से बड़ी चुनौती मिल रही है। चौधरी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। नौशहरा निर्वाचन क्षेत्र से तीन अन्य उम्मीदवार भी मैदान में हैं, जिनमें पीडीपी और बीएसपी के उम्मीदवार शमिल हैं। नौशहरा निर्वाचन क्षेत्र जम्मू क्षेत्र के राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों के 11 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां दूसरे चरण में मतदान हो रहा है।

# सरकार विरोधी पोस्ट पर कार्रवाई की चेतावनी, दिशा निर्देश जारी




**जयपुर, (हि.स.)।** राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने और कमेंट करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसकी अवहेलना करने वालों को कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। कार्मिक विभाग के शासन सचिव कृष्ण कांत पाठक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कर्मचारियों की ओर से प्रेस व सोशल मीडिया पर मनगढ़ंत, अनर्गल आरोप और टिप्पणियां न की जाएं। अगर ऐसा करते हैं तो यह अखिल भारतीय सेवा नियम 1968 एवं राजस्थान सिविल सेवा नियम 1971 के खिलाफ होगा।

पाठक ने इस संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश की कठोरता से पालना की जाए। आदेश में 12 अक्टूबर 2017 के पत्र का हवाला दिया गया है, जिसमें इसी तरह का आदेश जारी किया गया था। पिछले दिनों कर्मचारी नेता शंभूसिंह मेड़तिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी, जिसमें उन्होंने शिक्षा मंत्री के खिलाफ टिप्पणी की थी और जोधपुर में इसके पोस्टर लगवाए। इसको लेकर काफी बवाल मचा। इसके अलावा कुछ शिक्षक संगठन की ओर से आए दिन ज्ञापन देकर सरकार पर आरोप लगाए जाते हैं। कुछ संगठन सोशल मीडिया पर भी आरोप लगाते हैं। सरकारी कर्मचारियों की ओर से लगातार सरकार को निशाना बनाया जा रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कमेंट्स व प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सरकार के खिलाफ बयान दिए जा रहे थे। विशेष कर शिक्षक वर्ग में तबादला नहीं होने को लेकर काफी नाराजगी थी और इसी नाराजगी को सोशल मीडिया के जरिए व्यक्त की जा रही थी। इसी तरह से राजकीय कर्मचारी ओपीएस और एनपीएस विवाद पर बेबाक टिप्पणी सोशल मीडिया पर कर रहे थे। साथ ही वेतन विसंगति को लेकर एक धड़ा सोशल मीडिया पर ग्रुप चलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार में तत्कालीन कार्मिक विभाग के शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने यह आदेश जारी किया था। इसके बाद 2019 में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई और उक्त आदेश को यथावत रखा, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उक्त आदेश को एक तरह से डेड कर दिया। यानि की आदेश अपनी जगह पर यथावत था। उस पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इधर, एक बार फिर से भाजपा सत्ता में आई तो पुराना दबा हुआ आदेश बाहर आ गया है।

# मानवता की भलाई का मार्ग दिखाता है पं. दीनदयाल जी का दर्शन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**– मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें माल्यार्पण कर किया नमन**



**भोपाल, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा से मानवता का भला करने का दर्शन दिया। उनका मानना था कि देश की जड़ों से जुड़कर हम कार्य करें और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक का भला करें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष में लाल घाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शांति के अग्रदूत के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पं. दीनदयाल उपाध्याय की सोच को क्रियान्वित करते हुए विकास और जनकल्याण के कार्य पूरे देश में जारी है। उनके विचारों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संपूर्ण प्रदेश में अभियान जारी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा लगाए गए जनसंघ के पौधे का विस्तार विचार के रूप में देश ही नहीं दुनिया के विभिन्न भागों तक हुआ है। जन-कल्याण की कई योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य सरकार देश में अग्रणी है। सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के आधार पर ही विश्व के सबसे बड़े संगठन ने अपना विस्तार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर उतारने के पुनीत कर्तव्य को समर्पित हैं। उनकी जयंती पर प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले और गांव-गांव में उनके विचारों पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अधिक से अधिक लोगों को उनके विचार से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त-घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, स्थानीय सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक भगवानदास सबनानी तथा अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गौरीकुंड के निकट बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, 13 तीर्थयात्री सुरक्षित, एक लापता



**गुप्तकाशी, (हि.स.)।** गौरीकुंड के समीप एक बोलेरो वाहन के गहरी खाई में गिरने की खबर सामने आई है। इस वाहन में सवार 13 तीर्थयात्रियों को सु-रक्षित रेस्क्यू किया गया है, जबकि एक श्रद्धालु अभी भी लापता है, जिसकी खोजबीन एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली सोनप्रयाग ने सूचना दी कि गौरीकुंड रोड पर एक बोलेरो वाहन खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर कर्ण सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान के दौरान 13 लोगों (12 वयस्क और 1 बच्चा) को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ये सभी तीर्थयात्री केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे।

# पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



**कोलकाता, (हि.स.)।** बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण पश्चिम बंगाल के कई जिलों में अगले सात दिनों तक भारी बारिश और आंधी-तूफान की संभावना है। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार तक उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा पूर्व मेदिनीपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा, दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में भी, जिसमें कोलकाता भी शामिल है, भारी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग जिलों में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है, जो शुक्रवार तक जारी रहेगी। उत्तर बंगाल के बागडोगरा में पिछले 24 घंटों में 99.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो पूरे राज्य में सबसे अधिक है। वहीं, तटीय शहर दीघा में 97.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों में कांथी (67 मिमी), सागर (60 मिमी), मेदिनीपुर (37 मिमी), कलाईकुंडा (35 मिमी), कालिम्पोंग (54 मिमी), रायगंज (39 मिमी) और जलपाईगुड़ी (38 मिमी) में भी महत्वपूर्ण बारिश दर्ज की गई है। कोलकाता में बुधवार सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है और नौ मिमी बारिश दर्ज की गई है। अगले कुछ दिनों तक पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

# मध्य प्रदेश के 28वें मुख्य न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत, राज्यपाल पटेल ने दिलाई शपथ



**भोपाल, (हि.स.)।** दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ जज न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 28वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। बुधवार को भोपाल स्थित राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव वीरा राणा सहित कई नेता और अधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे। राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधिपति को शपथ ग्रहण के बाद पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन मुख्य सचिव वीरा राणा ने किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधिपति नियुक्त किए जाने की अधिसूचना का वाचन किया। शपथ ग्रहण समा-रोह में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चंद गुप्ता, रजिस्ट्रार जनरल जबलपुर हाई कोर्ट मनोज श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, जिला न्यायालय भोपाल के न्यायाधीश, बार एसोसियेशन के सदस्य, विभिन्न आयोगों के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, विधि-विधायी कार्य एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में वरिष्ठ न्यायाधीश के पद पर पदस्थ थे।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रवि कुमार मलिमठ के इसी साल 24 मई को सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली पड़ा हुआ था। इसीलिए देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने गत 17 सितंबर को उनके नाम की मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश पद के लिए अनुशंसा की थी। इसके बाद कानून मंत्रालय द्वारा न्यायमूर्ति कैत को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का 28वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने संबंधी अधिसूचना जारी की गई और बुधवार को उन्होंने इस पद की शपथ ग्रहण की। उनका कार्यकाल 6 महीने का होगा। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 28वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत हरियाणा के कैथल जिले के रहने वाले हैं। उनका जन्म 24 मई 1963 को कैथल के क-ाकौत गांव में हुआ था। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। स्नातक के दौरान वे एनएसएस में यूनिट लीडर के रूप में चुने गए थे। वे छात्र संघ के संयुक्त सचिव भी रहे। उन्होंने 1989 में वकील के तौर पर पंजीकृत कराया था। उन्हें वर्ष 2004 में केंद्र सरकार के स्थायी वकील के रूप में नियुक्त किया गया। वे यूपीएससी और रेलवे के पैनल वकील रह चुके हैं। साल 2008 में दिल्ली हाई कोर्ट में अतिरिक्त जज के तौर पर नियुक्ति के बाद 2013 में प्रमोशन पाकर नियमित जज बने।

संपादकीय

# मिलावट ही 'सत्य' है

**भारत** में मिलावट और भ्रष्टाचार कोई नई प्रवृत्तियां नहीं हैं। खाद्य पदार्थ ही नहीं, हमारी हवा और पानी भी प्रदूषित हैं। खाने की चीजों में इनसान की उंगली, छिपकली, सांप के टुकड़े पाए जाने की असंख्य घटनाएं सामने आती रही हैं। कानून तो है, लेकिन खाद्य निरीक्षकों की निगरानी और व्यवस्था गायब और लचर है। उनके अपने 'हफ्ते' या 'महीना' बंधे हैं। दूध में पानी या सोडा मिलाया जाता है, खोया भी मिलावटी और रासायनिक है, देशी घी के नाम पर हम 'बाबाओं' के दावों का अनुसरण करते हैं, लिहाजा भ्रम में जीते हैं कि हम विशुद्ध देशी घी खा रहे हैं। अब कुछ भी शुद्ध मिलना असंभव है, क्योंकि यह मोटे मुनाफे और मिलावट का 'कलियुग' है। आत्मा से हम बेईमान और भ्रष्ट हैं। मुनाफे और मिलावट के लिए कोई भी ठेकेदार भगवान तक को ठग सकता है। आस्था और श्रद्धा को खंडित और अपमानित कर सकते हैं। बेशक मंत्रोच्चारण के जरिए तिरुपति मंदिर का शुद्धिकरण कर लिया गया हो, यह कर्मकांड का आत्मसंतोष हो सकता है, लेकिन करोड़ों भक्तों ने 'प्रसादम् लड्डू' का जो ग्रहण किया है, प्रसाद को अन्य भक्तों में भी बांटा है, उनका शुद्धिकरण कैसे संभव है? तिरुपति मंदिर में औसतन 3.5 लाख लड्डू रोजाना भक्तों के हाथों में जाते हैं। प्रसाद के इन लड्डुओं से तिरुपति मंदिर को 500-600 करोड़ रुपए की सालाना कमाई होती है। प्रसाद, मंदिर और कमाई...बिल्कुल विरोधाभासी हैं। देश में हिंदू या गैर-हिंदुओं के हजारों मंदिर ऐसी ही 'दुकानदारी' चला रहे हैं। दुकान खोलोगे, तो मिलावटी वस्तुएं भी आएंगी और उन्हें विक्रेता का धर्म निभाना पड़ेगा! अब तिरुपति प्रकरण के बाद मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन के भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में भी जांच का मुद्दा उठाया गया है। वाराणसी के काशी-विश्वनाथ मंदिर में बंटने वाले प्रसाद की भी जांच की जाएगी। किसी मंदिर के बाहर नोटिस चिपकाया गया है कि भक्तगण अपने घरों से प्रसाद बनाकर लाएं और मंदिर में भगवान को भोग लगाएं। अथवा ड्राई फ्रूट्स प्रभु के चरणों में चढ़ाए जा सकते हैं। दरअसल बुनियादी मुद्दा और संकट मिलावट और बदनीयत का है। आखिर भक्तगण विशुद्ध दूध और घी कहां से लाएंगे? लिहाजा घर में बना प्रसाद भी 'अशुद्ध' और मिलावटी हो सकता है। यही नहीं, स्कूलों में बच्चों को जो 'दोपहर का खाना' दिया जाता है, वह भी मिलावटी, प्रदूषित होता रहा है, क्योंकि बच्चे वह खाना खाकर बीमार पड़ते रहे हैं। मौतें भी हुई हैं। उस खाने में भी छिपकली और सांप पाए जाते रहे हैं। यह कैसी व्यवस्था है? देश में पूजा-स्थलों और मंदिरों में लोगों की गहरी आस्था और विश्वास होता है। मंदिर के जरिए आम भक्त भगवान से साक्षात्कार महसूस करना चाहता है। अब आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों के जरिए यह मुद्दा बेपर्दा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को 'खलनायक' करार दिया जा रहा है। बेशक राज्य सरकार ने सभी पुराने ठेके, सप्लाई आदि को रद्द कर दिया है। विशेष जांच दल भी गठित कर दिया गया है, लेकिन अंततः यह सियासी खुन्नस का मामला भी साबित हो सकता है। इस मुद्दे पर सियासत शुरू हो चुकी है, जबकि बुनियादी मुद्दा मंदिरों में जाने वाले भक्त की आस्था और मिलावट के जरिए उसकी आत्मा को अपवित्र करने की हरकतों का है। अभी लड्डू प्रसादम् की वैज्ञानिक जांच सामने आनी है। देश की सबसे बड़ी और सार्थक प्रयोगशाला हैदराबाद में है, जबकि पूरी चिल्ल-पौं की आधार गुजरात की लैब की रपट है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने बहुराष्ट्रीय अध्ययन के संदर्भ में भारत के 17 शहरों से भी कुछ नमूने लिए। निष्कर्ष यह रहा कि 14 फीसदी नमूनों में उच्च स्तर की धातु मिलाई गई थी। बेशक दूध के क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन ने विकास की बुलंदियां छुई हैं, लेकिन आधा से ज्यादा क्षेत्र अब भी असंगठित है। इसमें घी बनाने वाली इकाइयां भी हैं। संसद को यह बताया गया था कि 3 में से 2 भारतीय जो दूध का उपयोग करते हैं, उसमें डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया अथवा पेंट आदि मिले होते हैं। इतने व्यापक स्तर पर मिलावट को किस तरह नियंत्रित किया जा सकता है। लड्डू प्रकरण के बाद जो भी जांच के दौर निभाए जाएं, लेकिन यही हमारी नियति रहेगी कि मिलावट ही 'अंतिम सत्य' है।

खाने की चीजों में इनसान की उंगली, छिपकली, सांप के टुकड़े पाए जाने की असंख्य घटनाएं सामने आती रही हैं। कानून तो है, लेकिन खाद्य निरीक्षकों की निगरानी और व्यवस्था गायब और लचर है। उनके अपने 'हफ्ते' या 'महीना' बंधे हैं। दूध में पानी या सोडा मिलाया जाता है, खोया भी मिलावटी और रासायनिक है, देशी घी के नाम पर हम 'बाबाओं' के दावों का अनुसरण करते हैं, लिहाजा भ्रम में जीते हैं कि हम विशुद्ध देशी घी खा रहे हैं। अब कुछ भी शुद्ध मिलना असंभव है, क्योंकि यह मोटे मुनाफे और मिलावट का 'कलियुग' है। आत्मा से हम बेईमान और भ्रष्ट हैं। मुनाफे और मिलावट के लिए कोई भी ठेकेदार भगवान तक को ठग सकता है। आस्था और श्रद्धा को खंडित और अपमानित कर सकते हैं।

### रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में क्लास शुरू होते ही सुनाई देने लगता है

# रैगिंग से छात्रों को मुक्ति कब?

डा. वरिंद्र भाटिया

रैगिंग की समस्या उच्च शिक्षा जगत से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील, सामाजिक समस्या है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को पूर्ण रूप से मुक्ति नहीं मिल पाई है। इस समय देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान इससे मुक्त नहीं हो पाए हैं। आइए, छात्रों की शिक्षा संस्थानों में रैगिंग को लेकर कुछ खास बातों को जानें। एक शिक्षण संस्थान के किसी अन्य छात्र के खिलाफ एक छात्र द्वारा किए गए किसी भी शारीरिक, मौखिक या मानसिक दुव्र्यवहार को रैगिंग कहते हैं।

**कुछ** रोज पहले हिमाचल प्रदेश की एक निजी यूनिवर्सिटी में नए छात्रों की रैगिंग का मामला सामने आया। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि रैगिंग से पीड़ित छात्र ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे कमरे में बुलाया और फिर शराब पीने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। बाद में आरोपियों ने कमरा बंद कर सुबह तक उसके साथ मारपीट की। मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वहां की सरकार ने शिक्षा सचिव को इसकी जांच के भी आदेश दिए हैं और जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। रैगिंग की समस्या उच्च शिक्षा जगत से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील, सामाजिक समस्या है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को पूर्ण रूप से मुक्ति नहीं मिल पाई है। इस समय देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान इससे मुक्त नहीं हो पाए हैं। आइए, छात्रों की शिक्षा संस्थानों में रैगिंग को लेकर कुछ खास बातों को जानें। एक शिक्षण संस्थान के किसी अन्य छात्र के खिलाफ एक छात्र द्वारा किए गए किसी भी शारीरिक, मौखिक या मानसिक दुव्र्यवहार को रैगिंग कहते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौनसा छात्र इसे करता है या किस छात्र के साथ यह दुव्र्यवहार किया जाता है। रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में क्लास शुरू होते ही सुनाई देने लगता है। दुनियाभर में हर साल लाखों स्टूडेंट्स को इसका सामना करना पड़ता है। रैगिंग को दुनिया में अलग-अलग नामों से पहचाना जाता है। इसको हेजिंग, फेगिंग, बुलिंग, प्लेजिंग और हॉर्स प्लेइंग के नामों से भी जाना जाता है। रैगिंग कई कारणों से हो सकती है, जैसे आपकी त्वचा, नस्ल, धर्म, जाति, प्रजातीयता, जेंडर, यौनिक रुझान, रूप-रंग, राष्ट्रीयता, क्षेत्रीय मूल, आपकी बोली, जन्म स्थान, गृह स्थान या आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण इसमें शामिल हैं। रैगिंग कई अलग-अलग रूप ले सकती है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र को उसके काम करने के लिए धौंस दिखाता है या किसी छात्र को कॉलेज समारोह जैसी परिसर की गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, तो उसे रैगिंग माना जाता है। मानसिक चोट, शारीरिक दुव्र्यवहार, भेदभाव, शैक्षणिक गतिविधि में व्यवधान आदि सहित छात्रों के खिलाफ रैगिंग के विभिन्न रूपों को कानून दंडित करता है। जहां तक रैगिंग के शुरू होने से जुड़े इतिहास का संबंध है, तो माना जाता है




कि 7 से 8वीं शताब्दी में ग्रीस के खेल समुदायों में नए खिलाडियों में स्पोट्र्स स्प्रिट जगाने के उद्देश्य से रैगिंग की शुरुआत हुई। इसमें जूनियर खिलाडियों को चिढ़ाया और अपमानित किया जाता था। यह कार्य समय के साथ-साथ बढ़ता गया और रैगिंग में बदलता गया। इसके बाद सेना में भी इसको अपनाया गया। खेल और सेना के बाद रैगिंग से शिक्षण संस्थान भी नहीं बचे और छात्रों ने इसको अपनाकर भयावह रूप दे दिया। धीरे-धीरे कॉलेजों में शैक्षणिक क्षेत्र में जगह बनाने के बाद रैगिंग हिंसक हो गई और इसके लिए बाकायदा ग्रुप बन गए। 18वीं शताब्दी के दौरान विश्वविद्यालयों में छात्र संगठन बनने लगे जिनमें विशेष रूप से यूरोपीय देश शामिल थे। इन संगठनों के नाम अल्फा, बीटा, कपा, एपिसिलोन, डेल्टा आदि जैसे ग्रीक अक्षरों के नाम पर रखे जाने लगे। भारत में रैगिंग की शुरुआत आजादी से पहले ही हो गई थी। इसकी शुरुआत अंग्रेजी मीडियम की शिक्षा से हुई। हालांकि भारत में रैगिंग का अलग तरीका था जिसमें सीनियर और जूनियर के बीच दोस्ती बढ़ाने के लिए हल्की-फुल्की रैगिंग की जाती थी। इसमें शालीनता का परिचय दिया जाता था। लेकिन 90 के दशक में भारत में रैगिंग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने पूरे भारत में रैगिंग पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही यूजीसी ने भी रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम बनाए हैं। रैगिंग पर कुछ शिक्षण संस्थानों के अपने नियम हैं। उदाहरण के लिए, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के पास रैगिंग पर दिशा-निर्देशों की अपनी एक नियमावली है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में रैगिंग को प्रतिबंधित करने व रोकने के लिहाज से विभिन्न राज्यों ने कानून पारित किए हैं, जो केवल उन संबंधित राज्यों में ही लागू होते हैं। क्या सभी राज्यों मे सरकारों ने ऐसे कानून बनाए हैं? यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने 16 महीनों में रैगिंग की 90 फीसदी शिकायतों के निपटारे का दावा किया है। यूजीसी के मुताबिक, एक जनवरी 2023 से 28 अप्रैल 2024 तक अलग-अलग यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा संस्थानों से छात्रों की 1240 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 1113 (89.76 फीसदी) का निपटारा किया गया है। शिकायतों का निपटारा सिर्फ काफी नहीं होगा, कसूरवारों को सख्त सजा ज्यादा जरूरी होनी चाहिए। देश के सभी राज्यों में रैगिंग को लाकर जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करना चाहिए। सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को, छात्रों के प्रवेश के समय रैगिंग रोकने के उपाय करने चाहिए। इनमें से कुछ हैं : एक सार्वजनिक घोषणा (किसी भी प्रारूप में- प्रिंट, ऑडियो, विजुअल आदि) करें कि कॉलेज में रैगिंग पूरी तरह से निषिद्ध है, और जो कोई भी छात्रों की रैगिंग करता पाया जाएगा, उसे कानून के तहत दंडित किया जाएगा। प्रवेश की विवरणिका में रैगिंग के बारे में जानकारी दें। उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए यूजीसी विनियमनों 2009 (यूजीसी गाइडलाइंस) को मुद्रित किया जाना चाहिए। साथ ही सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों, जैसे कि प्रमुख, हॉस्टल वार्डन, आदि की जानकारी, साथ ही एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन का नंबर भी छपना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ एक शपथ पत्र प्रदान करें। छात्रों और अभिभावकों के लिए ये हलफनामे में लिखा होना चाहिए कि छात्र और माता-पिता ने यूजीसी के दिशानिर्देशों को पढ़ा और समझा है, वे जानते हैं कि रैगिंग निषिद्ध है और आवेदक किसी भी तरह की रैगिंग में शामिल नहीं होगा, और ऐसे किसी भी व्यवहार में लिप्त पाए जाने पर वह सजा के लिए उत्तरदायी होगा या होगी। छात्रावास के लिए आवेदन करने पर आवेदक को अतिरिक्त शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर करने होंगे। एक दस्तावेज प्रदान करें जो आवेदक के सामाजिक व्यवहार पर रिपोर्ट करता है। इस तरह के दस्तावेज में किसी भी लिखित कदाचार का उल्लेख किया जाएगा और कॉलेज, आवेदक पर नजर रख सकता है। यह दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ नत्थी होना चाहिए।

दृष्टि कोण

# दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन

**प्रमुख** भारतीय राजनीतिक दार्शनिक दीनदयाल उपाध्याय ने 20वीं शताब्दी के मध्य में एकात्म मानव दर्शन के दृष्टिकोण को भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक मार्गदर्शक दर्शन के रूप में व्यक्त किया। भारतीय सभ्यता के मूल्यों में निहित, एकात्म मानव दर्शन विकास के लिए एक समग्र और समावेशी दृष्टिकोण के रूप में आध्यात्मिक कल्याण के साथ भौतिक प्रगति को संतुलित करने, सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ व्यक्तिगत अधिकारों और परंपरा के साथ आधुनिकता पर जोर देता है। एकात्म मानव दर्शन व्यक्तियों के व्यापक विकास पर जोर देता है, न केवल भौतिक कल्याण के संदर्भ में बल्कि आध्यात्मिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास के संदर्भ में भी यह तर्क देता है कि अकेले आर्थिक समृद्धि की खोज अपर्याप्त है। सच्चे विकास को आत्मपूर्ति, नैतिकता और सांस्कृतिक निरंतरता की गहरी मानवीय आवश्यकताओं पर विचार करना चाहिए। दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार, व्यक्ति और समाज के बीच एक अविभाज्य संबंध है। उन्होंने तर्क दिया कि एक व्यक्ति अलगाव में अपनी क्षमता का एहसास नहीं कर सकता है, बल्कि केवल समाज के साथ अपने जुड़ाव के माध्यम से ही अपनी क्षमता का एहसास कर सकता है। इसलिए व्यक्तियों और समाज का विकास एक साथ होना चाहिए, जहां सामाजिक कल्याण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सामंजस्यपूर्ण रूप से सह-अस्तित्व में हों। एकात्म मानव दर्शन विकास के पश्चिमी मॉडल को चुनौती देता है जो आर्थिक विकास और उपभोक्तावाद को प्राथमिकता देते हैं। इसके बजाय, यह भौतिक समृद्धि और आध्यात्मिक मूल्यों के संश्लेषण का प्रस्ताव करता है। आर्थिक प्रणालियों को केवल धन संचय पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, बल्कि एक ऐसे समाज की सुविधा प्रदान करनी चाहिए जहां लोग प्रकृति, संस्कृति और स्वयं के साथ सद्भाव में रहते हैं। दीनदयाल का दर्शन स्थानीय आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करते हुए सत्ता और शासन के विकेंद्रीकरण पर जोर देता है। उन्होंने ग्राम-स्तरीय प्रशासन, सहकारी खेती और लघु उद्योगों की वकालत की जो स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हैं, केंद्रीकृत प्राधिकरणों पर निर्भरता कम करते हैं और स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करते हैं। शासन के लिए धर्म-केंद्रित दृष्टिकोण, एकात्म मानव दर्शन एक शासन मॉडल की कल्पना करता है जो धर्म का पालन करता है, जिसका अर्थ इस संदर्भ में नैतिकता और नैतिक ढांचा है जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक कार्यों का मार्गदर्शन करता है। दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि नीतियों को नैतिक सिद्धांतों और सभी नागरिकों के कल्याण, न्याय, समानता और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति कर्तव्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए। दीनदयाल ने स्वदेशी-आत्मनिर्भरता के सिद्धांत और स्वदेशी संसाधनों और उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि भारत का विकास अपनी स्थानीय परंपराओं और संसाधनों में निहित होना चाहिए, विदेशी वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता को कम करना और एक मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए। एकात्म मानवदर्शन एक ऐसे विकास मॉडल की वकालत करता है जो भारत की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करते हुए आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी नवाचारों को गले लगाता है। उपाध्याय ने सांस्कृतिक जड़ता को सामाजिक सामंजस्य और राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण माना, एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत की जो सांस्कृतिक विरासत की दृष्टि खोए बिना आधुनिकीकरण करता है। एकात्म मानवदर्शन पूंजीवाद और समाजवाद दोनों के विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया, जिसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की अनूठी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपर्याप्त माना। उनका मानना था कि पूंजीवाद ने असमानता, उपभोक्तावाद और नैतिक पतन को जन्म दिया, जबकि समाजवाद के परिणामस्वरूप अक्सर राज्य नियंत्रण, स्वतंत्रता का दमन और आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा हुई। इसके विपरीत, एकात्म मानवदर्शन ने एक मध्य मार्ग का प्रस्ताव रखा जो भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में आधारित होने के साथ-साथ विभिन्न विचारधाराओं के सकारात्मक पहलुओं को एकीकृत करना चाहता है। पंडित दीनदयाल की दृष्टि समकालीन भारत में विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि देश आर्थिक असमानता, पर्यावरणीय क्षरण, सामाजिक अशांति और सांस्कृतिक संघर्ष जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। उनका दर्शन एक वैकल्पिक दर्शन प्रदान करता है जो समावेशी और सतत विकास, सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक लक्ष्यों को संतुलित करने और परंपरा तथा आधुनिकता के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने की वकालत करता है।

कुछ अलग

# जहां बोलना जरूरी था

**फर्ज** कीजिये, जमीन दलाल गिरोह रांची बड़ा तालाब या कोई खास मैदान की रजिस्ट्री रातों रात करवाने का हर स्तर पर जुगाड़ पुख्ता कर ले, तो वह बिकेगा या नहीं? अगर हां, तो इसमें कौन लोग हो सकते हैं, जो हाथ डालेंगे। इसलिए कि यहां किस नेचर की जमीनें किन हैसियत और प्रभाव वाले के हाथों बिकती रही हैं, इससे सब वाकिफ हैं। सेना की जमीन बिकना एक उदाहरण भी है। 31 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट कोर्ट ने स्वतः संज्ञान से दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए मौखिक तौर पर पूछा है कि रांची में 71 तालाब कहां गए? अदालत जल स्त्रोतों के संरक्षण और रांची के डैमों से अतिक्रमण हटाने के मामले में सुनवाई के साथ चिंता भी जाहिर कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अन्य मामले में कोर्ट ने यह भी पूछा है कि हरमू नदी के किनारे से अतिक्रमण हटाने के मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। नगर निगम और सरकारी मुलाजिम इस मामले में फाइलों पर तमाम जलेबी पारते रहें, लेकिन उन्हें पता है कि तालाब कहां गए। और रांची के पुराने लोग भी जानते हैं कि तालाब कहां गए। कैसे गए। अब वे तालाब किस रूप में हैं। रांची को ये भी पता है कि किस कदर और तेजी से सुनियोजित सांठगांठ ने शहर को कंक्रीट के जाल में, यूं कहें अंधाधुंध अपार्टमेंट और ऊंचे मकानों की कतार में कस कर रख दिया। 10-12 फीट की सडकों के किनारे छह-आठ मंजिला अपार्टमेंट कैसे बने। यह करप्शन के जद में नहीं आता है क्या? हर किसी को रांची में ठिकाना चाहिए। यही सच है ना। दो डिसमिल जमीन ही सही डैम, नदी से सटी हो या बीच में समायी, चलेगा। और पैसे वालों के लिए एक नहीं, दो नहीं, पांच-दस फ्लैट। गलियां संकीर्ण हो जाए, नालियां और नालों पर दीवारें खड़ी हो जाएं, धूप, हवा-पानी रूक जाए कोई फर्क नहीं अलबत्ता।। रांची शहर के अंदर और आसपास की उन पुरानी बस्तियों के साथ टोले, मोहल्ले का हाल देखिए, शहरीकरण की होड़ ने कैसे सब कुछ तहस- नहस कर दिया है। अब अगर कुछ है तो नये-नये नाम से फलाना नगर, फलाना विहार और फलाना पुरी। दो दिनों की भारी बारिश रांची के कई इलाके में खतरनाक तस्वीर लेकर सामने आई। सुर्खियां बनी। एनडीआरएफ की टीम को उतारना पड़ा। चार-पांच तल्ले अपार्टमेंट और घरों के सामने की सड़कों पर तीन-चार फीट बहता पानी। डरे- सहमे लोग। मुमकिन है कल-परसों मौसम सुधरेगा और थोड़ी सूरत भी बदलेगी। यानी वॉटर लॉगिंग कम होगा। लोग इस तबाही को भूल जाएंगे। लेकिन यह एक अलर्ट है। आने वाले समय में स्थिति और भयावह होने वाली है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बारिश उफान पर हो, तो नदियां उसी दिशा में बहतीं हैं, जहां वो वजूद में थीं। मकान के ऊपर मकान, सामने दुकान, आंगन- ओसारा, नालियां सब खत्म। वैसे भी अब रांची गर्मियों में झुलसती है पानी के लिए तड़पती है। जिस रांची में हम और आप जीते-कमाते हैं उसे देते क्या हैं अथवा उसके लिए करते क्या हैं? आपके सवाल हो सकते हैं 'सिस्टम' क्या कर रहा है? "सिस्टम' तो अपना काम कर ही रहा है, कॉलर खड़ा कर। नाला, नदी, तालाब, डैम का कैचमेंट एरिया, गैरमजरूआ, खास, सिलिंग सब जब कथित तौर पर अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त की भेंट चढ़ जाए, प्रभावी लोगों के लिए दनादन नक्शे पास होते जाएं, म्यूटेशन पक्के होते रहें, बाइक, खटारा मारूति वैन पर घूमने वाले प्रोपर्टी होल्डर, बिल्डर और बड़े कारोबारी बन जाएं और राजनेता, नौकरशाह जनता की सेवा की बजाय निवेशक/साझेदार बन जाएं, तो एक नजर में सब माजरा समझ में आ जाता है। कई निजी अस्पताल, मॉल, रेस्तरां और मार्केट कांप्लेक्स के सामने उनके कारोबारी ने नालियों पर पार्किंग की व्यवस्था कर रखी है। उनका प्रभाव चलता है। मजाल कोई हाथ डाले। जुमार, हरमू, स्वर्णरेखा समेत सारी नदियों का हाल देख लीजिए।

देश दुनीया से

# चलेस सदस्यता और मैं गधा

आज हम उस दौर में जी रहे हैं जहां बंदा अपने आपका भी शुभचिंतक नहीं। उसको जब अपने से काम होता है तभी वह अपना शुभचिंतक होता है। ठीक भी है, बात बात पर खुद को खुद का शुभचिंतक बनाने में क्यों अपना बेकार का समय नष्ट करना। इसलिए जब जब जरूरत महसूस लगे किसी के कुछ देर पहले शुभचिंतक हो जाइए, और काम हो जाने के बाद चुपचाप आगे हो जाइए। जो किसी को छलना हो तो किसी का शुभचिंतक होने से बेहतर और कोई शस्त्र नहीं। किसी का शुभचिंतक होने पर किसी पर किया वार अमोघ होता है,' इस साहित्य संघ की सदस्यता ले लो। सबसे पहले तुम्हारे पास ही आया हूं। दिन-रात लिखते रहते हो, पर कहीं से एक ऑफ लाइन तो छोड़ो, ऑनलाइन पुरस्कार तक न छीन सके। बहुत दया आती है तुम्हारे लेखन पर। हाय! तुम्हारा बदनसीब लेखन! जिसे आज तक एक भी पुरस्कार के लायक नहीं समझा गया।

**बीसियों** लेखक संघों के आजीवन सदस्य वे कल मेरे साहित्यखाने में आए। दौलतखाना उनका होता है जिनके पास दौलत होती है। मेरे पास थोड़ा बहुत साहित्य है। इसलिए मेरा घर साहित्यखाना है। आते ही मेरी आंखों के आगे रसीद बुक से अपने पसीने से तर चेहरे को हवा देते मेरे शुभचिंतक हुए। जबकि सच यह है कि आज यहां किसी का कोई शुभचिंतक नहीं। इसलिए जब जब कोई आपका शुभचिंतक होने लगे तो बिन सोचे समझ लीजिए कि उसको या तो तुरंत आपसे कोई काम निकालना है या फिर निकट भविष्य में उसे लगता है उसे आपको यूज करना पड़ सकता है। बेकार में क्या पड़ी है किसी को किसी का शुभचिंतक होने की? आज हम उस दौर में जी रहे हैं जहां बंदा अपने आपका भी शुभचिंतक नहीं। उसको जब अपने से काम होता है तभी वह अपना शुभचिंतक होता है। ठीक भी है, बात बात पर खुद को खुद का शुभचिंतक बनाने में क्यों अपना बेकार का समय नष्ट करना। इसलिए जब जब जरूरत महसूस लगे किसी के कुछ देर पहले शुभचिंतक हो जाइए, और काम हो जाने के बाद चुपचाप आगे हो जाइए। जो किसी को छलना हो तो किसी का शुभचिंतक होने से बेहतर और कोई शस्त्र नहीं। किसी का शुभचिंतक होने पर किसी पर किया वार अमोघ होता है,' इस साहित्य संघ की सदस्यता ले लो। सबसे पहले तुम्हारे पास ही आया हूं। दिन-रात लिखते रहते हो, पर कहीं से एक ऑफ लाइन तो छोड़ो, ऑनलाइन पुरस्कार तक न छीन सके। बहुत दया आती है तुम्हारे लेखन पर। हाय! तुम्हारा बदनसीब लेखन! जिसे आज तक एक भी पुरस्कार के लायक नहीं समझा गया। पता नहीं तुम्हारा साहित्य मां सरस्वती से कैसी किस्मत लिखवा कर लाया है?' बीसियों लेखक संघों की सक्रिय सदस्यता वाले ने मेरा शुभचिंतक होते कहा तो मुझे अटपटा सा लगा। गधे से भी बंदों को काम हो सकता है, पर मुझसे किसी को क्या काम? इसलिए मेरे फायदे के बारे में कोई सोचेगा भी क्यों? कहीं किसी कवि गोष्ठी में तो नहीं जा रहे होंगे जनाब! और वहां मेरी कविता मुझसे उधार ले अपने नाम से पढने की सोची होगी? पर जब किसी गोष्ठी की जो अध्यक्षता कर रहा हो और उसके मुंह पर ही जब कोई मूर्धन्य उसी की रचना को मौलिक बता पढ़ जाए तो ऐसे में कविता उधार मांग मुझ जैसे दो धेले के कवि के आगे याचक होने का क्या औचित्य? मैं और आगे कुछ सोचता वे मेरे चेहरे पर आए पसीने को ठंडा करने के लिए रसीद बुक से मेरे चेहरे पर हवा करने बोले,' एक बात पूछना चाहता हूं? आखिर तुम लिखते किसके लिए हो? एक बार चलेस की सदस्यता लेकर देखो, तुम्हारे साहित्य के दिन तो नहीं, पर तुम्हारे दिन शर्तिया बहुरेंगे।' 'चलेस बोले तो??' 'चाटुकार लेखक संघ! आज का वक्त कोरी चाटुकारिता का नहीं, संवेदनशील चाटुकारिता का वक्त है। आज शरीफ से शरीफ में भी शरीफी भरी हो या न, पर उसमें चाटुकारिता कूट कूट कर भरी है। चाटुकारिता के दौर में जो चाटुकारी न करे, वह समझदार ही क्या? इस वक्त देश में अन्य चाटुकार संघों की तरह अखिल भारतीय स्तर पर चाटुकार लेखक संघ की स्थापना के प्रयास जोरों शोरों पर चल रहे हैं। इसका गठन राष्ट्रीय स्तर से लेकर मोहल्ला स्तर पर होना है। और मुझ कार्यकारी जिला प्रधान को इस साहित्यिक संघ का जिला स्तर पर सदस्य बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। इसलिए मैं चाहता हूं कि... मानता हूं, आज हर साहित्यिक संघ विचारधारा से कम, चाटुकारिता से अधिक अटा पटा है। आज हर लेखक अपने में एक लेखक संघ है। मोहल्ले मोहल्ले कोई प्रलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई गलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई दलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई गलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई छलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई जलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई फलेस का सेप्टिक मेंबर है तो कोई कलेस का डिफेक्टिव मेंबर। मोहल्ले मोहल्ले कोई ओबेस का डिएक्टिव मेंबर है तो कोई डोबेस का डिफेक्टिव मेंबर। जेड श्रेणी तक के साहित्यकार में साहित्यकार लेटा हो या न, पर एक चाटुकार दुबककर जरूर लेटा होता है। वैसे भी जो आज चाटुकार है, केवल उसी का बेड़ा पार है। बाकि साहित्यकारों का साहित्य कचरा है, बेकार है, और वे उम्दा साहित्यकार होने के बाद भी साहित्य के चिड़िमार हैं।' 'कितना है सदस्यता का?' मैं बिन सोचे समझे उन्हें निपटाने के गैर इरादत इरादे से असली मुद्दे पर आया। क्योंकि जानता हूं कि हर संघ सदस्यों से नहीं, चंदे से चलता है। चंदा इक_ा नहीं होगा तो उसके पदाधिकारी मौज कैसे करेंगे? 'तुम्हारा आजीवन सदस्यता चंदा मेरी ओर से। अब खुश!' बंधुओ! मुझे पता नहीं चल रहा कि उनकी इस सदाशयता के लिए प्रसन्न होऊं या... आपकी क्या राय होती जो आप मेरी जगह होते? प्लीज! बताने की कृपा करें निःसंकोच!

आप का नजरीया

# शाहपुर में फोरलेन कोहराम

**पठानकोट** मंडी फोरलेन परियोजना के घाव लिए शाहपुर का बाजार उद्वेलित है तो इसलिए क्योंकि सर्वमान्य जवाब चाहिए। फिलहाल एक पूरा बसा बसाया बाजार कई पाटों में फंसा दिखाई दे रहा है, तो रोष के तर्क व्यापार के फर्ज से टकरा रहे हैं। फोरलेन की मापी गई जमीन उन निशानियों को मिटा रही, जिनके ऊपर आश्रित रोटी-रोजी का कुनबा बसर करता था, लेकिन यहां विस्थापन से मुश्किल प्रश्न आश्वासन का है या उस किंतु-परंतु का भी है जिसके आधार पर समाज, अथारिटी, सरकार व प्रशासन कभी सही व सहमत साबित नहीं हुए। पठानकोट से मंडी को निकले फोरलेन ने कई शहर और शहरों के बाजार बाइपास किए या फ्लाईओवर से गुजरते हुए व्यापार को बख्श दिया, लेकिन शाहपुर एक अलग उदाहरण बन रहा है, जहां बाजार के सीने से गुजर कर नई मंजिलें-नए मुकाम ढूंढे जा रहे हैं। ऐसे में जबकि फोरलेन के आगे-पीछे से संबंधित सर्वेक्षण हो चुके हैं और रास्ते के पत्थर, मीलपत्थर बन चुके हैं, आंदोलनरत व्यापारियों का सामान विचलित है। कम से कम फोरलेन की अंतिम परियोजना बता रही है कि फोरलेन बाहें फैलाए आ रहा है क्योंकि इसका हर चरण अब जुड़ चुका है। हैरानी यह कि जसूर, नगरोटा, पपरोला, बैजनाथ, जोगिंद्रनगर और हर छोटा-बड़ा कस्बा फोरलेन के कोहराम से बच गया, तो शाहपुर क्यों अपनी असमंजस का अवशेष बना। जाहिर है कुछ सहमतियों-असहमतियों के द्वंद्व में शाहपुर ने न बाइपास चुना और न ही फ्लाईओवर के लिए समय रहते हामी भरी, नतीजतन मौजूदा सर्वेक्षण के आधार पर बाजार और व्यापार को अपना महत्त्व खोना पड़ रहा है और नौबत अस्तित्व खोने तक पहुंच गई। बेशक मौजूदा विधायक ने फोरलेन के विस्तारित रास्ते पर खड़ी जनापत्तियों का साथ दिया है, लेकिन यह संघर्ष शाहपुर की बड़ी वकालत का है। सांसद डा. राजीव भारद्वाज और मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की वकालत में शाहपुर की दलीलें अगर सुनी जाती हैं, तो बात अलग है, वरना बाजार की मिलकीयत में अर्जियां बंटी हुई हैं। जिन्होंने बाजार से गुजरने की दलील में कभी दिल्ली फतह की थी, क्या बाजार का वह हिस्सा अब अपने तर्क बदलेगा या पूरी परियोजना के विकल्प नई निशानदेही करेंगे। जो भी हो, शाहपुर में आकर फोरलेन क्यों विध्वंस बन गया, यह सोचने-समझने व नई कार्रवाई को अमलीजामा पहनाने की कोशिश करने का दावा पेश कर रहा है। बहरहाल फोरलेन गगल एयरपोर्ट की पैमाइश को देखकर भी विश्राम कर रहा है। चंबी से कच्छियारी के बीच फोरलेन की एक हद एयरपोर्ट विस्तार की मीमांसा से नत्थी है, तो दूसरी ओर इसका मिलना मटौर-शिमला फोरलेने के दायरे में खड़ा है। बहरहाल शाहपुर आंदोलन का निष्कर्ष यह कि वहां गगल उजडने जैसा माहौल बन गया है। या तो नया शाहपुर अब एक नई खोज सरीखा होगा या फोरलेन की चौड़ाई में कई दुकानों के शटर हमेशा के लिए गिर जाएंगे। विधायक केवल सिंह पठानिया को संघर्ष में कूदने से भले ही शोहरत मिले, लेकिन यथार्थ की अंगुलियों में फंसे सर्वेक्षण को बदलने के लिए दिल्ली सरकार और नितिन गडकरी के दरबार में सही परिप्रेक्ष्य से यह मामला पेश करने की त्वरित जरूरत है।



# नेपाल सरकार ने चीन से फिर किया केरुंग-काठमांडू रेल बनाने का आग्रह

**काठमांडू।**
नेपाल की केपी ओली सरकार ने चीन से फिर एक बार नेपाल से जोड़ने वाली रेल सेवा विस्तार करने का आग्रह किया है। इस समय बीजिंग के दौरे पर गए नेपाल सरकार के उपप्रधानमंत्री और वित्त मंत्री विष्णु पौडेल ने चीन सरकार के उपप्रधानमंत्री ही लाइफेंग के साथ बुधवार को हुई मुलाकात में काठमांडू-केरूंग रेल मार्ग निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का अनुरोध किया है।

पिछले कुछ वर्षों से चीन की तरफ से ही इस रेल मार्ग का निर्माण करने के लिए नेपाल पर दबाब बनाया जा रहा था। चीन ने पहले भी ओली सरकार के समय ही चीन ने केरूंग काठमांडू रेल मार्ग की संभाव्यता अध्ययन के लिए समझौता किया था। नेपाल की पिछली सरकार विभिन्न कारणों से इस प्रोजेक्ट को टाल रही थी लेकिन अब एक बार फिर सत्ता में केपी शर्मा ओली की वापसी होते ही चीन की तरफ झुकाव बढ़ता दिख रहा है। बीजिंग में नेपाल के उपप्रधानमंत्री के साथ रहे वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता महेश भट्टराई ने बताया कि चीन की तरफ से इस संबंध में सकारात्मक जवाब मिला है। चीन पहले ही अपने खर्चे पर केरूंग-काठमांडू रेलमार्ग के लिए तैयार होने की जानकारी दी है।

दोनों देशों के उप प्रधानमंत्रियों के बीच हुई मुलाकात के दौरान नेपाल की तरफ से कई अन्य परियोजनाओं में सहयोग करने का आग्रह किया गया है। वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता भट्टराई ने कहा कि नेपाल के उपप्रधानमंत्री ने जिन परियोजना पर चीन से सहयोग मांगा गया है, उनमें काठमांडू के टोखा से छहरे तक टनल रोड का निर्माण शामिल है। इस टनल रोड के बनने से चीन और नेपाल के बीच सबसे नजदीक की सीमा को सीधे काठमांडू से जोड़ा जा सकता है। भट्टराई के मुताबिक हिल्सा-सुर्खेत-भूरिगांव राजमार्ग और किमंथांका-हिले राजमार्ग निर्माण का प्रस्ताव भी नेपाल की तरफ से किया गया है। इसी तरह नेपाल के कम्युनिस्ट नेता के नाम पर एक तकनीकी विश्वविद्यालय का निर्माण और प्रधानमंत्री ओली के निर्वाचन क्षेत्र में औद्योगिक पार्क के निर्माण का आग्रह भी किया गया है।

नेपाल और चीन के उपप्रधानमंत्री के बीच मुलाकात में नेपाल में चीन के बनाए गए दो नए अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर चीन के विभिन्न शहरों से सीधी उड़ान करने का आग्रह किया गया है।

पिछली बार जब केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री बने थे तो इन सभी योजनाओं पर चीन से मदद मांगी गई थी। इसके बाद शेर बहादुर देउवा और उसके बाद पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की सरकार के समय इन मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद एक बार फिर से इन सभी परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका का दोहरा चेहराः अब यूनुस को गले लगाकर कहा- हम बांग्लादेश का पूरा समर्थन करेंगे



**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही अमानवीयता के खिलाफ अमेरिका में जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मांग की जा रही है कि अमेरिका इस मामले में हस्तक्षेप करे और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का दबाव बनाए। इधर अमेरिका भारत को आश्वासन देता रहा है कि बांग्लादेश में हो रही अमानवीयता को अमेरिका बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके समाधान के लिए प्रयास करेगा। अमेरिका मोहम्मद यूनुस के साथ गलबहियां डालकर कह रहा है कि हम बांग्लादेश के साथ हैं। खबर है कि अब अमेरिका ने भी अंतरिम सरकार का समर्थन करने का फैसला लिया है। हाल ही में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की थी। खास बात है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की साजिश के आरोप अमेरिका पर भी लग रहे हैं। 15 सितंबर को भी अमेरिका के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तब आर्थिक विस्तार और राजनीतिक संबंधों को लेकर भरोसा दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य सलाहकार के दफ्तर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि बाइडेन ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को पूरा समर्थन देने की बात कही है। प्रेस नोट के मुताबिक, बाइडेन का कहना है कि अगर अपने देश के लिए छात्र इतना कुछ कुर्बान कर सकते हैं, तो उन्हें थोड़ी और मदद करनी चाहिए।

### तुर्की के राष्ट्रपति ने पाक को झटका देते हुए कश्मीर मुद्दे से किया किनारा

**जेनेवा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में अपने भाषण के दौरान एर्दोगान ने गाजा युद्ध पर जोरदार हमले किए लेकिन कश्मीर का जिक्र तक नहीं किया। 2019 के बाद यह पहली बार है जब एर्दोगान ने यूएन में कश्मीर के मुद्दे पर बात नहीं की। इससे पहले उन्होंने हर साल कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में उठाया था। एर्दोगान का यह रुख तब सामने आया है जब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर और वहां हो रहे चुनावों का मुद्दा उठाने की पूरी तैयारी की है। शरीफ न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं और वह अपना भाषण देंगे, जिसमें वे कश्मीर, इस्लामोफोबिया और फिलिस्तीन के मुद्दों पर बात करेंगे। पिछले साल भी पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाया था, यह कहते हुए कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच शांति के लिए अहम है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म के बाद से पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है, लेकिन उसे वैश्विक समर्थन नहीं मिल पाया है। अब, एर्दोगान का कश्मीर पर चुप रहना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की के इस बदले हुए रुख के पीछे तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता की महत्वाकांक्षा हो सकती है।



### खुफिया एजेंसियों का अलर्ट : डोनाल्ड ट्रंप की हत्या कराकर अमेरिका में अराजकता फैलाना चाहता है ईरान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट करते हुए कहा है कि ईरान अमेरिका के खिलाफ बड़ा षड़यंत्र रच रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या कराकर अराजकता फैलाना चाहता है। इसी प्लान के तहत ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमले हुए हैं,गनीमत रही उनकी जान बच गई। खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को बताया कि वास्तव में आपकी जान को खतरा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ट्रंप की सुरक्षा के प्रति अलर्ट हो गई हैं। 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव है। चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस से है। डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमला हो चुके हैं। सबसे पहला हमला 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया के बटलर में हुआ था। यहां एक रैली के दौरान ट्रंप पर 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने फायरिंग की थी। एक गोली ट्रंप के कान को चीरते निकल गई थी। हालांकि बाद में सीक्रेट सर्विस ने आरोपी क्रुक्स को मार गिराया था। ट्रंप पर दूसरे हमले की कोशिश 15 सितंबर को हुई। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच पर ट्रंप इंटरनेशल गोल्फ क्लब है। इसी क्लब के बाहर गोलीबारी की गई। ट्रंप गोलीबारी वाली जगह से कुछ सौ मीटर की दूरी पर मौजूद थे। इस मामले में 58 साल के रयान वेस्ले राउथ को बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया था।ट्रंप के अभियान संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय ने आगाह किया कि आपकी जान को खतरा है। ईरान इसकी साजिश रच रहा है। उसका मकसद इस हत्या से अमेरिका में अराजकता और अस्थिरता पैदा करने का है।



# संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया में फैले तनाव और भारत में हुए चुनावों का किया जिक्र

**संयुक्त राष्ट्र।**
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतिम भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने दुनिया के कई देशों में जारी तनाव को लेकर अपने विचार रखे।इसदौरानउन्होंने भारत समेत कई देशों में हुए चुनावों का भी जिक्र किया और तारीफ की। इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच जारी हमलों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि दुनिया को 07 अक्टूबर की भयावहता को भूलना नहीं चाहिए, इसे जिस देश ने भी अंजाम दिया हो, उसे अब सुनिश्चित करना होगा कि ऐसा दोबारा न हो। हिज्बुल्लाह बिना किसी उकसावे के इसमें शामिल होकर एक साल से इजराइल पर रॉकेट और मिसाइल दाग रहा है। इजराइल-लेबनान सीमा के दोनों तरफ बहुत से लोग विस्थापित हुए हैं। ये जंग किसी के हित में नहीं है। स्थिति और भी खराब हो गई है। कूटनीतिक समाधान ही एक एकमात्र विकल्प है। बाइडननेयहभीकहाकिहम आक्रामकता के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं।साथहीउन्होंनेकहाकिजब दुनिया साथ मिलकर काम करती है तो हम कहीं अधिक मजबूत स्थिति में होते हैं।रूस-यूक्रेन के हमलों को लेकर उन्होंने कहा कि जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया, तो हम केवल विरोध करके खड़े हो सकते थे। औरअमेरिका और नाटो देश, 50 से ज्यादा देश, यूक्रेन के साथ खड़े हुए। उन्होंने कहाकि सबसे जरूरी बात ये थी कि यूक्रेनी लोग भी रूस के खिलाफ खड़े रहें। ये अच्छी खबर है कि पुतिन का युद्ध फेल हो गया। वहींअपनेभाषणकेदौरानबाइडननेचीनकोकड़ासंदेशभी दिया।उन्होंनेकहाकिवाशिंगटन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने गठबंधनों और साझेदारियों के नेटवर्क को मजबूत करना जारी रखेगा। बाइडन ने स्पष्ट किया कि ये गठबंधन और साझेदारियां किसी देश के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना चाहता है। बाइडन नेआगे कहाकि हमें अपने सिद्धांतों को भी बनाए रखने की आवश्यकता है, क्योंकि हम चीन के साथ प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना चाहते हैं, ताकि यह संघर्ष में न तब्दील हो जाए।उन्होंनेकहाकिवोइंडो पैसिफिक में गठबंधन और साझेदारों को मजबूत करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को दुनिया की मदद से पीछे नहीं हटना चाहिए।




बाइडन ने भारत समेत तमाम देश में शांतिपूर्वक संपन्न हुए चुनावों की तारीफकरते हुए कहा कि हमने घाना से लेकर भारत और दक्षिण कोरिया तक दुनिया भर के लोगों को शांतिपूर्वक अपना भविष्य चुनते देखा है। विश्व की एक-चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले देश इस साल चुनाव करा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में आखिरी बार संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में बाइडन ने कहा कि यह उल्लेखनीय है कि 1972 में अमेरिकी सीनेट के लिए पहली बार चुने जाने के बाद से यह लोगों की शक्ति ही है, जो भविष्य के बारे में मुझे अधिक आशावादी बनाती है।

### जयशंकर ने अमेरिका में चीन को लताड़ा कहा- दूसरे पहलुओं की चुनौतियों को चीरना है



**न्यूयॉर्क।** एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में एशिया सोसाइटी को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे चीन ने कोविड महामारी के दौरान सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ाकर पिछले समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणामस्वरूप सैनिकों में झड़पें हुईं और दोनों पक्षों को नुकसान हुआ। अमेरिका में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने चीन के साथ भारत के कठिन इतिहास को स्वीकार करते हुए कहा कि जब मैंने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का 75 प्रतिशत हल होने की बात कही, तो वह केवल सैनिकों के पीछे हटने वाले हिस्से के बारे में थी। विदेश मंत्री ने कहा कि अभी दूसरे पहलुओं में चुनौती बनी हुई है। जयशंकर ने स्वीकार किया कि टकराव वाले बिंदुओं के अधिकांश हिस्सों को हल कर लिया है, लेकिन अभी तक चुनौतियां बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सीमा पर गश्त के अधिकारों के संबंध में अभी संघर्ष बना हुआ है। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि अगर चीन के साथ संबंधों को सुधारना है तो दोनों देशों को डी-एस्केलेशन के महत्व को समझना होगा।जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हमारा इतिहास मुश्किलों भरा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि चीन के साथ हमारे स्पष्ट समझौतों के बावजूद, हमने कोविड के बीच में देखा कि चीन ने इन समझौतों का उल्लंघन करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात की। यह संभव था कि कोई दुर्घटना हो और ऐसा हुआ भी। इसलिए, झड़प हुई और दोनों तरफ से कई सैनिक मारे गए।

# श्रीलंका में संसदीय चुनाव 14 नवंबर को, राजनीतिक दल जुटे तैयारी में



**कोलंबो।**
श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रात को संसद भंग कर दी। इसके तत्काल बाद उन्होंने विशेष राजपत्र अधिसूचना पर हस्ताक्षर किए। अधिसूचना के अनुसार, संसदीय चुनाव 14 नवंबर को होंगे। नामांकन प्रक्रिया चार अक्टूबर से शुरू होगी। नामांकन पत्र 11 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

चुनाव के बाद संसद का पहला सत्र 21 नवंबर को आहूत किया गया है। इसी के साथ सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। अब राष्ट्रपति दिसानायके अंतरिम कैबिनेट का गठन कर सकते हैं। इसमें वह खुद और चार मंत्री होंगे। कैबिनेट में 15 विभागों का बंटवारा किया जाएगा। राष्ट्रपति दिसानायके पर्यटन, रक्षा, वित्त, न्याय, उद्योग और निवेश संवर्धन विभागों को अपने पास रखेंगे। प्रधानमंत्री विदेश मामलों, शिक्षा और मास मीडिया के अलावा अन्य विभागों के मंत्री भी बनेंगे। एनपीपी सांसद डॉ. हरिनी अमरसूर्या को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी, जबकि वरिष्ठ सांसद विजिता हेराथ और सांसद लक्ष्मण निपुण अराच्ची को कई विभागों के साथ मंत्री नियुक्त किया जाएगा। निपुण अराच्ची ने कोलंबो निर्वाचन क्षेत्र के सांसद के रूप में शपथ ले चुके हैं। यह सीट दिसानायके के राष्ट्रपति बनने से रिक्त हुई थी।

### जुड़वां भाइयों की जुड़वां बहनों से शादी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के वर्जीनिया में एक परिवार रहता है जिसमें दो जुड़वा बहने थी। उन दोनों की शादी उसी शहर में रहने वाले अन्य परिवार के दो जुड़वा भाईयों से हुई। जुड़वा बहनों के नाम ब्रिटनी और ब्रियाना हैं। इन दोनों ने जिनसे प्यार किया, वह भी जुड़वा भाई थे। एक का नाम जोश और दूसरे का जेरेमी है। 2018 में इन दोनों जोड़ों की शादी हुई। यह वर्जीनिया में एक साथ रह रहे हैं। मां के पेट में एक साथ रहे। पूरा बचपन और युवावस्था एक साथ बिताई। एक साथ प्यार किया, अब पारिवारिक जीवन भी एक साथ बिता रहे हैं।

# शेख हसीना के तीन करीबी नेताओं पर हत्या के दो और नए केस



**ढाका।**
बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और गिरफ्तार किए गए उनके करीबी सहयोगियों पर धड़ाधड़ नए मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। पूर्व कानूनमंत्री अनीसुल हक, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के निजी उद्योग मामलों के सलाहकार सलमान एफ रहमान और पूर्व आईसीटी राज्यमंत्री जुनैद अहमद पलक को दो और हत्या मामलों में गिरफ्तार किया गया। इन्हें पहले ही हत्या जैसे संगीन आरोपों में सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। खबर के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अरफतुल रकीब की अदालत ने जांच अधिकारियों की तीनों को हत्या के नए मामलों में गिरफ्तार करने की अर्जी मंजूर कर ली। इसके अलावा पूर्व समाज कल्याणमंत्री दीपू मोनी को हत्या के तीन मामलों में गिरफ्तार करने की औपचारिकता पूरी की गई। एक समाचार चैनल के प्रधान संपादक मोजम्मल बाबू को एक हत्या मामले में गिरफ्तार किया गया। हाल ही में हुए सामूहिक विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों को लेकर सभी मामले बड्डा पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच बाबू को ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अरफतुल रकीब की अदालत में पेश किया गया।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में फितना अल-ख्वारिज का कमांडर ढेर

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवात में सुरक्षाबलों ने एक दुर्दांत आतंकवादी को मार गिराया। एआरवाई न्यूज के अनुसार, आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और पुलिस ने लक्षित अभियान में फितना अल-ख्वारिज के कमांडर इनाम उर्फ सरह लुंबा को ढेर कर दिया।

खबर के अनुसार, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सीटीडी और खैबर पख्तूनख्वा पुलिस ने लक्की मरवात में एक संयुक्त अभियान चलाया। इस अभियान में लुंबा को मारने में कामयाबी मिली। गोलीबारी के दौरान सेना ने भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया। मगर वह हाथ नहीं लगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सात सितंबर को सुरक्षा बलों ने खैबर-पख्तूनख्वा के मोहमंद जिले में फ्रंटियर कोर (एफसी) मुख्यालय पर हमले को विफल कर दिया था। इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह हमला आतंकवादी समूह फितना अल-खवारिज से जुड़े चार आत्मघाती हमलावरों ने किया था। कुछ समयपहले पिशिन जिले के सुरखाब शरणार्थी शिविर में सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में पांच आतंकवादी मारे गए थे।



इस बीच इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा है कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर ने मंगलवार को अशांत दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के प्रभावी विकल्पों पर चर्चा की। मुनीर ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान सेना कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए), विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा पुलिस को उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करे।

# चार चीनी नागरिकों को नेपाली नागरिकता देने के आरोप में चार सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार

**काठमांडू।**

**नेपाली नागरिकों को देश का नागरिकता प्रमाण पत्र पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। अभी भी नेपाल में लाखों ऐसे लोग हैं, जिन्हें नागरिकता प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है। ऐसे में चीनी नागरिक को घर बैठे नेपाल की नागरिकता मिलने का खुलासा हुआ है।**



चार लाख रुपये रिश्वत लेकर चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता देने के आरोप में चार सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है।

इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब मंगलवार को काठमांडू पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे जुए के अड्डे से सात लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सात लोगों में से चार चीनी नागरिकों के पास से नेपाल का नागरिकता प्रमाण पत्र मिला। पुलिस को जब इन लोगों पर शंका हुई तो जांच को आगे बढ़ाया गया। पुलिस की जांच में मालूम चला कि यह चीन के नागरिक पिछले दो साल से अवैध रूप से नेपाल में रह रहे हैं। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी दान बहादुर कार्की ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार चीनी नागरिकों में वुई चूमलिंग, दसंग ली, सोनम तमांग और नर्बू समदेन हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें तमांग और समदेन दोनों ही तिब्बत के ल्हासा के रहने वाले हैं, जिन्हें टूटी-फूटी नेपाली भाषा बोलना आता है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इन सभी ने नेपाली नागरिकता हासिल करने के लिए चार-चार लाख रुपये रिश्वत दी है। इनको नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए जिला प्रशासन के दफ्तर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ी और घर बैठे ही इनका बायो मैट्रिक करवा दिया गया था, जबकि नेपाल में नागरिकता हासिल करने के लिए आम लोगों को जिला प्रशासन के दफ्तर में जाना ही पड़ता है। प्रवक्ता ने बताया कि चीनी नागरिकों को नेपाली नागरिकता दिलाने के आरोप में सिंधुपालचोक जिला प्रशासन में कार्यरत मदन बहादुर तामाङ; रामेश्वर रिमाल, छिरिङ ढुन्डुप और छिरिङवाङ्दिन को गिरफ्तार किया है।

अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इन चार चीनी नागरिकों के अलावा और कितने और लोगों को सिंधुपालचोक जिला प्रशासन से फर्जी रूप से नागरिकता का प्रमाण पत्र दिया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी सरकारी कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने यह भी बताया है कि पकड़े गए चीनी नागरिकों ने नेपाली नागरिकता हासिल करने के बाद अब पासपोर्ट बनाने के लिए आवेदन किया हुआ है।

# प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सार्थक दिशा में होना चाहिए: आनंदीबेन पटेल

**वाराणसी, (हि.स.)।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 46वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रौद्योगिकी के सार्थक इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने डिग्री प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों से व्यावहारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों और आने वाले वर्षों में होने वाले बदलाव के लिए भी तैयार रहने को कहा। राज्यपाल ने बुधवार को दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पावर ग्रिड कार्पोरेशन के सीएमडी आर. के. त्यागी के साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक पाने वाले 18 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में कुल 97,252 डिग्रियां और उपाधियां वितरित हुईं। जिनको कुलाधिपति ने बटन दबाकर डिजिलाकर पर अपलोड किया। राज्यपाल और मुख्य अतिथि ने महात्मा गांधी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. आंबेडकर के विचारों पर आधारित एक 'स्मारिका' तथा "गांधी, अंबेडकर और दीनदयाल" पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी पदक तथा उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को बधाई दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्राएं लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रयास कर रही हैं। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राएं तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। आज गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में भी छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। राज्यपाल ने बताया की इस वर्ष शिक्षा का बजट 1.48 लाख करोड़ दिया गया है। जिसका सभी को लाभ लेना चाहिए। अगले पांच वर्षों में भारत के एक करोड़ विद्यार्थियों को देश की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप करने को मौका दिया जायेगा। जिससे उनको उचित जगह कार्य करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के लिए मिलने वाले 7.5 लाख के ऋण का उचित लाभ सभी लें। ऊर्जा की बचत के लिए उन्होंने बिजली, पानी बचत के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 33 विश्वविद्यालय को समर्थ पोर्टल से जोड़ते हुए 200 करोड़ की बचत की गयी है। उन्होंने कहा कि माँ के गर्भ में पल रहे शिशु को भी संगीतमय वातावरण देना चाहिये। राज्य सरकार चाहती है कि गर्भवती के सभी प्रसव अस्पतालों में हो जबकि अभी वर्तमान में 85 प्रतिशत प्रसव अस्पतालों में हो रहा है। अस्पताल में प्रसव से हम नवजात शिशु की उचित देखभाल उचित समय पर सकेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सौ किट भी प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पावर ग्रिड कार्पोरेशन के सीएमडी आर. के. त्यागी ने कहा कि वर्षों के त्याग तथा परिश्रम के बाद आप इन ऊँचाइयों पर पहुँचे हैं। अब राष्ट्र उत्थान में आप सभी अपना योगदान दें। उन्होंने काशी विद्यापीठ को स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान आंदोलन का केंद्र बताते हुए भारतीय



समाज में विश्वविद्यालय के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने 2047 तक भारत के विकसित होने के लक्ष्यों में शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि केवल शिक्षा डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि अपनी जड़ों को मजबूत करना ही असली शिक्षा का उद्देश्य है। उन्होंने नेल्सन मंडेला के प्रसिद्ध वाक्य शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं को उल्लिखित किया। उन्होंने पावर ग्रिड द्वारा राष्ट्र उत्थान में किये जा रहे प्रयासों को भी बताया। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी को इन ऊँचाइयों तक पहुँचाने में उनके माता-पिता तथा गुरुजनों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि काशी आदिकाल से शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान, विवेक, संस्कृतिक चेतना, मानवता की भूमि रही है ऐसी काशी को उन्होंने प्रणाम करते हुए यहां लगातार हो रहे विकास पर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने बताया कि आज उत्तर प्रदेश शिक्षा का हब बन चुका है। सर्वाधिक नैक ग्रेड प्राप्तकर्ता विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में हैं। समारोह में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने विद्यार्थियों को बिना घबराये अपने लक्ष्य के प्रति बिना किसी नकारात्मक भावना के चुनौतियों से लड़ते हुए आगे बढ़ने को कहा। रजनी तिवारी ने कहा कि ज्ञान ही शक्ति है इसी के आधार पर आप राष्ट्र के उन्नति में अपना योगदान दें तथा आप अपने अंदर विनीत भाव लाते हुए प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत के विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करें। समारोह में काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया। इसके पहले दीक्षांत समारोह की शुरूआत शैक्षिक शिष्ट यात्रा और राष्ट्रगान से हुई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, राष्ट्र रत्न शिव प्रसाद गुप्त एवं भारत रत्न आचार्य भगवान दास के चित्रों पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के उपरांत समारोह में छात्राओं ने मंगलाचरण तथा कुलगीत प्रस्तुत किया।

**समारोह में इनकी रही उपस्थिति** – अजगरा भाजपा विधायक टी. राम, कुलसचिव डॉ संगीता पांडेय समेत सामाजिक विज्ञान संकाय, मानविकी विज्ञान, प्रबंध संकाय, शिक्षा संकाय, विधि संकाय, कृषि संकाय, हिन्दी पत्रकारिता संस्थान के संकाय प्रमुखों की मौजूदगी रही।

**सोनभद्र जिले की 10 विशिष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कृत** – दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोनभद्र जिले की 10 विशिष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह,मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हॉप वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा गावों को नशा मुक्त कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। इसके लिए ट्रिन आर्मी से जुड़ी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा बच्चियों को साड़ी तथा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोनभद्र की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों को 100 किट भी प्रदान किया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं : योगी

**– मुख्यमंत्री योगी ने पांच लोगों को बनाया सदस्य**

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चारबाग रोड स्थित केकेसी कॉलेज के समीप दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हमारे कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। लखनऊ महानगर ने अब तक दो लाख 52 हजार 494 सदस्य बनाए हैं।

**बूथ ही होता है चुनाव का कुरुक्षेत्र** – योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि चुनाव जिला, संसदीय-विधानसभा क्षेत्र स्तर



पर नहीं लड़ा जाता है, बल्कि चुनाव का कुरुक्षेत्र बूथ होता है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ मजबूत है तो चुनाव पक्ष में है। इसी बुनियादी बात को ध्यान में रखकर भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हुई है। सीएम ने कहा कि सदस्यता महाभियान का लक्ष्य प्रदेश के सभी 75 व सांगठनिक दृष्टि से सभी 98 जनपदों में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं** – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव, गरीब, किसान, समाज के दबे-कुचले लोगों व महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि है। हर हाथ को काम, हर खेत को पानी उनका उद्घोष था। वे कहते थे कि आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर नहीं, बल्कि सबसे नीचे पायदान पर खड़े व्यक्ति के माध्यम से की जानी चाहिए। सीएम योगी ने कहाकि 70 वर्ष पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक बनी है। इसी का परिणाम है कि कोरोना महामारी के दौरान से ही देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला योजना का निशुल्क सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को मकान, 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ है। यह दृष्टि समाज को समग्र रूप से विकास के पथ पर अग्रसर करने, सामाजिक विकास के माध्यम से सांस्कृतिक उत्थान व राष्ट्र के समग्र विकास की रूपरेखा को बढ़ाने की है।

**हम सभी कर रहे नए भारत का दर्शन** – सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उस विजन को दस वर्ष से धरातल पर उतारकर हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने पं. उपाध्याय की जयंती को अपने सदस्यता महाभियान की तिथि के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। लखनऊ महानगर की टीम बधाई की पात्र है, जिसने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाने के बड़े अभियान को अपने हाथ में लिया है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद सुशील तिवारी, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**मेरठ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में अपराध बढ़ने का आरोप लगाते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपराधों पर रोक लगाने की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी और महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को कार्यकताओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि मेरठ जिले और प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हत्या, बलात्कार, लूट आदि की घटनाएं प्रतिदिन हो रही है। इससे महिलाएं और बच्चियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अपराधों पर अंकुश नहीं लग रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की खरीदी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। सरकारी और शमशान की जमीनों को भाजपा नेता कब्जा रहे हैं। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर बच्चियों की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर अपराधों पर रोक लगाने की मांग की है।

**सपा जिलाध्यक्ष ने जेब से पर्स और मोबाइल उड़ाया** – प्रदर्शन के दौरान ही चोरों ने सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी की जेब काट ली। उनकी जेब में रखा पर्स और और मोबाइल चोरी कर लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके पर्स में 20 हजार रुपए और जरूरी कागजात रखे हुए थे। उन्होंने चोर से अपील की कि पर्स के पैसे वह रख लें, लेकिन कागजात लौटा दें।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी ने किया यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

**–गेम चेंजर हैं योगी आदित्यनाथ, उनके नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश: राष्ट्रपति**

**ग्रेटर नोएडा, (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पांच दिन तक चलने वाले इस ट्रेड शो में 80 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी निवेशक शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि योगी गेम चेंजर हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की स्थितियों को बदल दिया है। इस मौके पर केंद्र और उत्तर प्रदेश के कई बड़े चेहरे मौजूद थे। उद्घाटन के बाद योगी और धनखड़ ने मिलकर ई-रिक्शा से कार्यक्रम में लगे हुए स्टॉल्स का निरीक्षण किया और कलाकारों से बातचीत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने स्टिक उठाकर ड्रम बजाया, जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी उनका साथ दिया। जगदीप धनखड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ गेमचेंजर हैं। उन्होंने स्थितियों को काफी बदल दिया है। उन्होंने कहा कि मैं आश्चर्यचकित हूं कि वह अपनी सरकार पर 24 घंटे नजर रखते हैं। इस समय योगी के नेतृत्व में उप्र लगातार आगे बढ़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश इससे भी ज्यादा तेज गति से बढ़ेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने कहा कि इस ट्रेड शो को आयोजित करने का उद्देश्य प्रदेश के छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां खुद का अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो होता है। प्रदेश की एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करने में यह अहम योगदान देगा। पिछले वर्ष ट्रेड शो में छह हजार करोड़ का व्यापार हुआ था, इस वर्ष यहां 80 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी निवेशक शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग व कपड़ा मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा स्वतंत्र देव सिंह, बृजेश सिंह, धर्मपाल सिंह सैनी, नंद गोपाल नंदी और दयाशंकर सिंह उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र, 1.36 लाख करोड़ बकाया राशि दिलाने की मांग की

**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र के जरिए उन्होंने झारखंड में कार्यरत कोयला कंपनियों पर राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का भुगतान कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र की प्रतियां बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि हमारी मांग सिर्फ न्याय की है, विशेषाधिकार की नहीं। झारखंड के लोगों ने अपने राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया है और अब हम चाहते हैं कि हमारे संसाधनों एवं अधिकारों का उचित उपयोग हो। उन्होंने कहा कि झारखंडियों का हक मांगो तो ये जेल डाल देते हैं लेकिन अपने हक के लिए हर कुबार्नी मंजूर है। हेमंत सोरेन ने बकाया राशि का भुगतान करने के लिए पीएम मोदी के सामने दो विकल्प रखे हैं। पहला जब तक बकाया राशि का भुगतान किस्तों में नहीं हो जाता तब तक कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को ब्याज राशि का भुगतान करना शुरू किया जाये। दूसरा, भारतीय रिजर्व बैंक में कोल इंडिया के खाते में जमा राशि से झारखंड राज्य को सीधे डेबिट कराया जाये। जैसा कि झारखंड राज्य बिजली बोर्ड के साथ डीवीसी के बकाया मामले में किया गया था।

**बकाया मिलने से गरीबी से लड़ने और लोगों के जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी** – सीएम सोरेन ने अपने पत्र में लिखा है कि बकाया का भुगतान जल्द शुरू कराया जाये, ताकि झारखंड के लोगों को परेशानी न हो। साथ ही इस गरीब आदिवासी राज्य की बेहतरी के लिए राज्य सरकार सामाजिक और आर्थिक परियोजनाओं की संख्या और गति बढ़ा सके।

यदि कोयला कंपनियों द्वारा राज्य के वैध बकाया का समय पर भुगतान कर दिया जाता है, तो झारखंड के लोग सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। ऐसा होने पर गरीबी से लड़ने और राज्य के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा करने में मदद मिलेगी। पत्र में हेमंत सोरेन ने खनन रॉयल्टी पर सुप्रीम कोर्ट के पिछले दिनों के एक फैसले का हवाला भी दिया है,



जिसमें कोर्ट ने कहा था कि राज्यों को खनिज युक्त जमीन पर रॉयल्टी के लिए पिछला बकाया वसूलने का अधिकार है। बकाया के संबंध में कानून में प्रावधान और न्यायिक आदेशों के बावजूद कोयला कंपनियां कोई भुगतान नहीं कर रही है, जिसके कारण झारखंड को भारी नुकसान हुआ है। लंबित मांगों का सवाल विभिन्न मंचों, प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्रालय, नीति आयोग और अन्य मंचों पर उठाये जाने के बावजूद हमें अभी तक भुगतान मिलना शुरू नहीं हुआ है। अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है।

**हम स्पेशल स्टेटस नहीं मांग रहे** – हेमंत सोरेन ने कहा है कि कहा कि हम भाजपा के सहयोगी राज्यों की तरह स्पेशल स्टेटस नहीं मांग रहे और न ही हम कुछ राज्यों की तरह केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं। झारखंड एक अविकसित राज्य है और यहां सामाजिक आर्थिक परिस्थितियां बहुत खराब है। बकाया का भुगतान नहीं होने के कारण राज्य की जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। हमारी न्यायोचित मांगों का कोई समाधान नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप सबसे समृद्ध खनिज संपन्न राज्य को बहुत कम आय हो रही है। राज्य को भारी नुकसान हुआ है। आखिरी गांव के अंतिम व्यक्ति तक सामाजिक-आर्थिक सुधारों, सड़क-इंफ्रास्टक्चर और नीतियों को पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। सोरेन ने लिखा है कि दूसरी तरफ खनिजों का दोहन कर कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। जब झारखंड की बिजली कंपनी के स्तर से डीवीसी को बकाया राशि के भुगतान में थोड़ी देरी हुई थी तब झारखंड के आरबीआई खाते से 12 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बकाया भुगतान की नीति में अंतर है और यह अंतर बकाया जो हमारे द्वारा देय हैं और जो हमें देय है में एक विरोधाभास को दशार्ता है। यह मनमानी है, जो राज्य को बहुत ही वंचित स्थिति में डालता है।

**किस्तों में बकाया भुगतान शुरू होने तक हर माह 1100 करोड़ ब्याज दें** – मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि कानून हमें राजस्व एकत्र करने की अनुमति देता है, तो इसे राज्य को भुगतान किया जाना चाहिए। कोल कंपनियों के बकाया पर 4.5 फीसदी की दर से साधारण ब्याज की गणना करने पर राज्य को देय ब्याज राशि 510 करोड़ रुपये प्रति माह होगी। यदि डीवीसी बकाया के संबंध में झारखंड राज्य से वसूले गये ब्याज के मामले में समानता के आधार पर चलते हैं, तो ब्याज 1100 करोड़ रुपये प्रति माह हो जाता है। हेमंत ने कहा कि झारखंड में कार्यरत कोयला कंपनियों पर झारखंड का मार्च 2022 तक 1,36,042 करोड़ रुपये का बड़ा बकाया है। मार्च 2022 में भी मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को बकाया राशि कोल कंपनियों से दिलाने के लिए पत्र लिखा था।

# परिवर्तन यात्रा के जरिए राज्य सरकार की नाकामियों को लोगों तक पहुंचा रही भाजपा : अर्जुन मुंडा

**पूर्वी सिंहभूम, (हि.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य की जनता आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है और इस सरकार ने जनता को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस कारण जनता ने अब परिवर्तन का मन बना लिया है। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा राज्य सरकार की नाकामियों को लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। मुंडा बुधवार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के आदित्यपुर में होटल क्रूज में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऊपरी मन से आदिवासियत की बात करती है लेकिन यहां पर आदिवासी ही सुरक्षित नहीं है, जिसका नुकसान आने वाले समय में होगा। इस देश में सभी लोगों तक मौलिक सुविधाएं पहुंचे, लोग सशक्त बनें इसको लेकर



भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार काम कर रही है लेकिन यहां की राज्य सरकार केंद्र के द्वारा भेजे गये पैसे का दुरुपयोग कर माफियाओं से लूटवा रही है। इनके जनप्रतिनिधि इसी कार्य में व्यस्त हैं। मुंडा ने कहा कि सत्ता में रहकर इस सरकार ने राज्य में लूट का रिकॉर्ड बनाया है। कहीं 35 करोड़ तो कहीं 300 करोड़ रुपये छापेमारी में मिल रहे हैं। राज्य के लोग बहुत निराश हैं। जनता प्रताड़ित हो रही है। कानून-व्यवस्था का बुरा हाल है। प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रहा है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। मैं यह मांग करता हूं कि हेमंत सरकार मंईयां योजना के तहत मेरी बहनों को एकमुश्त पांच साल के लिए 60 हजार रुपये खाते में जमा करें।

# इंडोर स्टेडियम को एसबीआई के सीएसआर के तहत मिला जेनरेटर, डीएम ने किया उद्घाटन

**अररिया, (हि.स.)।** अररिया के इंडोर स्टेडियम में अब बिजली आबाध गति से उपलब्ध होगी। इंडोर स्टेडियम को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सीएसआर कार्यक्रम के तहत उच्च क्षमता वाले साउंड लेस जेनरेटर भेंट किया गया है। जिसका उद्घाटन बुधवार को डीएम अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर डीएम के द्वारा खेल भवन का निरीक्षण के साथ साफ सफाई को लेकर भी जायजा लिया गया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट डिश निर्देश दिए गए। मौके पर डीएम अनिल कुमार के अलावे एसडीओ अनिकेत कुमार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के निदेशक नितेश पाठक, भू अर्जन पदाधिकारी वसीम अहमद,आपदा प्रबंधन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, खेल पदाधिकारी अरविंद कुमार, एसबीआई के रीजनल मैनेजर कुंदन प्रकाश, चीफ मैनेजर अमित कुमार झा, एडीबी शाखा के चीफ मैनेजर दीपक कुमार भोसले,



एलडीएम अजीत कुमार वर्मा, मंजीत कुमार, छोटेलाल गुप्ता, संतोष कुमार राहुल, रोहित कश्यप, तरुण कुमार, नवीन राज, अक्षय वर्मा, प्रिया रानी, सोनाली, रविराज, रंजन सिंह आदि मौजूद थे। मौके पर जानकारी देते हुए डीएम अनिल कुमार ने बताया कि अररिया में तीन दिनों का राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितंबर से किया जायेगा। जिसमे पूरे राज्य के खिलाड़ी नेताजी स्टेडियम में अपने खेल कला कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को सफलता और तैयारी को लेकर खेल भवन समेत स्थानों का जायजा लिया गया। डीएम ने कहा कि खिलाड़ियों के ठहरने और अन्य सुविधा को लेकर तैयारी की जायजा लेने के साथ साफ सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं डीएम ने एसबीआई की ओर से सीएसआर के तहत इंडोर स्टेडियम को मिले साउंड लेस जेनरेटर पर एसबीआई प्रबंधन के प्रति आभार जताया और आशा व्यक्त की कि अब इंडोर स्टेडियम में बिजली का सप्लाई आबाध रूप से जारी रहेगी। वहीं एसबीआई के रीजनल मैनेजर कुंदन प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय स्टेट बैंक न केवल बैंकिंग का काम करती है, बल्कि जन सरोकार से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता से करती है। एसबीआई प्रशासन और सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर सरकार की योजनाओं को गति प्रदान करने में सकारात्मक सहयोग प्रदान करने में अपनी महती भूमिका निभाती है और इसी कड़ी में सीएसआर के तहत इंडोर स्टेडियम को जेनरेटर उपलब्ध कराया गया है।

# नाथनगर में समाजसेवी ने बाढ़ पीड़ितों के बीच राशन बांटा



**भागलपुर, (हि.स.)।** समाजसेवी विजय कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ बुधवार को नाथनगर के शंकरपुर बिंदटोली सहित आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नाव से भ्रमण किया और बाढ़ पीड़ितों के बीच सुखा राशन वितरण किया। विजय यादव ने कहा कि भीषण बाढ़ से कई इलाकों में बाढ़ प्रभावित परिवार का जीना मुश्किल हो गया है। कई घर बाढ़ के पानी में बह गये है। लोग जैसे तैसे अपना गुजारा कर रहे है। जबतक बाढ़ जैसी स्थिति बनी रहेगी, तबतक सेवा जारी रहेगा। जहां तक होगा मदद करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से आम जनमानस में खाने-पीने का अभाव हो गया है। लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोग मजदूरी करने घर से नहीं निकल पा रहे हैं।

बाढ़ पीड़ितों के घरों तक खाने के लिए राशन तक नहीं पहुंच रहे है। सरकार ने भी कई शिविर लगाई गई है। मौके पर हिमांशु कुमार, संजय साह, माना शुक्ला, आशीष कुमार, विवेक आदि मौजूद थे।

# आर्थिक आजादी के बिना राजनैतिक आजादी घोखा है : प्रगतिशील मिथिला समाज

**सहरसा, (हि.स.)।** प्राउटिष्ट सर्व समाज की अगुवाई में भारत के सभी प्रमुख चौवालिस जन गोष्ठी आधारित समाजों का अपने-अपने जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना का आयोजन बुधवार को किया गया। इसी क्रम में ऐतिहासिक मिथिला के सहरसा जिला सहित इसके सभी जिले में भी प्रगतिशील मिथिला समाज के द्वारा धरना दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री को दस सूत्री स्मार पत्र भेजा गया। धरना को संबोधित करते हुए प्राउटिष्ट सर्व समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य रणधीर देव ने कहा कि जब तक सबके जीवन में क्रय शक्ति की गारंटी नहीं मिल जाती यानी शत-प्रतिशत रोजगार नहीं मिल जाता।स्थानीय संसाधन पर स्थानीय विकास हेतु उपक्रम खड़ा नहीं हो जाता। किसानों को कृषि को उद्योग का दर्जा नहीं मिल जाता,राजनैतिक आजादी को धोखा ही माना जायेगा, क्योंकि आज भी भारत का गांव भारत के ही महानगरों में रहने वाले मुट्ठी भर लोगों का उपनिवेश गुलाम बना हुआ हैं। इससे मुक्ति मिलने पर ही सही मायने में सबके जीवन में राजनैतिक और आर्थिक आजादी नसीब होगा। प्रगतिशील मिथिला समाज के जिला सचिव अधिवक्ता शंकर कुमार ने कहा कि भारत की विविधता जन गोष्ठी को लेकर है। जिसमें ऐतिहासिक मिथिला भी एक जन गोष्ठी है। हमें मिथिला के लोगों को मिथिलांचल के ही संसाधन से पूर्ण आत्मनिर्भर बनाना है और यह तब होगा जब मिथिलांचल के संसाधन को कच्चे माल के रूप में बाहर जाने से रोकने का कानून बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार झा तथा धन्यवाद ज्ञापन रंजीत कुमार मेहता ने किया। धरना में लगभग सौ लोगों ने भाग लिया।

# भागलपुर-जमालपुर सेक्शन में ट्रेनों का परिचालन शुरू

**भागलपुर, (हि.स.)।** मालदा रेल डिवीजन के तहत भागलपुर-जमालपुर सेक्शन की अप और डाउन दोनों लाइनों पर सुल्तानगंज (एसजीजी) और रतनपुर (आरपीयूआर) के बीच 24 सितंबर को 16:15 बजे सभी ट्रेनों के लिए ट्रैक फिटनेस बहाल कर दी गई। अप लाइन पर किमी 335/25 और 350/41 के बीच



30 किमी प्रति घंटा और डाउन लाइन पर किमी 350/42 और 335/26 के बीच 30 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। सभी ट्रेनें अब सामान्य मार्ग से जा रही हैं। मालदा डिवीजन के रेलवे अधिकारी ट्रेनों की सुरक्षा और समय पर आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। बीते 21 सितंबर को 23:45 बजे से ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई थी।

# सिडनी में व्यापार संवर्धन कार्यालय खोलेगा भारत : पीयूष गोयल



नई दिल्ली।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में व्यापार संवर्धन के लिए एक कार्यालय खोलने की घोषणा की है। इस कार्यालय में इनवेस्ट इंडिया, एनआईसीडीसी, ईसीजीसी, व्यापार एवं पर्यटन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सीआईआई के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। गोयल ने कहा कि मेक इन इंडिया को शानदार सफलता मिली है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के व्यापार एवं पर्यटन मंत्री महामहिम डॉन फैरेल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ये कार्यालय दोनों पक्षों के निवेशकों और कारोबारियों के बीच सेतु का काम करेंगे। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार, निवेश, पर्यटन और प्रौद्योगिकी में साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

गोयल ने कहा कि भारत आज 'मेक इन इंडिया' के 10 साल पूरा होने का जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए संपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान किया है। इसमें बुनियादी ढांचे के लिए 'प्लग एंड प्ले', अनुमोदन के लिए एकल खिड़की प्रणाली, अनुपालन बोझ को कम करने, कानूनों को अपराधमुक्त करने, नए क्षेत्रों में एफडीआई खोलने और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के प्रावधान प्रदान किए गए हैं, जो भारत में विनिर्माण को आकर्षित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि भारत के मेक इन इंडिया कार्यक्रम और ऑस्ट्रेलिया के मेक इन ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम के बीच प्रौद्योगिकियों, अवसरों का आदान-प्रदान करने और व्यवसायों को एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करने की बहुत संभावनाएं हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास, निवेश, पर्यटन, महत्वपूर्ण खनिजों और स्थिरता के लिए हरित पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोग बढ़ाना ऐसे क्षेत्र हैं, जहां साझेदारी में कई महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं।

वाणिज्य मंत्री गोयल ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा कि पहली बार ऑस्ट्रेलिया में सीआईआई और फिक्की दोनों के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व किया गया, जो साझेदारी के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मई 2022 से वरिष्ठ नेताओं की 9 व्यक्तिगत बैठकों के साथ दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व संबंध नेताओं के बीच गहरे संबंधों को दर्शाते हैं, जो व्यापार-व्यवसाय और लोगों के बीच जुड़ाव को बढ़ाते हैं।

गोयल ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के माध्यम से आर्थिक-सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईसीटीए समझौते के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों को बाजार तक पहुंच मिली है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इससे पहले गोयल ने भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक के दौरान दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पीटर मालिनौस्कास से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि मालिनौस्कास से मिलकर बहुत खुशी हुई। गोयल ने कहा कि दोनों देशों ने हमारी पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, हमने प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कच्चे हीरे की कमी से डायमंड इंडस्ट्री परेशान, कीमत में जोरदार तेजी की आशंका



**नई दिल्ली।** ज्वेलरी पहनने के शौकीन लोगों को अब अपने शौक को सीमित करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। वैश्विक तेजी के कारण सोना और चांदी की कीमत फिलहाल ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंची हुई है। अब हीरे की कीमत में भी जोरदार तेजी आने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कच्चे हीरे की कीमत में करीब 40 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। ऐसा होने पर फिनिश्ड हीरे और हीरे से बने जेवरात की कीमत में भी जोरदार उछाल सकता है। आपको बता दें कि दुनिया भर में फिलहाल हर साल 80 से 85 लाख कैरेट कच्चे हीरे की मांग है। लेकिन सप्लाई के मोर्चे पर फिलहाल 70 से 72 लाख कैरेट कच्चे हीरे की ही उपलब्धता हो पा रही है। ऐसी स्थिति में पिछले 6 महीने में ही कच्चे हीरे की कीमत में 35 प्रतिशत तक का इजाफा हो चुका है। माना जा रहा है कि पिछले 20 से 25 सालों के दौरान कच्चे हीरो के दोहन में काफी तेजी आई है, जिसकी वजह से जिन खदानों से पहले हीरे निकाले जाते थे, वहां से ज्यादातर हीरे निकाले जा चुके हैं। अब इन खदानों से हीरा निकाले में अधिक मेहनत और पैसा दोनों लग रहा है। फिलहाल जिम्बाब्वे में दुनिया का सबसे बड़ा हीरे का भंडार बचा हुआ है। ऐसा भी सिर्फ इसलिए है, क्योंकि वर्ल्ड डायमंड काउंसिल की पाबंदी की वजह से जिम्बाब्वे के हीरे को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने पर रोक लगी रही। एक अनुमान के मुताबिक जिम्बाब्वे में हीरे का इतना बड़ा भंडार मौजूद है कि वहां की खदानों से सालाना 15 लाख कैरेट कच्चा हीरा मिल सकता है। कच्चे हीरे की सप्लाई में कमी होने से भारत जैसे देश में भी संकट की स्थिति बन सकती है। हीरे की कटिंग के मामले में भारत दुनिया भर में सबसे ऊंचा स्थान रखता है। सूरत में दुनिया भर में सबसे अधिक हीरे की कटिंग का काम होता है।

### केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा, यूपी में जल्द लगेगा सेमीकंडक्टर प्लांट



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित की जाएगी। राज्य ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। यह जानकारी उन्होंने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के शिखर सम्मेलन में दी। केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के शीर्ष राज्यों में से एक होगा, जो सेमीकंडक्टर उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इसे भारत का ग्रोथ इंजन माना जाएगा। मंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर संयंत्र पर जल्द काम शुरू किया जाएगा और यह राज्य उन गिन-चुने स्थानों में शामिल होगा, जहां सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां स्थापित होंगी। भारत और अमेरिका ने हाल ही में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है, जिससे भारत में इस उद्योग का विकास होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ चिप निर्माण के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो टेक्नोलॉजी के विकास और उसके उपयोग पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर भारत को डिजिटल इंडिया बनाने के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काफी अहम है। सरकार की योजना है कि टेक्नोलॉजी का फायदा दूर-दराज के गांवों तक पहुंचे, जिससे डिजिटल डिवाइड कम हो सके।

### एयरटेल फर्जी कॉल पर रोक लगाने एआई-सक्षम प्रौद्योगिकी लागू करेगा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने फर्जी कॉल व संदेशों पर रोक लगाने के लिए अपने नेटवर्क



पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रौद्योगिकी लागू करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस प्रौद्योगिकी की शुरुआत 26 सितंबर की मध्यरात्रि से की जाएगी, जो उपयोगकर्ताओं को संभावित फर्जी (स्पैम) कॉल व संदेशों के बारे में सचेत करेगी। अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई संकेतक हैं जिनके आधार पर हमने ये फर्जी गिरोह चलाने वालों की पहचान की है। हमने एआई से लैस 'स्पैम डिटेक्शन' समाधान विकसित किया है। यह दो मिलीसेकंड में कॉल का विश्लेषण करता है और डायलर पर उपयोगकर्ताओं को सचेत करता है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा एयरटेल के सभी स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क होगी। विट्ठल ने बताया कि यह प्रौद्योगिकी स्वयं 'कॉल' को ब्लॉक नहीं करेगी, बल्कि उसे ब्लॉक करने का निर्णय उपयोगकर्ता को लेना होगा, क्योंकि कभी-कभी वास्तविक कॉल भी फर्जी कॉल के तौर पर प्रदर्शित हो जाती हैं।

## शेयर बाजार ने लगातार छठे दिन बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

# आखिरी आधे घंटे की खरीदारी से शेयर बाजार नए शिखर पर, निवेशकों को 83 हजार करोड़ का घाटा

**सेंसेक्स 85 हजार के ऊपर और निफ्टी 26 हजार के ऊपर बंद हुआ**



नई दिल्ली।

पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार बुधवार को आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के सपोर्ट से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के ऊपर और निफ्टी 26 हजार अंक के ऊपर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.30 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

दिन भर हुई खरीद बिक्री में पावर, रियल्टी, मेटल, बैंकिंग और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। पीएसयू बैंक, आईटी, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया।

बुधवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 475.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 476.07 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को बुधवार के कारोबार से करीब 83 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

बुधवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,065 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,700 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,252 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 113 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,483 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,008 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,475 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 77.59 अंक की कमजोरी के साथ 84,836.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में हरे निशान में अपनी जगह बना ली, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक एक बार फिर लाल निशान में लुढ़क गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 171 अंक टूट कर 84,743.04 अंक के स्तर तक पहुंच गया। दोपहर 1 बजे के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। करीब तीन बजे तक मामूली खरीदारी करने के बाद कारोबार के आखिरी आधे घंटे में लिवालों ने जम कर लिवाली शुरू कर दी, जिससे थोड़ी ही देर में ये सूचकांक 333.38 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 85,247.42 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 255.83 अंक की तेजी के साथ क्लोजिंग के नए शिखर 85,169.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 40.95 अंक टूट कर 25,899.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने भी रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक दोबारा लाल निशान में लुढ़क गया।

लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 69.05 अंक की कमजोरी के साथ 25,871.35 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में शाम 3 बजे तक लगातार दबाव की स्थिति बनी रही, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने अचानक आक्रामक तरीके से लिवाली शुरू कर दी। इस खरीदारी के कारण अगले 10 मिनट में ही निफ्टी निचले स्तर से 160 अंक से भी अधिक उछल कर 92.40 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 26,032.80 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 63.75 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 26,004.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन भर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.91 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 2.30 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.87 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 1.63 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व 1.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एलटी माइंडट्री 3.81 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.10 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 1.82 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 1.40 प्रतिशत और टाइटन कंपनी 1.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बुधवार को टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# केंद्र ने एमसीए-21 मंच से संबंधित शिकायतों के लिए गठित किया विशेष दल

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने एमसीए-21 मंच से संबंधित हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष दल का गठन किया है। इसका उद्देश्य इस मंच के इस्तेमाल में आने वाली समस्याओं का समाधान करना है।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि एमसीए-21 मंच कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी कानूनों के तहत विभिन्न 'फाइलिंग' प्रस्तुत करने का एक प्रमुख मंच है। इस मंच का इस्तेमाल करने में हितधारकों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसके मद्देनजर एक विशेष दल का गठन किया गया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कारोबार को आसान बनाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिनमें कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) के निगमन और निकास की आसान और त्वरित प्रक्रिया, विलय की त्वरित स्वीकृति आदि शामिल हैं।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा कि इस संबंध में एमसीए-21 पोर्टल पर कंपनियों और एलएलपी द्वारा विनियामक अनुपालन के लिए, एमसीए के पास ईमेल, हेल्पडेस्क सिस्टम, टिकटिंग टूल, चैटबॉट और सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हितधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं की नियमित समीक्षा की एक प्रणाली है। मंत्रालय के मुताबिक तत्काल प्रकृति के मुद्दों को हल करने के एक और उपाय के रूप में एक विशेष टीम गठित किया गया है, जो कुशल निपटान के लिए शिकायतों पर गौर करेगी। इसके अलावा यदि आवश्यक हो तो व्यवस्थित समाधान सुझाएगी और एमसीए-21 पोर्टल पर अनुपालन के लिए हितधारकों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

### हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ को सेबी की मंजूरी, अक्टूबर में हो सकती है लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज ऐंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने दक्षिण कोरिया की कंपनी हुंडई मोटर की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड को आईपीओ लॉन्च करने के लिए हरी झंडी दे दी है। कंपनी ने इस इश्यू के लिए जून के महीने में ही सेबी के पास डीआरएचपी जमा कराया था। हुंडई मोटर का आईपीओ अगले महीने अक्टूबर में लॉन्च किया




जा सकता है। माना जा रहा है की हुंडई मोटर का आईपीओ देश में अभी तक सबसे बड़ा आईपीओ साबित हो सकता है। इस आईपीओ में ऑफर फॉर सेल के जरिए प्रोमोटर्स के शेयरों की बिक्री की जाएगी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का प्रस्तावित आईपीओ 3 अरब डॉलर का है। बताया जा रहा है कि अगर कंपनी का लिस्टिंग प्लान सफल रहा तो ये इश्यू भारत का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7 फीसदी पर रखा बरकरार




नई दिल्ली।

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी पर बरकरार रखा है। एजेंसी ने कहा कि भारत की वृद्धि संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।

एडीबी ने बुधवार को जारी अपने सितंबर एशियाई डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) में कहा कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि 7 फीसदी और अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। एडीबी के दोनों ही एडीओ अप्रैल 2024 के पूर्वानुमान के बराबर हैं।

एडीबी के मुताबिक बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी व्यय से आने वाली तिमाहियों में भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। एजेंसी ने कहा कि निर्यात पहले के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, एडीबी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है। एक दिन पहले एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की विकास दर अनुमान को 6.8 फीसदी पर रखा बरकरार है, जबकि मूडीज रेटिंग्स ने पिछले महीने कैलेंडर वर्ष 2024 में 7.2 फीसदी और कैलेंडर वर्ष 2025 में 6.6 फीसदी की दर से जीडीपी बढ़ने का अनुमान जताया था।

# सर्राफा बाजार में शिखर पर पहुंचा सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली।

घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 76,520 रुपये से लेकर 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। देश के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,160 रुपये से लेकर 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु भी 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 76,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 76,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 76,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 76,420 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार



नई दिल्ली।

ग्लोबल मार्केट से बुधवार को मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,732.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 100.25 अंक यानी 0.56 प्रतिशत उछल कर 18,074.52 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 114.10 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,094.12 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,282.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.26 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,604.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 149.84 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,996.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,946.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.08 प्रतिशत फिसल कर 2,629.57 के स्तर पर पहुंच गया है। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 1.02 प्रतिशत टूट कर 7,699.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.64 प्रतिशत लुढ़क कर 3,599.68 के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,988.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.28 प्रतिशत उछल कर 1,466.14 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स में जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 381.98 अंक यानी 1.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,382.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.70 प्रतिशत की छलांग लगा कर 2,912.65 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 270.03 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,701.81 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# एक दशक में बदली भारतीय रेलवे की तस्वीर विकास के नए शिखर पर भारतीय रेल : क्रिसिल

**क्रिसिल की रिपोर्ट ने दिखाई गई भारतीय रेलवे की सुनहरी तस्वीर**



नई दिल्ली।

भारतीय रेलवे में पिछले एक दशक के दौरान इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी अपडेट, मॉडर्नाइजेशन और ऑपरेशनल अपग्रेड जैसे कई बदलाव आए हैं, जिनकी वजह से रेलवे विकास के नए शिखर पर पहुंच गया है।

क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2016 से लेकर अभी तक की अवधि में रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए 17.4 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है। रेलवे के आधुनिकीकरण से देश की इकोनॉमी को भी काफी फायदा हुआ है। इस दौरान रेलवे कैपेक्स में सालाना 12 प्रतिशत की दर से ग्रोथ हुआ है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पिछले एक दशक के दौरान सरकार का फोकस ट्रैक, ट्रेन और स्टेशन के विकास पर रहा है।

ट्रैक और ट्रेन के विकास में इलेक्ट्रिफिकेशन, टैक सिक्योरिटी, हाई स्पीड और मुसाफिरों को अधिक से अधिक सुविधा दिलाने पर सरकार काम कर रही है इस दौरान हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, ट्रैक इलेक्ट्रिफिकेशन और एंटी कोलाइजन डिवाइस कवच जैसे प्रोजेक्ट पर सरकार प्राथमिकता की आधार पर निवेश कर रही है। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट की वजह से रेलवे की आय में भी इजाफा हुआ है।

# ईशा ने की ट्रेन की सवारी, अनुभव किया सांझा



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल ने वंदे भारत ट्रेन में यात्रा की और अपने अनुभवों को भी सोशल मीडिया पर सांझा किया। ईशा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह वंदे भारत ट्रेन में सफर करते हुए अपनी यात्रा के बारे में बात कर रही हैं। इस वीडियो में वह ट्रेन में चढ़ने से लेकर मुंबई सेंट्रल तक के कुछ बेहतरीन पलों का जिक्र करती हैं। हालांकि, ईशा ने यह नहीं बताया कि वह इस यात्रा पर कहां जा रही हैं। वीडियो में वह कहती हैं, मैं बहुत लंबे समय बाद ट्रेन की सवारी कर रही हूं। हम वंदे भारत से जा रहे हैं। उन्होंने इस पोस्ट में कई हैशटैग का इस्तेमाल किया, जैसे #ट्रेनराइड, #ट्रैवलडायरीज और #मेकइनइंडिया। ईशा देओल की अभिनय यात्रा 2002 में कोई मेरे दिल से पूछे से शुरू हुई थी। उन्होंने सैफ अली खान और ऋतिक रोशन के साथ ना तुम जानो ना हम जैसी सफल फिल्मों में काम किया। इसके बाद, उन्हें क्या दिल ने कहा और एलओसीः कारगिल जैसी फिल्मों में भी देखा गया। उनकी पिछली फिल्म 2019 में आई लघु फिल्म केकवॉक थी, जिसमें उन्होंने एक शेफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन राम कमल मुखर्जी ने किया था, और इसमें ईशा ने समाज में एक महिला की पेशेवर और व्यक्तिगत यात्रा को दशार्या था। मालूम हो कि वंदे भारत एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की एक मध्यम दूरी की सुपरफास्ट सेवा है, जिसे 15 फरवरी 2019 को चालू किया गया था। यह ट्रेन मेक इन इंडिया पहल का हिस्सा है और इसे बेहतर सुविधाओं और तेज यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है।

# क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है : रश्मिका मंदाना



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने एक तस्वीर साझा की जिसमें वह बिस्तर पर लेटी हुई मुस्कुरा रही हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है? एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और विचार-प्रोवोकिंग पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बदलती पर्सनालिटी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कभी-कभी उन्हें बेवजह घंटों तक वर्कआउट करना पड़ता है, भले ही वह समय अनजाने में अजीब क्यों न हो। वहीं, कुछ दिनों में उनका मन वर्कआउट करने का नहीं होता, और वह सोफे पर लेटकर अनहेल्दी खाना खा रही होती हैं और के-ड्रामा देख रही होती हैं। रश्मिका ने अपने प्रशंसकों से पूछा, क्या आप भी ऐसा करते हैं? हां या ना में जवाब दें। 78 प्रतिशत लोगों ने हां का विकल्प चुना, जबकि 22 प्रतिशत ने ना का। रश्मिका की इस बातचीत ने दर्शकों के बीच एक दिलचस्प संवाद को जन्म दिया है। इसके अलावा, इंस्टाग्राम स्टोरी में मलेशियाई मॉडल-ब्लॉगर कुआन ने रश्मिका के साथ एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तेलुगू सीख रही हैं। कुआन ने इसे मेरी नई दोस्त के रूप में कैप्शन दिया, और रश्मिका ने तेलुगू में यही बात दोहराई। कुआन ने आगे लिखा, मैं तमिल सीख रही हूं दोस्तों। रश्मिका की फिल्मी करियर की बात करें तो वह जल्द ही अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2ः द रूल में नजर आएंगी। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को तेलुगू, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, रश्मिका शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित धनुष स्टार कुबेर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वह सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर में भी दिखाई देंगी, जिसे गजनी के निर्देशक एआर मुरुगादॉस बना रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस रश्मिका इस समय मिलान फैशन वीक में भाग ले रही हैं।

# प्रभुदेवा के साथ नजर आई सनी लियोन



**मुंबई (ईएमएस)।** चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में बालीवुड एक्ट्रेस सनी लियोन प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-फिल्म निमार्ता प्रभुदेवा के साथ नजर आईं। सनी लियोन ने आगामी फिल्म पेट्टा रैप के गाने वेची सेयुथे के ऑडियो लॉन्च के लिए प्रेस मीट में शिरकत की। महीने की शुरूआत में रिलीज हुआ गाना वेची सेयुथे दर्शकों के बीच धमाल मचा चुका है। गाने की आकर्षक बीट्स और ऊर्जावान कोरियोग्राफी के साथ-साथ सनी लियोन की स्क्रीन उपस्थिति को उनके प्रशंसकों से अपार प्यार मिल रहा है। प्रभुदेवा की प्रसिद्ध नृत्य कला और सनी लियोन के ग्लैमर का एक आदर्श मिश्रण पेश करते हुए, इस ट्रैक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। प्रशंसकों ने गाने को पसंद किया है, डांस स्टेप्स को फिर से परिभाषित किया है और अपना उत्साह ऑनलाइन साझा किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, सनी लियोन और प्रभुदेवा दोनों ने पेट्टा रैप के लिए अपने सहयोग और वेची सेयुथे गाने के निर्माण के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम ने एक यादगार सिनेमाई अनुभव प्रदान करने के लिए उनके उत्साह और प्रतिबद्धता को उजागर किया। पेट्टा रैप के अलावा, सनी लियोन कई अन्य परियोजनाओं में भी अभिनय करने के लिए तैयार हैं। वह प्रभुदेवा और हिमेश रेशमिया की आने वाली फिल्म बदमाश रविकुमार में शामिल हैं। उनके पास पाइपलाइन में एक बेनाम मलयालम परियोजना भी है। इसके अलावा, सनी फिल्म शेरो में दिखाई देंगी, परियोजना के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं।

## 'हमारी पीढ़ी को 'टीवीएफ' जैसा प्लेटफॉर्म मिलना किस्मत थी': अभिषेक बनर्जी



टीवीएफ (द वायरल फीवर) एक ऐसी प्रोडक्शन कंपनी बन गई है, जो हमेशा रिलेटेबल और दिलचस्प कंटेंट बनाती है। अपने शो के जरिए टीवीएफ ने लाखों लोगों के दिल जीते हैं और ये साबित किया है कि आज की पीढ़ी को सबसे अच्छे से को समझते हैं। टीवीएफ ने हमें सिर्फ काफी कमाल के शोज ही नहीं दिए, बल्कि एक्टर्स के करियर को भी आकर दिया है। बता दें कि अभिषेक बनर्जी अक्सर अपने करियर में टीवीएफ की अहम भूमिका के बारे में बात करते हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बनर्जी ने टीवीएफ के फाउंडर अरुणाभ कुमार के कमाल के विजन के बारे में बात की, जो उस वक्त यूट्यूब पर वीडियो बनाने लगे थे, जब बहुत कम लोग इस प्लेटफार्म की पोटेंशियल पर विश्वास करते थे। शुरू में बनर्जी भी थोड़ा डाउटफुल थे, लेकिन चैनल ने बहुत बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी की अपनी किस्मत होती है, और उनकी किस्मत थी कि उन्हें टीवीएफ मिला, जिसने उन्हें ऐसा कंटेंट बनाने का मौका दिया जो दर्शकों को पसंद आया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला। उन्हें ये कहकर अपनी बात खत्म की कि आज इंडस्ट्री में कई लोगों के करियर में टीवीएफ का बड़ा योगदान कर रहे हैं। टीवीएफ ने हमेशा दिखाया है कि कंटेंट सबसे जरूरी चीज है, और वे लीडर्स हैं जिन्होंने अपने शो के साथ एक नया स्टैंडर्ड सेट किया है। वे ऐसे रीलेटेंल कंटेंट प्रदान करते हैं जिसे आज का युवा देखना चाहता है। द वायरल फीवर भारत में वेब सीरीज बनाने वाली पहली कंपनियों में से एक थी, जिसमें परमानेंट रूममेट्स, हॉस्टल डेज, टीवीएफ पिचर्स और टीवीएफ ट्रिपलिंग जैसे पॉपुलर शो शामिल थे। इसके अलावा, इस साल, टीवीएफ ने सपने वर्सेज एवरीवन, वेरी पारिवारिक, पंचायत सीजन 3, कोटा फैक्ट्री सीजन 3, गुल्लक सीजन 4 और अरेंज्ड कपल जैसे शो के साथ सच में अपना दबदबा बनाया है।

# खलनायक में संजय दत्त की भूमिका निभाना चाहेंगे अभिषेक



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में बालीवुड अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उन्हें 1993 की फिल्म खलनायक के रीमेक में काम करने की इच्छा है, और वह इसमें संजय दत्त की भूमिका निभाना चाहेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं खलनायक करना चाहूंगा और इसमें संजय सर की भूमिका निभाना चाहूंगा। अभिषेक बनर्जी की यह चाहत दशार्ती है कि वे अपने अभिनय करियर में कुछ चुनौतीपूर्ण और यादगार भूमिकाएं निभाना चाहते हैं। बता दें कि यह फिल्म उस दौर की है, जब हीरो और सकारात्मक किरदारों का बोलबाला था। फिल्म स्त्री 2 में उनकी अदाकारी को दर्शकों ने काफी सराहा है, और अभिषेक ने अपने हालिया इंटरव्यू में अपनी पसंदीदा फिल्मों के बारे में बात की। इस फिल्म में संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, और माधुरी दीक्षित मुख्य भूमिकाओं में थे। अभिषेक ने खलनायक के अलावा 1999 की फिल्म ताल को भी अपनी पसंदीदा फिल्मों में रखा, जिसमें अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय बच्चन, और अक्षय खन्ना ने अभिनय किया। उन्होंने कहा, मेरी खलनायक हमेशा से मेरी पसंदीदा रही है। सुभाष घई द्वारा निर्देशित खलनायक एक एक्शन क्राइम फिल्म है, जिसमें सब-इंस्पेक्टर राम और उनकी पुलिस गर्लफ्रेंड गंगा, अपराधी बल्लू को पकड़ने के प्रयास में जुटे हैं। फिल्म का संगीत भी बेहद प्रसिद्ध है, खासकर चोली के पीछे क्या है गाने के लिए, जिसे अलका याग्निक और इला अरुण ने गाया था। इस फिल्म का साउंडट्रैक एल्बम 10 मिलियन से ज्यादा बिक चुका है, और यह उस वर्ष के सबसे ज्यादा बिकने वाले बॉलीवुड साउंडट्रैक में से एक बन गया था। खलनायक 1993 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी। इसे 1995 में तेलुगु में पोकिरी राजा के नाम से फिर से बनाया गया।

# महिलाएं भी सच्ची दोस्त साबित हो सकती है : अनन्या पांडे



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म इंडस्ट्री में अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा, मैं अपने विचारों और अपने मूल्यों के बारे में अब ज्यादा खुलकर बोलने लगी हूं। इससे मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अब मैं अपनी आवाज के माध्यम से वास्तव में बदलाव ला सकती हूं। एक्ट्रेस ने कहा,अगर कोई भी लड़की उनसे प्रेरित होकर अपने आप को स्वीकार करती है, तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सफलता होगी। अनन्या ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने करियर की शुरूआत की और उनका सबसे हालिया काम कॉल मी बे है। उन्होंने अपने अपने साथ काम करने वालों के लिए एक सहायक वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही ग्लैमर की दुनिया में दोस्ती की शक्ति के बारे में विचार रखे। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर महिलाओं को एक-दूसरे के खिलाफ करने का काम करते है। लेकिन सारा अली खान और जान्हवी कपूर के साथ मैंने यह साबित करने की कोशिश की है कि महिलाएं भी एक सच्ची दोस्त साबित हो सकती है। हम खुलकर एक -दूसरे के समर्थन में आगे आकर बात करते है। 2022 में लॉन्च की गई, ह्लमैत्रीः फीमेल फर्स्ट कलेक्टिवह्व एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय मीडिया और मनोरंजन में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाना है। उनकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो अनन्या अगली बार विक्रमादित्य मोटवानी की थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल में नजर आएंगी। अभिनेत्री आगामी स्ट्रीमिंग थ्रिलर में एक कंटेंट क्रिएटर की भूमिका निभाएंगी। यह परियोजना अनन्या की खो गए हम कहां के बाद दूसरी फिल्म है, जो जीवनशैली को प्रभावित करने वाले डिजिटल स्पेस की पड़ताल करती है।

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' 27 सितंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी

जूनियर एनटीआर की 'देवरा' 27 सितंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी। फैंस भी इस फिल्म को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इसी तरह अब फिल्म ने ओवरसीज प्री-बुकिंग में नया रिकॉर्ड बना लिया है। आंकड़ों से हर कोई हैरान है। 'आरआरआर' के बाद दर्शक एक बार फिर जूनियर एनटीआर को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं। जूनियर एनटीआर की 'देवरा' रिलीज होने में महज 3 दिन बचे हैं। सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म को लेकर माहौल बना हुआ है। अब फैंस को बस फिल्म की रिलीज का इंतजार है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर जूनियर एनटीआर के साथ काम कर रही हैं। साथ ही इस फिल्म में एक्टर सैफ अली खान भी हैं। भारत में इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। हालांकि, विदेश में फिल्म 'देवरा' की प्री-बुकिंग तेजी से बढ़ रही है। इस फिल्म की रिलीज से पहले जूनियर एनटीआर ने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। जूनियर एनटीआर पहले भारतीय अभिनेता बन गए हैं। जिनकी फिल्म ने प्री-सेल्स में 2 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है।

**जूनियर एनटीआर का सबसे बड़ा रिकॉर्ड** - जब से जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का ट्रेलर रिलीज हुआ है, फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। फिल्म की एडवांस बुकिंग कुछ दिन पहले ही अमेरिका में शुरू हो चुकी है।

# पुष्पा-2 से तृप्ति डिमरी का आइटम सॉन्ग हुआ रिजेक्ट



अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2ः द रूल' सोशल मीडिया पर सबसे चर्चित फिल्म है। इस फिल्म के पहले पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था। फिल्म में सामंथा प्रभु का आइटम सॉन्ग 'ओ अंतवा मावा..' दर्शकों को काफी पसंद आया था। ऐसे में इस हिट आइटम सॉन्ग के बाद अब दर्शकों को फिल्म के दूसरे पार्ट में भी धमाकेदार आइटम सॉन्ग की उम्मीद है। कुछ दिनों पहले खबरें आई थीं कि तृप्ति डिमरी फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ आइटम सॉन्ग करती नजर आएंगी। कहा जाता है कि उन्होंने इस गाने के लिए ऑडिशन दिया था लेकिन अब कहा जा रहा है कि उसे अस्वीकार कर दिया गया है। रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' में नजर आने के बाद तृप्ति डिमरी कई अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। फिलहाल तृप्ति डिमरी राजकुमार राव के साथ फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आएंगी। तृप्ति ने 'पुष्पा 2ः द रूल' के आइटम सॉन्ग के लिए ऑडिशन दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि मेकर्स ने तृप्ति डिमरी को रिजेक्ट कर दिया है। अभी तक रिजेक्शन की वजह सामने नहीं आई है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म के आइटम सॉन्ग के लिए तृप्ति के साथ जान्हवी कपूर का नाम भी सामने आ रहा था। दर्शक पिछले कई दिनों से फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 'पुष्पा' भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। साथ ही इस फिल्म के गाने भी दर्शकों को खूब पसंद आए। इसलिए, 'पुष्पा 2ः द रूल' में दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते, वे फिल्म के गाने के लिए सही अभिनेत्री की तलाश कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि सामंथा प्रभु फिल्म में कैमियो कर सकती हैं। हालाँकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अल्लू अर्जुन ने फिल्म में अपने किरदार को एक अलग लेवल पर ले गए हैं। इस फिल्म को आकर्षक बनाने के लिए वह काफी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म के पहले पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर 267.55 करोड़ का कलेक्शन किया था। इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।

# 'वॉर-2' की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक और कियारा, सेट से तस्वीरें वायरल



ऋतिक रोशन आगामी फिल्म 'वॉर 2' सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। फिलहाल ऋतिक इटली में फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में सेट पर ऋतिक की कुछ तस्वीरें वायरल हुई। इसमें वह एक्शन सीन शूट करते नजर आ रहे हैं। अब ऋतिक और कियारा आडवाणी का वीडियो भी वायरल हो रहा है। दोनों एक रोमांटिक गाने की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन-कियारा अडवाणी की फ्रेश जोड़ी नजर आएगी। वीडियो में दोनों इटली की सड़कों पर कैजुअल अंदाज में नजर आ रहे हैं। पिंक मिनी ड्रेस में कियारा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वह दौड़ते हुए ऋतिक को गले लगाती नजर आ रही हैं। दोनों हाथ में हाथ डालकर चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह एक रोमांटिक सॉन्ग शूट है। दोनों का वीडियो वायरल हो रहा है। फिल्म में संगीत प्रीतम का है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। इसमें साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। सभी क्रू अगले महीने भारत लौटेंगे। 'वॉर-2' अगले साल 15 अगस्त को रिलीज होगी।

## सूडोकु नवताल- 6925

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6924 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## शब्दजाल - 7672

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | वि | न | र | क |
| ना | य | क | को | ट | वा | जी | रा | इ | रा | ल |
| आ | बे | दे | पू | ह | जी | रम | स | का | म | दि |
| पु | ची | व | श | ट | ज | प | त | पा | ल | र |
| का | त | ई | फा | में | व | खें | जा | भा | ख | ते |
| र | मे | म | दे | ला | बे | टा | न | ई | न | जा |
| ट | जं | न्स | मे | बु | क | ता | या | न | है | ब |
| च | म | न | ए | सं | लं | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | दी | री | ता | न | क्स |
| त | रा | जु | न | ज | बा | त्र | टा | ल | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

शब्दजाल में अनिल कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

ताल, विरासत, राम लखन, तेजाब, बेटा, मन, पुकार, नायक, बेवफा, बुलंदी.

### शब्दजाल - 7671 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | म | मा | यु | वा | प | ना | न | ह | क | रा |
| हा | थि | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | का | ज |
| रो | वी | या | द | अ | ल | त | र | म | ल | टी. |
| ड़ | र | दा | ज | ल | क | न | ओ | र | सु | म |
| र | न | क | ष | ल | म | मी | छ | हो | नो | स्ती |
| प | मी | क्शा | स | जि | स्वा | क | प | म | स | क |
| के | ह | बु | की | टी | म | मी | टे | डि | रू | प |
| न | पू | सु | पा | क | पं. | सौ | ल | ली | र | स |
| कं | प | नी | सू | ह | प | ने | ने | व | जी | त |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | थ |
| म | ह | न | प्या | रे | मो | ह | न | ज | ल | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6625

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 7 | | 2 | |
| | 29 | 4 | 36 | 6 | 29 | |
| 5 | | | | 1 | 6 | 3 |
| | 33 | 6 | 33 | 7 | 32 | |
| 6 | | | 5 | | | 4 |
| | 32 | 5 | 29 | | 34 | 7 |
| 7 | | 2 | | 3 | 1 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6624 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 26 | 7 | 40 | 5 | 32 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 36 | 6 | 32 | 3 | 26 | 2 |
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 4 | 28 | 5 | 28 | 2 | 33 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# बेन स्टोक्स सफेद गेंद से वापसी के लिए तैयार मैकुलम ने इंग्लैंड में नए युग की शुरुआत की

**नई दिल्ली।**
इंग्लिश टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स का कहना है कि अगर ब्रेंडन मैकुलम उन्हें इंग्लैंड की फिर से शुरू की गई व्हाइट-बॉल टीमों के लिए खेलने के लिए वापस आने के लिए कहते हैं, तो निश्चित रूप से उनकी हाँ होगी, हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी तक ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है, क्योंकि उनका ध्यान अगले महीने पाकिस्तान के टेस्ट दौरे की अगुआई करने के लिए समय पर फ़िट होने पर है।

33 वर्षीय स्टोक्स ने 2019 में लॉर्ड्स और 2022 में मेलबर्न में इंग्लैंड की विश्व कप फाइनल जीत में से प्रत्येक में मैच जीतने वाली पारियाँ खेली थीं, लेकिन पिछले साल नवंबर में भारत में एकदिवसीय टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद से उन्होंने व्हाइट-बॉल अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। हालाँकि, अगले प्रमुख आईसीसी इवेंट, चैंपियंस ट्रॉफी के साथ, जो फरवरी में तेज़ी से नज़दीक आ रहा है, इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने हाल ही में स्वीकार किया कि स्टोक्स और जो रूट दोनों पर विचार किया जा रहा है। स्टोक्स ने पहले 2022 में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, क्योंकि उन्हें तेजी से बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में थकान महसूस हो रही थी, जबकि उन्होंने जून में हुए सबसे हालिया टी20 विश्व कप से भी खुद को अलग कर लिया था, ताकि वे अपने लंबे समय से चले आ रहे घुटने के ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट होने पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

अब, हालांकि, टेस्ट टीम में कप्तान-कोच की साझेदारी से मैकुलम के साथ स्टोक्स का रिश्ता अच्छी तरह से स्थापित हो गया है, उन्होंने कहा कि वह क्रॉस-फॉर्मेट वापसी के लिए तैयार हैं, लेकिन केवल तभी जब यह व्हाइट-बॉल टीम के सर्वोत्तम हित में हो, जिसने नई पीढ़ी की ओर रुख करना शुरू कर दिया है, जिनमें इस महीने के नए खिलाड़ी जैकब बेथेल भी शामिल हैं, जिनके बारे में स्टोक्स का मानना है कि वे सुपरस्टार बनने जा रहे हैं। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्टोक्स ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, व्हाइट-बॉल टीम के लिए यह अनुभव करने का एक शानदार अवसर है कि मैकुलम ने टेस्ट टीम में क्या लाया है। उन्होंने कहा, वह एक अविश्वसनीय कोच हैं जो पूरी प्रतिबद्धता के साथ बोलते हैं और यह अच्छी बात है कि अब तीनों टीमें एक ही संदेश और क्रिकेट खेलने के प्रति एक ही दर्शन के साथ खेल रही हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे कॉल आती है और मैकुलम कहते हैं, 'क्या आप आकर खेलना चाहते हैं?' तो जाहिर है, यह निश्चित रूप से हाँ होगा, लेकिन अगर मैं नहीं खेलता हूँ तो मैं बहुत निराश नहीं होने वाला हूँ, क्योंकि मैं बस बैठकर देख सकता हूँ कि बाकी सभी लोग मैदान पर जाकर धमाका कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईओए की कार्यकारी परिषद की बैठक 26 सितंबर को

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद की बैठक गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित आईओए भवन में होगी। बैठक में संगठन में पारदर्शिता और सुशासन के लिए जिस एजेंडे पर चर्चा की जाएगी, उसमें आईओए की लागत से अध्यक्ष के कमरे के उन्नयन के संबंध में पेरिस ओलंपिक में किए गए अनधिकृत खर्च शामिल हैं। इसमें पेरिस ओलंपिक के प्रायोजन विवरण और पेरिस में खेलों में किए गए अतिरिक्त खर्च के साथ-साथ आईओए के प्रतिनिधियों की कथित क्षमता में लोगों को विदेश यात्राओं पर ले जाने और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित अधिकारियों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची पर भी चर्चा होगी। बैठक में जिन अन्य एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी, वे हैं -उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया और निर्वाचित पदों के लिए आईओए के चुनाव में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर चर्चा। अध्यक्ष द्वारा समय-समय पर कार्यकारी समिति के सदस्यों को जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा। संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श। अय्यर और अजय नारंग जैसे कुछ व्यक्तियों और अनधिकृत व्यक्तियों को अवैध रूप से पास जारी करने का मुद्दा। आईओए के नैतिक आयोग को अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट करने की आवश्यकता। आईओए के आधिकारिक पत्राचारों के मीडिया में लीक होने की जांच शुरू करना। पेरिस ओलंपिक में विभिन्न लोगों को जारी किए गए मान्यता पत्रों की सूची को जानकारी में लाना, जिसमें विभिन्न पास और आमंत्रण शामिल हैं। स्की और स्नोबोर्ड की तदर्थ समिति के अवैध निर्माण का मामला और आईओए भवन में अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश।

### कार्लोस अल्काराज ने सत्र के अंतिम एटीपी फाइनल्स में अपना स्थान सुरक्षित किया

**नई दिल्ली।** कार्लोस अल्काराज ने नवंबर में ट्यूरिन में होने वाले सत्र के अंतिम एटीपी फाइनल्स में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, इसी के साथ वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर और दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज़ेवेरेव के साथ इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।



21 वर्षीय अल्काराज ने इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतकर अपने ग्रैंड स्लैम की संख्या चार कर ली है, इससे पहले उन्होंने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। स्पेन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी, जिन्होंने इंडियन वेल्स का खिताब भी जीता है, ने लगातार तीसरे साल सीजन के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य रखेंगे। पेट की चोट के कारण उन्हें 2022 के संस्करण से बाहर होना पड़ा। पिछले साल के उपविजेता सिनर ने मॉन्ट्रियल क्वार्टर फाइनल में अपनी दौड़ के दौरान अगस्त में क्वालीफाई किया, जबकि 2018 और 2021 के चैंपियन ज़ेवरेव ने इस महीने यू.एस. ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाकर अपना स्थान अर्जित किया।

### डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में भाग लेंगी इगा स्विएटेक



**वारसॉ।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक, जो व्यक्तिगत कारणों से सियोल और बीजिंग में टूर्नामेंट से चूक गई थीं, डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में खेलेंगी, टेनिस खिलाड़ी के प्रबंधक ने मंगलवार को पोलिश मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में इसकी पुष्टि की। सितंबर की शुरुआत में, 23 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से 6-2, 6-4 से हार गई थी। फिर उन्होंने सियोल और बीजिंग में टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। स्विएटेक की पीआर और संचार प्रबंधक पाउला वोलेका ने मंगलवार को पोलिश मीडिया को बताया,अगला टूर्नामेंट जिसके लिए इगा ने पंजीकरण कराया है, वह वुहान में होने वाली प्रतियोगिता है। स्पेन के मलागा में बिली जीन किंग कप टूर्नामेंट में स्विएटेक की भागीदारी के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे पहले स्विएटेक ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा था, व्यक्तिगत कारणों से, मुझे बीजिंग में चाइना ओपन से हटना पड़ रहा है। मैं बहुत दुखी हूँ क्योंकि मैंने वहाँ बहुत अच्छा समय बिताया था और पिछले साल जीता था। मैं वहाँ वापस जाने के लिए और इंतज़ार नहीं कर सकती थी।

# भारत-जर्मनी द्विपक्षीय श्रृंखला से दिल्ली में हॉकी की भावना पुनर्जीवित होगी : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।**
भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि यह श्रृंखला राजधानी में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी। दो मैचों की श्रृंखला 23 और 24 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेली जाएगी। यह श्रृंखला एक दशक के बाद राजधानी में पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी को चिह्नित करेगी, जिसका अंतिम मैच जनवरी 2014 में हॉकी विश्व लीग फाइनल - पुरुष राउंड 4 के दौरान खेला गया था।

आगामी श्रृंखला को लेकर हरमनप्रीत ने कहा, इतने सालों के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में बहुत सारे इतिहास और यादें हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की ऊर्जा बेजोड़ है, और मुझे पता है कि प्रशंसक हमारा समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे।

उन्होंने आगे कहा, जर्मनी विश्व हॉकी में शीर्ष टीमों में से एक है, और उनके खिलाफ खेलना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। यह हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आगे आने वाले प्रमुख टूर्नामेंटों के लिए तैयार हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और यह श्रृंखला हमें एक बहुत मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देगी। दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर हरमनप्रीत ने कहा, दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच की मेजबानी किए हुए एक दशक से अधिक समय हो गया है और हम इस खेल को राजधानी में



वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह श्रृंखला केवल दो टीमों के खेलने के बारे में नहीं है; यह दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने के बारे में है। हमें उम्मीद है कि यह क्षेत्र के अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

विशेष रूप से, यह दो मैचों की श्रृंखला न केवल दिल्ली के लिए एक आकर्षण है, बल्कि देश भर में खेल को बढ़ावा देने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है। हाल के वर्षों में, हॉकी इंडिया ने ओडिशा से आगे बढ़कर, जो हॉकी का केंद्र बन गया है, खेल को अन्य शहरों में लाने के लिए अपने प्रयासों का विस्तार किया है। पिछले साल, चेन्नई ने पुरुषों की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की, जबकि रांची ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर दोनों का स्वागत किया।

इस नवंबर में, बिहार का एक शहर राजगीर आगामी महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, जो भारत में हॉकी के बढ़ते पदचिह्न में एक और अध्याय जोड़ेगा। अब, जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी दिल्ली में लौट रही है, तो हॉकी इंडिया यह सुनिश्चित कर रहा है कि खेल विभिन्न क्षेत्रों में भी फलता-फूलता रहे।

## रियल मैड्रिड ने वापसी करते हुए अलावेस को हराया

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड को ला लीगा के सातवें दौर के मैचों में अलावेस के खिलाफ 3-2 से घरेलू जीत हासिल करने के लिए अंतिम समय में संघर्ष करना पड़ा। रियल मैड्रिड की मजबूत शुरूआती लाइन-अप को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि वे एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 3-0 से आगे थे, जिसने अगले सप्ताहांत गेटाफे के खिलाफ खेलने के लिए अपने अधिकांश नियमित खिलाड़ियों को आराम दिया था। लुकास वाज़क्वेज़ ने विनीसियस जूनियर के अच्छे पुलबैक के बाद पहले मिनट में ही मैड्रिड को आगे कर दिया और किलियन एमबाप्पे के पांच मैचों में पांचवें गोल ने हाफटाइम से पांच मिनट पहले बढ़त को दोगुना कर दिया। रोड्रिगो ने अंतिम परिणाम के बारे में किसी भी तरह की शंका को समाप्त कर दिया, जब उन्होंने दूसरे हाफ में तीन मिनट के भीतर दाईं ओर से कट करके कम शॉट के साथ गोल किया। इसके बाद दोनों टीमों ने पोस्ट पर शॉट मारा,



जिसके बाद 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ ने मेहमान टीम के लिए सांत्वना गोल किया, लेकिन जब एक मिनट बाद किके गार्सिया ने स्कोर 3-2 कर दिया, तो मैड्रिड को अचानक खेल के अंत में मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जिसमें उनके प्रतिद्वंद्वी दो मौकों पर बराबरी के करीब पहुंच गए। चिडेरा एजुके ने मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले गोल करके सेविला को वलाडोलिड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से महत्वपूर्ण जीत दिलाई, जहां उन्हें अपनी जीत के लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। नाइजीरियाई स्ट्राइकर ने पोस्ट के करीब से शॉट लगाकर मैच का फैसला किया। सेविला ने पहले हाफ के आखिरी मिनट में बढ़त हासिल की, जिसमें कोई भी टीम वास्तव में लक्ष्य पर शॉट नहीं लगा पाई, इसके बाद डोडी ल्यूकेबाकियो का शॉट डेविड टोरेस की गेंद पर वलाडोलिड के गोल में जाकर लगा। सेविला ने पहले 45 मिनट में दबदबा बनाए रखा, जिसमें उसने अपने एक प्रतिद्वंद्वी को 13 शॉट दिए, जिससे दोनों टीमों के आक्रमण में प्रभावशीलता की कमी उजागर हुई।

# ईसीबी महिला घरेलू खिलाड़ियों को 2025 से मूल वेतन समानता प्रदान करेगा




**लंदन।**
इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने लैंगिक समानता की दिशा में एक और कदम उठाया है, जिसके तहत 2025 से घरेलू क्रिकेट में न्यूनतम शुरुआती वेतन पुरुषों और महिलाओं के पेशेवर खेलों में समान कर दिया जाएगा।

यह कदम, जो नई महिला काउंटी प्रतियोगिता के पहले सत्र के साथ मेल खाएगा और सीनियर प्रो स्तर पर उन खिलाड़ियों के लिए लागू होगा, जिन्होंने खुद को पहली टीमों में स्थापित किया है। यह घोषणा जून 2023 में क्रिकेट में समानता के लिए स्वतंत्र आयोग (आईसीईसी) की रिपोर्ट के मद्देनजर की गई है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स में महिला क्रिकेट के वेतन ढांचे में मौलिक बदलाव की बात कही गई थी। रिपोर्ट में पाया गया कि इंग्लैंड की महिलाओं का औसत वेतन उनके पुरुष समकक्षों का 20.6 प्रतिशत था (हालाँकि ईसीबी ने उस आँकड़ों को 30 प्रतिशत के करीब माना था), और 2029 तक घरेलू स्तर पर और 2030 तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वेतन को समान करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

हालाँकि ईसीबी ने खेल में पूर्ण समानता प्राप्त करने के लिए रिपोर्ट की समय-सीमा पर जोर दिया, लेकिन न्यूनतम वेतन के लिए उनकी प्रतिबद्धता क्रिकेट को करियर विकल्प के रूप में मानने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर की समानता प्रदान करने की आवश्यकता को दर्शाती है। रिपोर्ट के प्रकाशन के समय, पुरुष प्रथम श्रेणी के काउंटी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम वेतन 27,500 पाउंड के आसपास था। महिला पेशेवर खेल की निदेशक बेथ बैरेट-वाइल्ड ने कहा, हमारे पुरुष और महिला पेशेवर घरेलू खेल में शुरुआती वेतन को समान करना इंग्लैंड और वेल्स में महिला क्रिकेट के लिए एक और सकारात्मक कदम है। पिछले नौ महीनों में हमने महिला घरेलू क्रिकेट की संरचना में जो बदलाव किए हैं, वे एक टिकाऊ और व्यवहार्य उत्पाद बनाने के बारे में हैं जो मैदान के बाहर आकर्षक हो, साथ ही मैदान पर भी गुणवत्तापूर्ण हो।

इसके हिस्से के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि हमारे खिलाड़ियों को उचित पारिश्रमिक दिया जाए, और क्रिकेट को महिलाओं के लिए न केवल एक व्यवहार्य कैरियर विकल्प के रूप में देखा जाए, बल्कि एक आकर्षक विकल्प के रूप में भी देखा जाए। उन्होंने कहा, हम जो भी निर्णय लेते हैं, वह क्रिकेट को युवा लड़कियों के लिए लड़कों की तरह ही आकर्षक खेल बनाने के बारे में होता है। हम जानते हैं कि हमें इस क्षेत्र में अभी भी बहुत काम करना है।

लेकिन हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, और आज की खबर खेल में लैंगिक समानता की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण आधारशिला है।

# वुगर गाशिमोव मेमोरियल 2024: अरविंद चिदंबरम ने ली विदित गुजराती की जगह





**नई दिल्ली।**
अजरबैजान में 25 से 30 सितंबर तक होने वाले 10वें वुगर गाशिमोव मेमोरियल शतरंज सुपर टूर्नामेंट में विदित गुजराती की जगह अरविंद चिदंबरम को शामिल किया जाएगा।

विदित पिछले साल हमवतन अर्जुन एरिगैसी से बेहतर प्रदर्शन करने के बाद गत विजेता हैं, उनकेर 22 अंक थे, जबकि अर्जुन के 21.5 अंक थे। वे भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे, जिसमें डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानंद और अर्जुन शामिल थे, जिसने ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण जीता था।

चेसबेस इंडिया के अनुसार, 29 वर्षीय यह खिलाड़ी बाकू पहुंचे, लेकिन फिर उन्हें भारत वापस जाना पड़ा क्योंकि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना था। अरविंद गशिमोव टूर्नामेंट के इस संस्करण में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय होंगे, जिसमें रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों में खेलने वाले 10 खिलाड़ी शामिल होंगे।

यह टूर्नामेंट अज़रबैजान के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी, यूरोपीय चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर वुगर गशिमोव की याद में खेला जाता है। इसका आयोजन वुगर गशिमोव फाउंडेशन, युवा और खेल मंत्रालय और अज़रबैजान शतरंज संघ द्वारा किया जाता है।

# राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए दर्ज हुई रिकॉर्ड भागीदारी

**रामेश्वरम।**
पाल्कबे एसयूपी चैलेंज, राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग चैंपियनशिप, ने 120 से अधिक पंजीकरण के साथ एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो इस इवेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी है।

राष्ट्रीय एसयूपी चैंपियनशिप का आयोजन 28 और 29 सितंबर को पाल्कबे, रामेश्वरम के सुंदर पिरप्पनवलसी बीच पर किया जाएगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 9 राज्यों से 120 से अधिक एथलीट्स स्प्रिंट (200 मीटर), टेक्निकल (4 किलोमीटर) और डिस्टेंस (12 किलोमीटर) श्रेणियों में, पुरुष, महिला, ग्रोम्स (-16), डिफेंस और ओपन पांच डिवीजनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस इवेंट का आयोजन क्वेस्ट एकेडमी द्वारा सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जाएगा जिसे तमिलनाडु सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा समर्थित किया गया है, जो तमिलनाडु स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी (एसडीएटी) से संबंधित है।

तमिलनाडु के मौजूदा चैंपियन सेकर पचाई, जिन्होंने पुरुषों की श्रेणी में टेक्निकल और डिस्टेंस खिताब जीते थे, और मोनिका पुगझरासु, जिन्होंने स्प्रिंट और डिस्टेंस खिताब जीते थे, अपने खिताब की रक्षा के लिए वापसी करेंगे। मौजूदा स्प्रिंट चैंपियन एम मणिकंदन, सेकर के अन्य दो खिताबों



को चुनौती देने की कोशिश करेंगे, जबकि पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन तन्वी जगदीश अपने खिताब को मोनिका से वापस जीतना चाहेंगी। अन्य होनहार स्टैंड-अप पैडलर्स, मुथु कुट्टी, अजित गोविंद और राजा पांडियन पुरुषों की श्रेणी में जबकि आनंदी आरती, यामिनी कन्नन और विजयलक्ष्मी इरुलप्पन महिलाओं की श्रेणी में कड़ी प्रतिस्पर्धा देंगे, साथ ही नए स्टैंड-अप पैडलर्स भी चुनौती पेश करेंगे। ग्रोम्स (-16) श्रेणी में अकाश पुजार, कालिदास और मुथुकुमार पे सभी की नज़रे होंगी।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, अरुण वासु ने कहा, सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग भारत को वैश्विक मंच पर, विशेषकर ओलंपिक में, पदक हासिल करने का एक रास्ता प्रदान करते हैं। उन्होंने मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में भारत की हालिया सफलता का भी उल्लेख करते हुए कहा, मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में हमारे एथलीटों के प्रदर्शन के चलते हमने आगामी एशियाई खेलों के लिए दो स्थान सुरक्षित किए हैं।

# पीवी सिंधु के सलाहकार कोच बने दक्षिण कोरिया के ली ह्यून इल

**नई दिल्ली।**
दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु दक्षिण कोरिया के महान खिलाड़ी ली ह्युन इल को अंतरिम आधार पर अपना सलाहकार कोच बनाएंगी।

यह कदम हाल ही में सिंधु के अंतरिम कोच के रूप में अनूप श्रीधर की नियुक्ति के बाद उठाया गया है। दोनों दिसंबर 2024 तक सिंधु की कोचिंग टीम में रहेंगे। उस समय तक स्थायी कोचिंग टीम पर निर्णय होने की उम्मीद है। सिंधु के अक्टूबर में फिनलैंड ओपन और डेनमार्क ओपन में प्रतिस्पर्धी कार्रवाई में लौटने की उम्मीद है। पूर्व विश्व नंबर 1 और प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के दौरान सिंधु के साथी ह्यून इल, विशाल अंतरराष्ट्रीय अनुभव और सावधानीपूर्वक तैयारी के लिए प्रतिष्ठा लेकर आए हैं। वह 2006 की विश्व चैंपियनशिप में एकल में कांस्य पदक विजेता हैं और उनके नाम 2002 और 2014 में दो एशियाई खेलों के टीम स्वर्ण पदक हैं। श्रीधर के साथ उनके शामिल होने का उद्देश्य एक गतिशील कोचिंग जोड़ी बनाना था, जिसमें अनुभव, सामरिक सटीकता और खेल के गहन ज्ञान का मिश्रण हो। दोनों कोच सिंधु की तैयारी में मदद करेंगे क्योंकि वह ओलंपिक के बाद के अभियान की शुरुआत कर रही हैं और आगामी यूरोपीय सर्किट के लिए अपने खेल को बेहतर बनाना चाहती हैं।

सिंधु ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण अवधि में अनूप और ली ह्यून इल को अपनी टीम में शामिल करके रोमांचित हूं। भारतीय बैडमिंटन के बारे में अनूप की समझ और उनके रणनीतिक




दृष्टिकोण ने मुझे हमेशा प्रभावित किया है और मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। सिंधु ने कहा, ली को उनकी सावधानीपूर्वक तैयारी और शानदार अनुभव के साथ शामिल करना एक सम्मान की बात है। मैंने हमेशा उनके विवरण पर ध्यान देने का सम्मान किया है और मैं इन अगले कुछ महीनों के दौरान उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं।

सिंधु की कोचिंग टीम में शामिल होने पर, ह्यून इल ने कहा, पीवी सिंधु के साथ काम करना एक आसान निर्णय था। पीबीएल में हमारी पिछली साझेदारी ने उनके दृढ़ संकल्प और असाधारण प्रतिभा को उजागर किया। मैं आगामी टूर्नामेंटों में उनके विकास और सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं।

नई कोचिंग टीम नियुक्त करने का निर्णय कोच अगुस द्वी सैंटोसो का भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद लिया गया। अपनी यात्रा करने वाली टीम को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता को समझते हुए, सिंधु एक ऐसे कोच की तलाश कर रही हैं जो उनके साथ सक्रिय रूप से अभ्यास कर सके और उनके दैनिक प्रशिक्षण में योगदान दे सके।

सिंधु ने अपनी बैडमिंटन यात्रा में सैंटोसो के योगदान को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा, मैं कोच अगुस की ओलंपिक के लिए मुझे तैयार करने में किए गए सभी प्रयासों के लिए वास्तव में उनकी सराहना करती हूँ। उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने मुझे चोट से उबरने और प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह सिर्फ एक कोच से कहीं बढ़कर बन गए; वह एक दोस्त और मार्गदर्शक बन गए। मुझे उनके साथ सुबह-सुबह के प्रशिक्षण सत्र याद आएंगे और मैं हमेशा उनका सम्मान करूंगी।

मुझे वह विशिष्ट इंडोनेशियाई ऊर्जा भी बहुत याद आएगी जिसने तीन घंटे के प्रशिक्षण सत्रों को और अधिक मजेदार बना दिया, साथ ही मैचों के बाद हमारी बातचीत भी। कोई भी एथलीट जो उनके साथ काम करता है, वह भाग्यशाली होगा कि उसे ऐसा समर्पित कोच मिला।


सत्यमेव जयते
Government of Assam
जनेताक चबकाक
my GOV मेरी सरकार
The Assam Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2024
Exams with Integrity, Recruits with Excellence
"Today, Assam stands out as a state where every government employee can proudly declare that he is a product of meritocracy. He/she did not receive any undue favours or assistance to get government job. His/her education, knowledge and talent alone made him capable to secure his position"
Dr Himanta Biswa Sarma
Chief Minister, Assam
Malpractice in Public Examinations can now lead to Severe Penalties
Government of Assam's comprehensive law to prevent malpractices and ensure clean and fair recruitment in public examinations
The Act aims to
Ensure transparency in public examinations for recruitment under the State Government, autonomous bodies, or authorities, boards, or corporations
Prohibit the use of unfair means, such as leaking, possessing, selling, solving or opening question papers before and assisting during public examinations
Promise fairness in conducting public examination systems
Prevent the spread of confidential information related to question papers
Violations
Unauthorized access to question papers/OMR sheets
Giving confidential information related to question papers
Divulging or causing to be divulged any information pertaining to the public examinations except where permitted by duty
Access to examination premises by unauthorized person
Use of any place other than the examination center for holding public examinations
Indulging in unfair means/organised crime in conspiracy with the public examinations
Penalties: Cognizable, Non-bailable and Non-compoundable
Examinee
Examinees found indulging in unfair means: imprisonment up to 3 years and a fine of at least ₹1 lakh (defaulting on payment may lead to 9 months imprisonment)- Section 10(1)
Conspiracy and unfair means: imprisonment up to 10 years and a fine up to ₹10 crore- Section 10(2)
Examinees found engaging in unfair means will be debarred from appearing future public examinations for a period of 2 years - Section 11
Person Entitled to Conduct Exams
Conspiracy and unfair means: imprisonment up to 10 years and a fine up to ₹10 crore - Section 10(2)
Those connected to organized crime in conspiracy with examination authorities will face recovery of wrongful gains through attachment and sale of assets/property- Section 12
Management
Management found guilty will be liable for all examination-related costs and expenditures, determined by a special court, and will be banned forever- Section 13
It is for information of all concerned including all candidates appearing in the Assam Direct Recruitment Examination 2024
Using unfair means or violating exam rules can lead to imprisonment (up to 10 years) and hefty fines (up to ₹10 crore) under the Assam Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2024
Be cautious and avoid any violation to prevent severe penalties
-- Janasanyog /D/6451/24/26-Sep-24
Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam
Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in